धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार

27.11.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 135



12 नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं अभिनेत्री कृति सेनन

पांकी में भाजपा

विजयी भव:

की दूसरी जीत



आभार पांकी



पांकी विधानसभा चुनाव में भाजपा के

डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता

की ऐतिहासिक जीत पर सभी देवतुल्य मतदाताओं का आभार

देवतुल्य जनता, ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, मार्गदर्शक नेतृत्व का आत्मीय साधुवाद आभार व अभिनंदन।

एक सच्चाई यह भी.....

झारखंड में कुर्मी एवं कुशवाहा को महतो के रूप में जाना जाता है। कुर्मी महतो- महतो, मियां एवं मांझी का समीकरण बनाकर झामुमो एवं झारखंड के क्षेत्रीय दलों के साथ अपना जुड़ाव रखते चले आ रहे हैं। जबकि कुशवाहा महतो (कुशवाहा, दांगी, मौर्य और सैनी) सदैव भाजपा के साथ थे, हैं और रहेंगे। जिसका प्रतिफल प्रत्येक लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में देखने को मिला है। चंद्रगुप्त मौर्य के वंशज कुशवाहा महतो को मौर्यवंशी क्षत्रीय होने का गौरव प्राप्त है। जबकि कुर्मी महतो आदिवासी होने को संघर्षरत हैं। परंतु कुशवाहा महतो को आदिवासियों का हक लेना कबूल नहीं है। झारखंड में कुशवाहा महतो का आबादी 13.2% है। जो 15 विधानसभा में बहुलता के साथ एवं अन्य कई विधानसभाओं में निर्णायक भूमिका में हैं। भाजपा नेतृत्व को साधुवाद जिन्होंने कुशवाहा महतो की आबादी एवं जनभावना को ध्यान में रखते हुए झारखंड से दो विधानसभा सीट, पांकी एवं गाण्डेय से कुशवाहा को प्रत्याशी बनाया।

पांकी विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार डॉ0 कुशवाहा शशिभूषण मेहता की शानदार जीत हुई। गाण्डेय से कुछ मतों से भाजपा प्रत्याशी पीछे रह गईं। कुशवाहा समाज उन सभी मतदाताओं का आभारी हैं जिन्होंने अपना एक-एक बहुमूल्य वोट देकर भाजपा को जिताने में अहम भूमिका निभाई। पार्टी नेतृत्व से आग्रह है कि कुशवाहा समाज को पार्टी में और भी अधिक जवाबदेही मिले।

निवेदक : सैनी, मौर्य, दांगी एवं कुशवाहा समाज (झारखंड प्रदेश)

# झारखंड को बंगाल बनाने की भूल नहीं करे झामुमो : रविंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र राय ने कहा है कि बहरागोड़ा के झामुमो विधायक के भतीजे और भाजपा अराजकता फैला रहे हैं। डॉ राय मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव को बहुत ही सहज ढंग से लेती है। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस के समर्थक चुनाव परिणाम आने के बाद अहंकार में चूर हो गये हैं और लोकतंत्र को कलंकित करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों से भाजपा समर्थकों को अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र बरहेट में भाजपा के प्रत्याशी ने अच्छे ढंग से चुनाव लड़ा। करीब 60 हजार से अधिक वोट भी प्राप्त किया। वहां कई मुस्लिम परिवार के लोगों ने भाजपा के पक्ष में काम किया, झंडा बांधा। अब भाजपा समर्थकों के घरों में हमले किये जा रहे हैं। अराजकता पैदा करने की कोशिश हर जगह हो रही है। इसके मद्देनजर बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को बरहेट का दौरा किया। इस तरह की घटना पाकुड़ में भी घटी है। राजमहल विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं को भयभीत करने और सामाजिक उत्पीड़न देने का काम किया जा रहा है। बहरागोड़ा क्षेत्र में झामुमो समर्थक पिछले तीन दिनों से लगातार चाकुलिया में उत्पात मचा रहे हैं। भाजपा सांसद के कहने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि बहरागोड़ा के नवनिर्वाचित विधायक समीर मोहंती का भतीजा राकेश मोहंती और ओड़िशा में रहने वाला उनका भांजा अविनाश पटनायक जगह-जगह पर अपने साथ आपराधिक तत्वों को लेकर उपद्रव कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन चुनाव की गणना के बाद जब निकली, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अभद्र शब्द का प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि झारखंड को बंगाल बनाने की भूल झामुमो नहीं करे।

उन्होंने मुख्य सचिव और डीजीपी से मांग की कि चुनाव से जुड़े मामलों पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। इस विषय पर कड़े निर्देश दिये जाने चाहिये। अब तो विकास के कार्य को बाधित करने के लिए जगह-जगह नक्सली भी अपना करतूत दिखाने लगे हैं। लातेहार में कई डंपर और मशीन को उन्होंने आग हवाले कर दिया। अलग-अलग जगह पर इस तरह की घटनाएं बढ़ गई है। बालू उठाने के नाम पर पूर्वी सिंहभूम में दो लोगों की हत्या कर दी गयी। सत्ता का परिवर्तन सहज और स्वाभाविक तरीके से होना चाहिये। स्वाभाविक प्रकृति को तोड़ने का काम करने पर इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से झामुमो और कांग्रेस की होगी। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक और रमाकांत महतो भी मौजूद थे।

## सरकार गठन के बाद झारखंड में विकास की रफ्तार होगी तेज

# वित्त विभाग ने 11 दिसंबर तक सभी विभागों से मांगा बजट का प्राक्कलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नयी सरकार के गठन के साथ ही विकास की गाड़ी तेज दौड़ने लगेगी। झारखंड में थमा विकास की रफ्तार को भी गति मिलेगी। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। वित्त विभाग ने सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव और विभागाध्यक्ष को पत्र लिखकर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए स्थापना व्यय बजट का प्राकलन वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा है। विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र भूषण ने जारी पत्र में कहा है कि विभाग अपने बजट का प्राकलन 11 दिसंबर तक वेबसाइट पर अपलोड कर दें।

### समावेशी विकास का होगा बजट



वित्त विभाग ने यह भी कहा है कि संसाधन सीमित है। इस कारण सीमित संसाधनों को ध्यान में रखते हुए राज्य के सतत और समावेशी विकास के लिए आगामी वित वर्ष 2025-26 का बजट तैयार किया जाना है। बजट प्रस्ताव के गठन में राज्य सरकार की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखे जाने की आवश्यकता है। जीवन और आजीविका की सुरक्षा और विकास को ध्यान कर बजट तैयार किया जाएगा। पिछले वर्षों में शुरू की गयी योजनाओं के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सम्यक प्रयास किए जायें। इस तथ्य का ध्यान रखा जाना आवश्यक है कि जिन योजनाओं ने अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है, उनके स्थान पर वर्तमान समय में प्रासंगिक योजनाएं प्रस्तावित की जाये। जिनसे अधिकतम जनकल्याण का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। समाज के अंतिम कगार पर बैठे व्यक्ति का अधिकतम कल्याण संभव हो सके। बजट प्रस्ताव गठित करते समय मितव्ययिता के सिद्धांत को भी ध्यान में रखा जाए। व्यय का प्रस्ताव एफआरबीएम एक्ट में दी गई सीमाओं के अंतगर्त ही दिए जाएं। इसके अलावा सेंट्रल और स्टेट स्कीम का पूरा ब्योरा दिया जाए।

### राजस्व प्राप्तियों में इन तथ्यों को किया जाये शामिल

राजस्व प्राप्तियों में राज्य के स्व-कर से इनकम जैसे ट्रांसपोर्ट, लैंड रेवेन्यू, राज्य उत्पाद कर को शामिल किया जाये। गैर-कर-आय जैसे- रॉयल्टी, सार्वजनिक उपक्रमों से अर्जित लाभांश, सरकारी उधारों पर ब्याज और अन्य स्रोतों से विभागों की आय को शामिल किया जाए। इसके अलावा कर और शुल्क तथा अधिभारों की वर्तमान दर। पिछले तीन वर्षों में प्राप्ति की वास्तविक स्थिति एवं वित्त वर्ष 2024-25 में प्राप्तियों की वृद्धि दर की प्रवृत्ति, पूर्व के वर्षों का बकाया और वित्त वर्ष 2025-26 में उसकी वसूली को शामिल किया जाये।

### स्थापना व्यय में इन तथ्यों को किया जाये शामिल

स्थापना व्यय में वेतन, मजदूरी, देशीय यात्रा व्यय, विदेश यात्रा व्यय, कार्यालय व्यय, आपूर्ति एवं सामग्री, मुद्रण, प्रकाशन, विज्ञापन, प्रशिक्षण व्यय, मोटर गाड़ी ईंधन, मरम्मत, अनुरक्षण, मरम्मति और सुसज्जीकरण, राशन की लागत वर्दी, संविदा व्यय, व्यवसायिक सेवा, किराया दरें एवं कर, पेंशन संबंधी प्रभार, पुरस्कार, मोटरगाड़ी, विद्युत व्यय, ऋण/ब्याज का भुगतान को भी शामिल किया जाए। वित्त विभाग ने विभागों से राजस्व प्राप्तियों का ब्योरा देने के लिए नौ दिसंबर तक की तिथि निर्धारित की है। स्थापना व्यय का ब्योरा देने के लिए 11 दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। वहीं सामान्य बजट के लिए 16 जनवरी 2025 ।

## पशु चिकित्सकों की रिटायरमेंट की उम्र 60 से बढ़ाकर 65

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एलोपैथिक चिकित्सकों की तर्ज पर राज्य के पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों को भी डायनामिक एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन (डीएसीपी) का लाभ देने और उनकी सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का आदेश दिया है। इस संबंध में राज्य सरकार के पशुपालन विभाग में वर्ष 1980 से पशु चिकित्सक के रूप में कार्यरत रतन दुबे और अन्य पांच लोगों ने याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया था कि झारखंड गठन के बाद एलोपैथिक चिकित्सकों को डीएसीपी का लाभ मिलना शुरू हुआ था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद आयुष चिकित्सकों को भी वर्ष 2009 से डीएसीपी का लाभ मिल रहा था और आयुष चिकित्सकों को एलोपैथिक चिकित्सकों की तरह सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 से बढ़ाकर 65 की गयी थी, लेकिन झारखंड सरकार के पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों को यह दोनों लाभ नहीं मिल रहा।

## लोकतंत्र के रक्षकों पर हमला कर रहे झामुमो-कांग्रेस के गुंडे : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मंगलवार को बरहेट के दौरे पर थे। उन्होंने बरहेट के भाजपा प्रत्याशी गामालियन हेंब्रम के समर्थन में वोट करने वाले ईमाम मिर्जा सहित अन्य से मुलाकात की तथा उनके घर पर झामुमो कांग्रेस के गुंडों के द्वारा हुए पथराव की जानकारी ली। उन्होंने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा कि भारत का संविधान लोकतंत्र का सुरक्षा कवच है लेकिन, कांग्रेस और झामुमो सत्ता के अहंकार में लोकतंत्र के रखवालों पर हमला कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इमाम मिर्जा के घर पर इसलिए पथराव किया गया कि उसने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में वोट किया। उन्होंने कहा कि झारखंड लव जिहाद, लैंड जिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। ऐसी ही घटना ग्राम मोहम्मदपुर, जिला साहिबगंज में सामने आई है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम आते ही झामुमो पार्टी के गुंडे भाजपा समर्थित कार्यकताओं और वोटरों को पीट रहे हैं। गांव से बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को जन सरोकार से कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक अधिकारों और संविधान की रक्षा केलिये संकल्पित है।

## सुदेश अब खुद हुए बेरोजगार, केला रह गया अकेला : सुप्रियो भट्टाचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झामुमो ने आजसू पर तंज कसा है। झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आजसू सुप्रीमो अब खुद बेरोजगार हो गए हैं। केला अब अकेला रह गया है। सुदेश महतो झारखंड में रोजगार देने वाली सरकार बनाने की बात कर रहे थे। अब मांडू के विधायक ने उन्हें रोजगार का ऑफर दिया है, जो स्वागत योग्य है। सुप्रियो मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सुप्रियो ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी को फ्रंट में लाने की वकालत की है। उन्होंने कहा कि सुदेश महतो ने चंद्रप्रकाश को तवज्जो नहीं दी।


### AFFIDAVIT

in The Court of Executive Magistrate, ranchi
Series No. 23-24/01 27059
I. Laxmi Bhagat W/O Priti Nandan Bhagat R/O 58, Kusum vihar Morabadi, Road no.9, Bariyatu, Kanke Road, Ranchi, do hereby solemnly affirm as under :-
1. That I am an Indian citizen & residing at above address.
2. That Kanishk Bhagat is my son, whose date of birth is 11/12/2006 according to his Birth certificate & Matriculation certificate.
3. That in the adhar Card no. 7802 9880 9386 of my son his name is written as Kanishka Bhagat.
4. That this affidavit is made for correction of my son's name from lanishka Bhagat to Kanishk Bhagat in the Aadhar card of my son from concerned authority.
5. That the statements made above are true and correct, if found wrong I am liable for the same.
Sworn and signed at Ranchi on 29/10/2024.
**737**
**29-10-2024**
**EN. NO-248/09**



### कोर्ट नोटिस

श्री चन्द्र भानु कुमार पी०ओ० कामर्शियल कोर्ट, रांची।
ब-अदालत
कॉमर्शियल वाद संख्या 165/2022
कैनरा बैंक रांची ब्रांच रांची .... वादी
बनाम
मेसर्स ओस्कार सेल्स एवं अन्य .... प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. मेसर्स ओस्कार सेल्स, प्रोपराइटर: सुनील कुमार पिता स्व० शिवनन्दन सिंह पता कमल निकेतन, अमरूद बगान, रातु रोड, मालती साहु के नजदीक, पो०-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची-834005
2. सुनील कुमार, पिता-स्व० शिवनन्दन सिंह, प्रोपराईटर मेसर्स ओस्कार सेल्स, निवासी पता कमल निकेतन, अमरूद बगान, रातु रोड, मालती साहु के नजदीक, पो०-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला-रांची-834005
3. श्री रविकांत पिता स्व० किशोरी सिंह निवासी अमरूद बगान, रिलांयस फ्रेश के नजदीक, रातु रोड, पो०-हेहल, थाना-सुखदेवनगर, जिला रांची- 834005
बजरिये इस नोटिस के द्वारा आप सभी को सूचित किया जाता है कि आवेदक वादी ने आपलोगों के विरूद्ध मेरे न्यायालय मे उपरोक्त वाद दायर किया है। न्यायालय से पंजीकृत डाक एवं नजारत द्वारा नोटिस जारी किया गया लेकिन आपलोग मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित नहीं हुए।
अतः न्यायालय के आदेश से इस प्रकाशन नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप सभी को उपस्थित हेतु दिनांक 10.01.2025, 10.30 को बजे सुबह दिन में निर्धारित किया गया है, आपलोग स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अगर उक्त तिथि को आपलोग उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमा की सुनवाई एकपक्षीय कर दी जायेगी, इसे ताकिद जाने। यह प्रकाशन नोटिस न्यायालय की सील, मुहर एंव मेरे हस्ताक्षर से निर्गत किया जा रहा है।
दिनांक- 26-11-24
स्थान- Ranchi
पी०ओ० कामर्शियल कोर्ट, रांची।


## हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज : रवींद्र राय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि संविधान सभी देशवासियों को समान अधिकार एवं समान अवसर देता है। उन्होंने कहा कि संविधान सभी को मौलिक अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराम आंबेडकर ने संविधान को देश की आत्मा बताई थी। भारतीय संविधान ने एक नये भारत के निर्माण की आधारशिला रखी है। आज हमारा देश एक विकसित, सशक्त और स्वाभिमानी भारत के निर्माण के मजबूत संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। संविधान दिवस के इस पवित्र अवसर पर मैं बाबा साहेब अंबेडकर समेत उन सभी महान विभूतियों को नमन करता हूं। जिन्होंने भारतीय संविधान की रचना में अपना योगदान दिया है। इस अवसर पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा बाबा अंबेडकर साहब ने कहा था कि हमारा संविधान एक ऐसा दस्तावेज होना चाहिये, जो न केवल हमारी देश की स्वतंत्रता और समानता की रक्षा करें बल्कि देश के लोगों को एक साथ लाने में मदद करें।

उन्होंने कहा कि देश के लोकतंत्र की शक्ति हमारा संविधान ही है। जो हर व्यक्ति के लिये न्याय और समान अधिकार सुनिश्चित कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का मंत्र देता है। हमारा विश्वास है कि संविधान सिर्फ मंचों पर दिखाने की एक पुस्तक नहीं। बल्कि पूर्ण श्रद्धा से आत्मसात कर सार्वजनिक जीवन में अपना सर्वोच्च योगदान देने की कुंजी है।

कार्यक्रम में राकेश प्रसाद, अविनेश कुमार, सीमा पासवान, रामचंद्र नायक, हेमंत दास, जोगेंद्र लाल, शोभा यादव, खुदा राम, कमलेश राम, सुबोधकांत, राजीव राज लाल, संदीप कुमार, युवराज पासवान, कर्नल वीके सिंह, गोविंदा बाल्मिकी सहित अन्य उपस्थित थे।

## 14 दिसंबर तक फ्री में होगा आधार अपडेट

### 14 दिसंबर के बाद अपडेट कराने को देने होंगे 50 रुपये


खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भारतीय नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण पहचान दस्तावेज, आधार कार्ड को फ्री में अपडेट कराने की आखिरी तारीख नजदीक आ रही है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने आधार अपडेट की मुफ्त प्रक्रिया को 14 दिसंबर तक सीमित कर दिया है यानि, अगर आप 14 दिसंबर 2024 तक अपने आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराते हैं, तो आपको इसके लिए 50 रुपये का भुगतान करना होगा। यूआईडीएआई ने विशेष रूप से उन नागरिकों से अपील की है, जिनका आधार कार्ड 10 साल से अधिक पुराना है, 14 दिसंबर तक वे इसे मुफ्त में अपडेट करवा सकते हैं। अगर आपके आधार में कोई जानकारी गलत है या आपको अपना पता अपडेट करना है, तो इस समय सीमा का लाभ उठाकर आप इसे बिना किसी अतिरिक्त खर्च के सही करा सकते हैं। आधार भारत के नागरिकों के लिए एक यूनिक पहचान नंबर है, जो 12 अंकों का होता है। यह नंबर किसी भी व्यक्ति के बायोमेट्रिक डेटा (जैसे कि अंगूठे के निशान, आंखों की पुतली) से जुड़ा होता है, जिससे आधार कार्ड का डुप्लिकेट बनाना असंभव होता है। आधार कार्ड को अपडेट करना महत्वपूर्ण है, खासकर तब जब आपके आधार कार्ड पर दी गई जानकारी में कोई बदलाव हो या आपका पता बदल गया हो। इसके अलावा, अगर आपका आधार 10 साल पुराना हो चुका है, तो इसे अपडेट करना जरूरी होता है। आधार सेंटर या सामुदायिक सेवा केंद्र पर जाकर यह सेवा प्राप्त की जा सकती है।

# 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक छाए रहेंगे आंशिक बादल

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया है कि दो दिसंबर तक मौसम का मिजाज कुछ इसी तरह रहेगा। वहीं 27 नवंबर की सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा या धुंध के बाद आंशिक बादल छा जाएंगे। मौसम शुष्क रहेगा। 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में हेमंत सोरेन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाना है। इस दिन सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे।

रांची और इसके आस-पास के मौसम की बात करें तो सुबह में कोहरा या धुंध और उसके बाद आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के मुताबिक दो दिसंबर तक ऐसा ही मौसम रह सकता है।

**पिछले 24 घंटे में शुष्क रहा झारखंड का मौसम :** झारखंड में पिछले 24 घंटे में मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में रिकॉर्ड किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस गढ़वा केवीके में दर्ज किया गया।

# विधानसभा चुनाव में हार से सदमे में है भाजपा, इंडी गठबंधन पर लगा रहा गलत आरोप : सोनाल शांति

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एव कार्यकारी अध्यक्ष रविन्द्र राय के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि भाजपा के नेता अभी तक सदमे से बाहर नहीं आए हैं। जनता द्वारा नकारे जाने के बाद अपने हार के कारणों को ढूंढने की बजाय महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को उन्मादी बता रहे हैं। भाजपा के रविंद्र राय द्वारा महागठबंधन के कार्यकर्ताओं को जामताड़ा बरहेट, पाकुड़, राजमहल, बहरागोड़ा आदि क्षेत्रों में अभद्रता का दोषी ठहराये जाने पर कहा कि पूरे देश में उन्माद का वातावरण बनाने वाली भाजपा, आरएसएस को हर व्यक्ति उन्मादी नजर आता है। हकीकत यह है कि भाजपा समाज में विषाक्त वातावरण बनाने के लिए माहौल और मौके की तलाश में रहती है।

सोनाल शांति ने कहा है कि आलाकमान के सामने अपने नेतृत्व में हुई हार का रुख मोड़ने के लिए बाबूलाल मरांडी बरहेट का दौरा कर रहे हैं और भाजपा की असफलता को दबाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि रविंद्र राय कहते हैं कि जहां अल्पसंख्यक समुदाय की संख्या अधिक होती है, वहां अत्याचार होते हैं। दूसरी ओर कहते हैं कि बरहेट में भाजपा की अल्पसंख्यक समर्थकों पर हमले हुए। ऐसी दोहरी बातें भाजपा के नेता ही कर सकते हैं जिनके सामने कोई मुद्दे ही नहीं बचे। भाजपा नकारात्मक राजनीति को छोड़कर झारखंड के विकास के लिए सकारात्मक विचार रखते हुए कार्य करे।

सोनाल शांति ने कहा है कि सांप्रदायिक राजनीति करने वाले लोग आज हम पर सांप्रदायिकता का आरोप लगा रहे हैं, जबकि भाजपा की पूरी राजनीति की धुरी का आधार यही है। भाजपा नेताओं को सलाह है कि बदहवासी के आलम से बाहर निकलकर हकीकत का सामना करें। उन्होंने कहा है कि महागठबंधन ने हमेशा से सामाजिक एकता को बनाए रखने में अपनी भूमिका अदा की है। इसी सोच के साथ हमने पांच वर्षों तक जनता की सेवा की, जिसका फलाफल हमें जनता ने दोबारा सत्ता मे लाकर दे दिया है।

## झारखंड विधानसभा 2024 में मोदी और योगी के अराजक नारे पर राजनीतिक विश्लेषण

# चुनाव में सिर्फ वोट पाने के लिए भाजपा ने दिया बंटेंगे तो कटेंगे का नारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में नारा दिया कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बटेंगे तो कटेंगे। इन महानुभावों के विचारों से मुझे लगा कि यह किसी दार्शनिक के नारे हो सकते हैं क्या। मैंने इन नारों के पीछे चिंतन- मनन शुरू किया, खोजबीन की लेकिन पता चला कि यह नारा किसी दार्शनिक का नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी का स्वरचित नारा है। उल्लेखनीय है कि दार्शनिक तो विद्वान होते हैं, उनके कहे हुए बातों को दुनिया अनुसरण करती है। अब सवाल है कि नरेंद्र मोदी और योगी से जनता जानना चाहती है कि आखिर यह नारा किसके लिए है, उन्हें स्पष्ट करना चाहिए। यह मेरा शोध का विषय बना और मेरे शोध से परिणाम निकला कि यह नारा तो सिर्फ हिंदू वोट प्राप्त करने के लिए है जो निश्चित रूप से इस लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्षता वादी देश में उन्मादी और अराजकता पैदा करने वाली है। देश के राष्ट्रवाद को कुठाराघात करती है।

झारखंड में इंडिया गठबंधन जिसमें झामुमो/कांग्रेस /राजद/ सीपीआईएमएल, दूसरी ओर एनडीए गठबंधन में भाजपा/ आजसू/ जदयू और तीसरा 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' का मुकाबला था। चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में आया। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा 34 सीट लाकर जयपाल सिंह की झारखंड पार्टी द्वारा 1952 के चुनाव में प्राप्त 34 सीट के इतिहास को दोहराया। इंडिया गठबंधन को कुल 56 सीटें मिलीं। भाजपा और उसके सहयोगी 24 सीट लेकर दूसरे पंक्ति में खड़े रहे। पहली बार एक नई पार्टी 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' का सुप्रीमो जयराम महतो चुनाव जीत गए और उनकी पार्टी की उपस्थिति झारखंड में दमदार रही, भले ही उनके प्रत्याशी हार गए हों।

झारखंड में तीन तरह के लोग निवास करते हैं- आदिवासी, मूलवासी और प्रवासी। इस चुनाव में दो विचारधारा सामने आया। पहला-आदिवासी मूलवासी ने पूर्ण रूप से भाजपा गठबंधन से दूरी बनाया, और दूसरा है- मूलवासी वैश्य समाज एवं शहरी प्रवासी भाजपा के साथ रहे। यह स्पष्ट तस्वीर इस चुनाव में देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि झारखंड में भाजपा आदिवासियों को अपने पक्ष में लाने के लिए सफल नहीं हुई। आदिवासी जनता इसका कारण बताते हैं कि एक गैर झारखंडी पृष्ठभूमि वाला व्यक्ति पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंडी अस्मिता के खिलाफ काम किया और सीएनटी/एसपीटी एक्ट को समाप्त करने के लिए विधानसभा में बिल पारित किया था लेकिन झारखंड की तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू नहीं होती तो शायद यह कानून नहीं बचता। आदिवासी कहते हैं कि यह हमारे बिरसा मुंडा और सिद्धू-कान्हू पर हमला था क्योंकि उनके संघर्ष की बदौलत ही सीएनटी-एसपीटी एक्ट बना था, जिससे हमारी जमीन की सुरक्षा हो पाई। इसके अलावा और भी कई कारण बताते हैं। कुड़मी कहते हैं कि 2014 में रघुवर दास जैसे ही मुख्यमंत्री बने उन्होंने केंद्र सरकार के जनजातीय मंत्रालय में कुड़मी के लंबित एसटी मामले को वापस ले लिया। पूर्व जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा का कुड़मी को एसटी बनाने वाला विरोधी बयान भी मंडराता रहा।

झारखंड प्रदेश में 24 साल के बाद भी भाजपा का झारखंडीकरण नहीं हो सका। झारखंडी अस्मिता पर भाजपा का कोई स्पष्ट फॉमूर्ला नहीं बना। भाजपा का नेतृत्व प्रवासियों (जो दूसरे प्रदेशों से आए हुए लोग हैं) के हाथ में आज भी चल रहा है जिसे आदिवासी-मूलवासी मानने को तैयार नहीं है। इस चुनाव में झारखंडी अस्मिता, नियोजन नीति, स्थानीयता और भाषा- संस्कृति का मुद्दा गौण रहा। झारखंड के सभी दल मूल मुद्दे से दूर रहे। कल्पना सोरेन और जयराम महतो स्टार प्रचारक रहे जिसके चुनावी सभा में लोगों की भीड़ उमड़ती रही। भाजपा नारा किसी काम के नहीं आया।

**शैलेंद्र महतो**
**पूर्व सांसद**
**नोट : लेखक के ये अपने विचार हैं**

## 2.87 करोड़ भुगतान नहीं करने पर झारखंड खनिज विकास निगम का एकाउंट फ्रीज

**रांची।** रांची सब जज चंद्रभानु कुमार के निर्देश पर लगभग 2.87 (दो करोड़, 86 लाख, 92 हजार 365 रुपये) करोड़ भुगतान नहीं करने पर मंगलवार को झारखंड खनिज विकास निगम का एकाउंट को फ्रीज कर दिया। नाजिर जिशान इकबाल की टीम ने नेपाल हाउस स्थित एसबीआइ में जाकर निगम के उक्त खाता को फ्रीज कराया। मामले में एनकोन बिल्डर ने केस जीत लिया था, उसके बाद अदालत में आवेदन दिया था। आवेदन पर कार्रवाई करते हुए केस के आरोपी झारखंड खनिज विकास निगम के एकाउंट को फ्रीज कर दिया। मामला 1992 का है। एनकोन बिल्डर को निगम द्वारा मिट्टी हटाने के लिए निकाले गये टेंडर की राशि 47 लाख रुपये बकाया था, उसी राशि की भुगतान के लिए एनकोन बिल्डर ने सिविल कोर्ट में मुकदमा किया था।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
27.11.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 135

दिल्ली जाने के क्रम में एयरपोर्ट पर हेमंत को बधाई देती बच्ची नव्या

## न्यूज डायरी

### संविधान हमारा आधार, मान सम्मान और स्वाभिमान : हेमंत

**रांची।** संविधान दिवस पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि संविधान हमारा आधार है, संविधान हमारा विधान है और संविधान हमारा मान और स्वाभिमान है। संविधान दिवस के शुभ अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं और जोहार।

### शिंदे ने महाराष्ट्र सीएम पद से दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नयी सरकार के गठन को की कवायद जारी है। मंगलवार को सीएम एकनाथ शिंदे ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी उनके साथ थे। वहीं सीएम पद को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### संविधान के संस्कृत व मैथिली संस्करण का विमोचन

**नयी दिल्ली।** संविधान दिवस पर संविधान सदन में आयोजित विशेष कार्यक्रम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का विमोचन किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति इस मौके पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया।

### 26/11 के शहीदों को देश ने किया सलाम

**नयी दिल्ली।** 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की 16वीं बरसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत तमाम नेताओं और पूरे देश ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी है। उनकी वीरता को सलाम किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, एक कृतज्ञ राष्ट्र अपने उन बहादुर सुरक्षाकर्मियों को सलाम करता है।

### लातेहार में मुठभेड़, दो नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता कर सोमवार की रात हुई मुठभेड़ की घटना की विस्तृत जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने दो उग्रवादियों को धर दबोचा। अन्य उग्रवादी रात में अंधेरे का लाभ उठा कर भागने में सफल रहे।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 91000 रु./प्रति किलो |




## कल चौथी बार झारखंड की बागडोर संभालेंगे हेमंत सोरेन, तमाम बड़े नेता आमंत्रित

# दिल्ली जा कर मोदी, खड़गे, राहुल को दिया न्योता

### भावी मंत्रियों में कई नाम शामिल, अंतिम फैसला आज की बैठक में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी कल्पना सोरेन के साथ दिल्ली जा कर पीएम मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को अपने शपथग्रहण समारोह में आने का न्यौता दिया। कई नेताओं ने इसमारोह में आने की सहमति दे दी है। हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में 28 नवंबर को पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे।

ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में होनेवाले शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। 28 नवंबर की शाम करीब चार बजे उन्हें राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। कई राज्यों के सीएम सहित इंडिया गठबंधन के 20 बड़े नेताओं के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में आने की स्वीकृति दी है।



### पीएम मोदी से हर संभव मदद का दिया भरोसा

**नयी दिल्ली** जा कर हेमंत सोरेन ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उनके साथ कल्पना सोरेन भी थीं। हेमंत सोरेन ने पीएम मोदी 28 नवंबर को रांची में अबुआ सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने उन्हें शुभकामना दी और हर संभव मदद का केंद्र सरकार की ओर से भरोसा दिया।

समारोह में मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव सहित कई नेता मौजूद रहेंगे।

### खड़गे, राहुल, ममता समेत कई राज्यों के सीएम आयेंगे

मंगलवार को दिल्ली पहुंचे हेमंत सोरेन ने मल्लिकार्जुन खडगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा से भेंट की। सबों को 28 नवंबर को रांची में नयी सरकार के लिए आयोजित होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित ड्डी किया।



सभी नेताओं ने हेमंत सोरेन को फिर से राज्य में इंडी गठबंधन की सरकार बनाने के लिए बधाई दी और निमंत्रण स्वीकार किया। साथ ही उम्मीद जताई कि राज्य और तेजी से आगे बढ़ेगा। इसके अलावा अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल, लालू प्रसाद यादव सहित इंडिया गठबंधन के कई नेताओं को आमंत्रित किया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने के लिए विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री खासकर तेलंगाना, तमिलनाडु, पंजाब, मेघालय के मुख्यमंत्री को भी आमंत्रित किया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

## हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक : मोदी

# भारत का संकल्प, आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देंगे : पीएम

### 26/ 11 मुंबई हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि

### देश की सुरक्षा से कोई समझौता कदापि नहीं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** संविधान दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने आंतकवाद को लेकर भारत का सख्त रुख पूरी दुनिया के सामने रखा है। उन्होंने कहा, 'मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा।' उन्होंने कहा, 'भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक असीम गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं।' उन्होंने कहा,



'हमारा संविधान, हमारे वर्तमान और हमारे भविष्य का मार्गदर्शक है। पीएम मोदी ने कहा, बीते 75 वर्षों में देश के सामने जो भी चुनौतियां आयीं, हमारे संविधान ने हर उस चुनौती का समाधान करने के लिए उचित मार्ग दिखाया है। संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहब का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है। (शेष पेज 11 पर)

### हमारा संविधान लोकतंत्र की आधारशिला : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान सदन में भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक डाक जारी किया। संविधान दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संविधान सबको उनका हक देता है, ये हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। संसद भवन में आयोजित विशेष समारोह में राष्ट्रपति ने कहा आज अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ साथ हमारा देश विश्वबंधु की भूमिका भी निभा रहा है। हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणतंत्र की सुदृढ़ आधारशिला है। हमारा संविधान जीवंत और प्रगतिशील ग्रंथ है। राष्ट्रपति ने मंगलवार संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। (पेज 12 भी देखें)

### फरवरी में होगी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा

**रांची।** झारखंड में स्टेट बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा फरवरी में होगी। जैक की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इसी सप्ताह से आवेदन भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी। दिसंबर तक आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। जानकारी के अनुसार, 8वीं, 9वीं और 11वीं की परीक्षा के लिए भी ऑनलाइन आवेदन भरे जायेंगे। वहीं नये शैक्षणिक सत्र अप्रैल 2025 से शुरू किये जाने की संभावना है

## जीते तो ईवीएम ठीक और हार गये तो खराब ...

### बैलेट पेपर से चुनाव कराने की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें याचिकाकर्ता ने अर्जी दाखिल कर कहा था कि देश में वोटिंग बैलेट के जरिये कराया जाये। जस्टिस विक्रम नाथ ने जनहित याचिका खारिज करते समय तीखी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि जब आप चुनाव जीतते हैं, तो इवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती। वहीं जब आप हारते हैं, तो इवीएम में छेड़छाड़ का आरोप



लगाया जाता है। याचिकाकर्ता ने पीआईएल दाखिल कर कहा था कि चुनाव आयोग को यह भी निर्देश दिया जाये कि वह उन कैंडिडेंट्स को अयोग्य घोषित करे जिसे चुनाव के दौरान शराब बांटने और अन्य प्रलोभन देने का दोषी पाया जाता है। याचिका में बैलेट से मतदान कराये जाने के अलावा कई अन्य दिशा-निर्देश दिए जाने का भी अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में याचिका खारिज करते हुए कहा कि अगर आप चुनाव जीतते हैं तो इवीएम सही रहती है। हारने पर ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया जाता है। अदालत ने कहा कि मामले में याचिकाकर्ता कोई पॉलिटिकल पार्टी नहीं था।

## एससी, एसटी व ओबीसी के विकास में मोदी बाधक : राहुल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** संविधान दिवस के मौके पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरएसएस और पीएम मोदी पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने दोनों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्गों के सामने खड़ी दीवार को मजबूत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार के समय इस दीवार को कमजोर करने का काम जितनी मजबूती से होना था, वो नहीं हो पाया। 'संविधान रक्षक अभियान' कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस



चाहे कुछ भी कर लें, देश में जाति जनगणना और आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा तोड़ने का काम होकर रहेगा। उन्होंने दावा किया कि इस बात की गारंटी है कि पीएम मोदी ने संविधान को नहीं पढ़ा है, क्योंकि यदि उन्होंने पढ़ा होता तो वह वो काम नहीं करते जो रोजाना करते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया कि एनडीए सरकार में आम लोगों की जेब से पैसा निकालकर कुछ उद्योगपतियों को दिया जा रहा है।

### वीरेंद्र राम व अन्य की डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** टेंडर घोटाला के जरिये करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीए संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर आलम एवं वीरेंद्र राम की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो गई है। सोमवार को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका खारिज होने के बाद अब इस केस का ट्रायल जारी रहेगा।

### राज्यसभा की छह सीटों के उपचुनाव 20 को

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने राज्य सभा की छह रिक्त सीटों के लिये उपचुनाव 20 दिसंबर को कराने की घोषणा कर दी। अधिसूचना तीन दिसंबर को जारी की जायेगी।

# देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में एक झारखंड का भी

## अमित शाह 29 को निमियाघाट थाना प्रभारी को करेंगे सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में झारखंड का भी एक थाना शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वर्ष 2024 के लिए देश के तीन सर्वश्रेष्ठ थानों में झारखंड के गिरिडीह जिले के निमियाघाट थाने का चयन किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 नवंबर को भुवनेश्वर के कन्वेंशन सेंटर लोक सेवा भवन में निमियाघाट के थाना प्रभारी को ट्रॉफी देकर सम्मानित करेंगे। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने निमियाघाट के थाना प्रभारी को 28 नवंबर को कार्यक्रम स्थल पर रिहर्सल के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक गृह मंत्रालय की टीम हर साल देश के विभिन्न राज्यों में थानों का निरीक्षण करती है। निरीक्षण के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसके बाद सर्वश्रेष्ठ थाने का चयन किया जाता है।




**क्या है चयन की प्रकिया :** सर्वश्रेष्ठ थानों का चयन के लिए देखा जाता है कि आम लोगों के साथ पुलिस का व्यवहार, बाथरूम की साफ-सफाई, अतिरिक्त सुविधाओं में जैसे थाने में पेंट्री की सुविधा, पुलिसकर्मियों के फिट रहने के लिए थाने में उपलब्ध सुविधाएं, दिव्यांग के लिए रैंप की सुविधा, थाने में शिकायत करने आनेवालों के साथ पुलिस का व्यवहार, थाना परिसर में अनुसंधानक (आईओ) के लिए अलग से कमरे की व्यवस्था, थाना परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था, फायर सेफ्टी की सुविधा, सीसीटीवी कैमरा, कैंटीन की व्यवस्था, हाजत की सुविधाओं सहित कई बिंदुओं पर निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाती है। इसी के आधार पर सर्वश्रेष्ठ थाने का चयन किया जाता है।



## स्पीड न्यूज

### नागरिक सहायता केंद्र में जागरूकता बैठक



**पाटन पलामू।** पंचायत पचकेडिया ग्राम कंचनपुर के घोरीघाट मंदिर के प्रांगण में सभी गांव से लाभुक लोगों ने जागरूकता बैठक में शामिल होकर अपनी बातें रखी। मनरेगा से संबंधित एक दिवसीय सम्मेलन नागरिक सहायता केंद्र पलामू से जागरूकता बैठक की गयी। जिसमें मंईया सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, पेंशन, दीदी बाड़ी, अबुआ आवास, मनरेगा से संबंधित कई कामों पर चर्चा हुई। संचालक जिला समन्वयक राजदेव वर्मा और प्रदीप कुमार संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू से और नागरिक सहायता केंद्र के कार्यकर्ता, बिंदु देवी, ज्यादा खातून, पचकेडिया मुखिया बसंती देवी, वार्ड सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका एवं अन्य सदस्या उपस्थित रहे।

### भाजपा नेत्री संध्या से मिले नवनिर्वाचित विधायक, विकास में मांगी भागीदारी



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर के राजद विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने दरियादिली दिखाते हुए एक स्वस्छ राजनीति का नमूना पेश किया। विजय जुलूस के दौरान श्री सिंह डाला गांव से गुजर रहे थे इसी बीच वे भाजपा नेत्री संध्या सिंह के घर पहुंच गये। उन्होंने श्रीमती सिंह से क्षेत्र के विकास में सहयोग की अपील की। कहा कि चुनाव खत्म हुआ, अब राजनीतिक तल्खियां भी खत्म होनी चाहिए। विस क्षेत्र के विकास हेतु सभी लोग अपना सुझाव दें। सही सुझावों पर अमल होगा।

### हार-जीत सामान्य प्रक्रिया, आगे जनता की लड़ाई लड़ता ही रहूंगा : शिवपूजन




**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद से बसपा प्रत्याशी सह हुसैनाबाद के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूज मेहता ने विस क्षेत्र की जनता का आभार जताया है। कहा कि लोकतंत्र में हार-जीत सामान्य है, लेकिन आपका स्नेह और समर्थन मेरे लिए सबसे बड़ी जीत है। मैं आपकी सेवा के लिए कल भी था, आज भी हूं और आगे भी रहूंगा। गरीबों के लिए लड़ाई लड़ता हूं आगे भी लड़ता रहूंगा। प्राप्त मद के लिए आपके आशीर्वाद और विश्वास के लिए हृदय से आभार है।

### मशहूर नालवादक शिशिर शुक्ला को मातृशोक, शोक संवेदनाओं का तांता



**मेदिनीनगर।** मशहूर नाल वादक सह पलामू जिला कला मंच के जिलाध्यक्ष शिशिर शुक्ला की माता शीला देवी (85) का निधन हो गया। वह अपने पीछे दो पुत्र, दो पुत्री समेत नाती-पोता से भरा परिवार छोड़ गयीं। मंगलवार को दाह संस्कार दुर्गावती नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। कनिष्ठ पुत्र शिशिर शुक्ला ने मुखाग्नि दी। खबर सुनते ही आसपास गांव समेत जिला के कई गणमान्य उनके पाल्हे स्थित आवास पहुंच पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित की व गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इधर दाह संस्कार में काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में मना संविधान दिवस




**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में पूरे जोश व उत्साह के साथ संविधान दिवस मना। भारत के संविधान की थीम पर विशेष सभा की गयी। सरस्वती वंदना और स्कूल गीत की सामान्य दिनचर्या के बाद ग्यारहवीं कक्षा की प्रतीक्षा प्रभात और खुशी पांडे ने संविधान दिवस पर भाषण दिया। उन्होंने इस दिन और संविधान के निर्माण और अपनाने के महत्व को दोहराया। मानविकी की छात्रा पलक सहाय ने सभा में एक खुली प्रश्नोत्तरी आयोजित की जिसमें संविधान से संबंधित प्रश्न पूछे गये। वे उन सवालों के जवाब देने के लिए बहुत उत्सुक और खुश थे। राजनीति विज्ञान की शिक्षिका सुश्री तनुश्री ने बताया कि संविधान दिवस मनाने का सबसे सरल और शक्तिशाली तरीकों में से एक भारतीय संविधान की प्रस्तावना को पढ़ना है। प्रस्तावना न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के आदर्शों को समाहित करती है। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान ही हमें काम करने की स्वतंत्रता और अनुशासन देता है।

### एके सिंह कॉलेज में सेमिनार आयोजित



**हुसैनाबाद पलामू।** एके सिंह कॉलेज, जपला में संविधान दिवस (26 नवंबर) पर प्राचार्य सूर्यमणि सिंह की अध्यक्षता में एक सेमिनार लगाया गया। मंच संचालन जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर सह खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राहुल सिंह ने किया। विभिन्न विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने संविधान पर अपने विचार व्यक्त किये। विद्यार्थियों में दिव्या कुमारी, पुष्पा कुमारी, प्रीति कुमारी, रिंकी कुमारी, उर्मिला कुमारी, राकेश चौधरी, अंकित चौधरी ने भी विचार दिये। आलोक ने बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर को संविधान के वर्तमान प्रारूप के लिए श्रेय दिया और बहुजन समाज के लिए हितकारक होने के कारण कृतज्ञता व्यक्त की।

### संविधान लोकतंत्र की रीढ़ : डॉ खान



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी में भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में डीएवी झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमके डीएवी डालटेनगंज डॉ जीएन खान ने 2000 बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करवाया। प्रार्थना सभा की संपूर्ण गतिविधियों संविधान दिवस पर आधारित थी। छठी की छात्रा शान्वी ने मैं संविधान हूं कविता का ओजपूर्ण वाचन किया। विद्यार्थियों ने संविधान आधारित सवाल पूछे वहीं इस पर भाषण भी दिया।

# युवाओं के आदर्श से ही बेहतर समाज के निर्माण की उम्मीद : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** युवाओं को आदर्श के रुप में स्वयं को प्रस्तुत करने से ही बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उक्त बातें मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सामाजिक कार्यकर्ता सौरव तिवारी के आवास पर नवदंपति को बधाई देते हुए कही। मालूम हो कि गत दिनों सौरव तिवारी ने अपनी विधवा भाभी नेहा तिवारी से विवाह कर समाज में बेहतर संदेश देने का प्रयास किया था। श्री तिवारी ने अपने बड़े भाई के आकस्मिक निधन हो जाने पर अपने परिवार और शुभचिंतकों के सलाह पर यह कदम उठाया जिसकी चहुंओर सराहना हो रही है।

श्रीमती शंकर को इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी के फेसबुक पोस्ट से हुई तो उन्होंने तत्काल नवीन तिवारी से बात कर इसकी पूरी जानकारी ली। उस समय वो महाकाल का दर्शन करने उज्जैन गयी हुई थी, वहां से लौटने के बाद मंगलवार को नवदंपति को बधाई



नवदंपत्ती को आशीर्वाद देने पहुंचीं प्रथम महापौर।

देने रेड़मा स्थित सौरव तिवारी के आवास पर पहुंचीं। श्रीमती शंकर नवदंपति के स्वर्णीम भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी मातृ भूमिका में सदैव ख्याल रखने के प्रति आश्वस्त किया। श्रीमती शंकर के साथ सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी, सुनील गुप्ता, आशीष अदम्य, शशांक दुबे एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# क्षेत्र के विकास में भुइयां समाज की सहभागिता महत्वपूर्ण : शशिभूषण

- पांकी से दूसरी बार विधायक बनने पर डॉ शशिभूषण का भुइयां समाज ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता



**पांकी पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से विधायक के दूसरे बार चुनाव जीतने पर भुइयां समाज ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर फूल माला, बुके, और तस्वीर भेंट कर अपनी खुशी और समर्थन व्यक्त किया। विधायक ने सभी का आभार प्रकट करते हुए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। भुइयां समाज के लोगों ने कहा कि कुशवाहा शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में पांकी विधानसभा समेत भुइयां समाज का सर्वांगीण विकास होगा। श्री मेहता से जनता को काफी उम्मीद है। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में भुइयां समाज की सहभागिता महत्वपूर्ण है। पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझपर प्यार, सम्मान व विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि जनता के एक एक वोट के बदले विकास कार्य कर दिखायेंगे। उन्होंने कहा कि भुइयां समाज को मान सम्मान देने समेत सभी जगहों पर बेहतर करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भुइयां समाज एकजुट हो गया है। इनके हक व अधिकारों को कोई नहीं छिन सकता है। इनके रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। पांकी विधानसभा क्षेत्र से दुसरे बार जीत पर आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पांकी प्रखंड के लोहरसी मंडल में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया।

### शशिभूषण मेहता की जीत पर कई जगहों पर निकला विजय जुलूस

# पांकी विस क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करेंगे : विधायक

खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम ओरिया में विभिन्न जगहों पर विजय जुलूस निकाला गया। मौके पर भाजपा के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने विधायक श्री मेहता को फुल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ता एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर और बम पड़ाका फोड़कर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ता शशिभूषण मेहता के पक्ष में



लोगों को संबोधित करते पांकी विधायक व उपस्थित अन्य।

नारा लगाकर जोरदार स्वागत किया एवं सभी मतदाताओं को आभार व्यक्त किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पांच वर्ष में किये गये विकास कार्यों से संतुष्ट होकर पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने मुझे दोबारा विधायक चुना है। हम पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में अधुरे कार्यों को हर हाल में पूरा करेंगे। कहा कि जनता की भावना, विश्वास व आकांक्षा को टूटने नहीं देंगे। पांकी विस क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना व जनता का समस्या समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की जनता के एक एक वोट का कीमत विकास कार्य कर चुकाउंगा। क्षेत्र की महिलाओं, किसानों, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जनता को बधाई दी है। जुलूस में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, विरेन्द्र मेहता, सुनील कुशवाहा, मनातू विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, संतोष वर्मा, दिलीप चौधरी, रंजित मेहता, बंगाली मेहता, नागेंद्र मेहता, सच्चितानंद गुरुजी भी थे।

# हार-जीत राजनीति का हिस्सा, जनता की सेवा करता रहूंगा : कमलेश सिंह

- कमलेश कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक
- हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता का आभार व्यक्त किया

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते कमलेश कुमार सिंह।

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में कार्यकताओं के साथ बैठक की। बैठक में कार्यकताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। भाजपा नेता कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की तमाम देवतुल्य जनता के वह आभारी हैं। उन्होंने गत चुनाव में जीत से भी अधिक मत दिया। उन्होंने कहा कि हार जीत राजनीति का एक हिस्सा है। उनसे जरूर कुछ कमी हुई होगी। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता ने उन्हें दो बार अपना प्रतिनिधि चुन कर उन्हें जो मान सम्मान दिया है उसे वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में भी जनता ने उन्हें सम्मान दिया। वोट कम या ज्यादा अलग बात है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज की जनता उनके परिवार की तरह है। वह उनके सुख दुःख में हमेशा साथ हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा उनके लिए खड़े मिलेंगे। जनता की सेवा में निरंतर लगे हैं और लगे रहेंगे। उन्होंने जनादेश का सम्मान करते हुए मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के साथ वह हमेशा हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार ने चुनाव में राज कोष का दुरपयोग किया है। वोटिंग से एक दिन पहले योजनाओं की राशि लाभुको के खाते में भेज कर उन्हें बरगलाने का काम किया।

# संविधान भारत की शासन व्यवस्था की आत्मा है : प्राचार्य डॉ सुरेंद्र पांडेय

- जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में संविधान दिवस पर कार्यक्रम एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी जयप्रकाश राम के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति में मालार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके शुरुआत की गयी। इसमें प्राचार्य डॉ सुरेंद्र पांडेय, बीबीए के सहायक अध्यापक करण थापा, इतिहास विभाग के सहायक अध्यापक रवि रोशन मिंज ने बच्चों को संविधान के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य ने बच्चों को बताया कि संविधान भारत के शासन व्यवस्था



की आत्मा है। हमारे अधिकारों, कर्तव्यों, न्यायपालिका विधायिका कार्यपालिका की क्रियाकलापों को विस्तार से समझाया। करण थापा ने बच्चों से कहा कि अपने संविधान के प्रति आस्था को बनाते हुए आम जनता को इसके बारे में विस्तृत से बताएं ताकि वह भारत को एक मजबूत लोकतंत्र बना सके।

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का करूंगा प्रयास: नरेश प्रसाद सिंह

- बिश्रामपुर क्षेत्र में निकला राजद का विजय जुलूस, जमकर आतिशबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर से राजद के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह का मंगलवार को विजय जुलूस निकला। विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बाजार चौक से विजय जुलूस की शुरुआत हुई। नगर भ्रमण के बाद जुलूस रेहला शहर पहुंचा, जहां डंडीला कला चौक पर श्री सिंह का जोरदार स्वागत हुआ। इस बीच थाना चौक पर स्थापित गांधी प्रतिमा पर उन्होंने माल्यार्पण किया। श्री सिंह ने कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और सभी योजनाओं का लाभ वास्तविक



जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। जुलूस में ऋतुराज मिश्रा, रमेश चौबे, राजद नगर अध्यक्ष सिराजुदीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र यादव, अनिल ठाकुर, संजय उपाध्याय, सरयू चौहान, नासिर अंसारी, इम्तियाज अहमद, संजय मेहता, दिनेश मेहता, फिरोज खान, नयाजुदीन अंसारी, सोनू खलीफा, रामप्यारी यादव, संतोष राम, अजय राम, नागेंद्र चौबे थे।

### कांग्रेसियों ने ली संविधान रक्षा की शपथ



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के स्थानीय कांग्रेस भवन में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर कांग्रेसियों ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर फूल माला अर्पण कर संविधान रक्षा की शपथ ली। मौके पर शमीम अहमद राईन, राजेंद्र अग्रवाल, जितेंद्र कमलापुरी, अनिल सिंह, सुधीर सिंह समेत वरिष्ठ कांग्रेसी उपस्थित थे। मौके पर संविधान के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। सभी को अपने संविधान की जानकारी होनी चाहिए।

### झारखंड में भाजपा कार्यकर्ताओं को जहां तरजीह नहीं मिली, वहां चुनाव हारी भाजपा : निरंजन

**पाटन पलामू।** 26 वर्षों से संगठन में कार्य करने वाले कार्यकर्ता निरंजन पासवान ने कहा कि जहां-जहां कार्यकर्ता एवं जनता के भावना के विपरीत टिकट दिया गया वहां हार हुई है। छतरपुर विस में तो पुष्पा देवी एवं उनके पति मनोज भुइयां के अहंकार की हार हुई। इन दोनों की कार्यशैली से क्षुब्ध हमने 13 कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी के साथ 27 अक्तूबर को किशुनपुर काली मंदिर में बैठक कर सामूहिक इस्तीफा दिया था, तो पूर्व सांसद हमलोग को बधाई दिये थे। अहंकार मनोज भुईयां बधाई न देकर हमलोग का मान मनव्वल कर इस्तीफा वापसी का प्रयास करते तो उनकी हार नहीं होती। जैसा किये वैसा पाये। इस्तीफा देने वाले पदाधिकारी क्या 700 वोट भी मैनेज नहीं कर पाते?

### व्यवहार न्यायालय में मना संविधान दिवस



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष नीरज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संविधान दिवस पर मंगलवार को व्यवहार न्यायालय परिसर में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर सामूहिक रूप से संविधान का पाठ किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित संविधान दिवस पर काफी संख्या में न्यायिक पदाधिकारी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मियों ने सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया। मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश संजीव दास, डीजे प्र विनोद सिंह, अभिमन्यु कुमार, अखिलेश कुमार, राज कुमार मिश्रा, प्रतीक चतुर्वेदी, स्वेता ढींगरा, आयशा खान, आभाष कुमार, आनंद सिंह, संदीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अर्पित श्रीवास्तव, परमानंद उपाध्याय, रीतू कुजूर, रोजलिना बारा, प्रज्ञेष निगम, अधिवक्ता संतोष पांडेय, वीर विक्रम वक्स राय, पुष्कर राज, उत्तम कुमार, नीतू सिंह आदि उपस्थित थे।

### संविधान दिवस पर समाहरणालय परिसर में प्रस्तावना का सामूहिक पाठ



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर संविधान दिवस मनाया गया। समाहरणालय परिसर में छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता व जिला कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में अन्य कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान सभी ने मौलिक कर्तव्य का निष्ठा से वहन करने पर बल दिया। छत्तरपुर भूमि उप समाहर्ता सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि आज का दिन राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। आज के दिन ही संविधान को अंगीकृत किया गया था।

### मेदिनीनगर में महाराज जरासंध जयंती आज

**रामगढ़ पलामू।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू जिला शाखा की ओर से 27 नवंबर को 12:30 बजे मेदिनीनगर के टाऊन हाल में भारत के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट महाराज जरासंध की 5227वीं जयंती धूमधाम से मनायी जायेगी। मौके पर एक शोभा यात्रा शहर में रखी गयी है। जिलाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद व जरासंध पूजा समिति के अध्यक्ष सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश चंद्रवंशी रहेंगे।

### तरहसी : दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दो घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** थाना क्षेत्र के शाहद और बेदानी के बीच विशुनपुरा गांव में दो बाइक के बीच सोमवार रात जोरदार टक्कर हो गयी। जिसमें एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी, जबकि उसकी पत्नी और सास गंभीर रूप से जख्मी हैं। दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों को भी चोट आयी है। सभी का प्राथमिक उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। वहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेज दिया गया है। मृतक की पहचान वीरेंद्र राम (35), पिता केदार राम दीपउवा पाटन के रूप में हुई है, जबकि जख्मी में उसकी पत्नी किरण देवी और सास प्रतिमा देवी के अलावा उपेंद्र रजक एवं उदय रजक शामिल हैं। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र राम अपनी पत्नी और सास को लेकर डालटनगंज से जगतपुरवा मोड़ की तरफ से जा रहे थे। इसी क्रम में बेदनी मोड़ की ओर से उपेंद्र रजक दूसरी बाइक से आ रहा था।

### सपा प्रत्याशी अंजू सिंह ने देवतुल्य जनता के प्रति जताया आभार

# क्या हार में, क्या जीत में...

>> जनहित के मुद्दों पर जारी रहेगा संघर्ष

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर पलामू।** चुनाव में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की सपा प्रत्याशी अंजू सिंह ने क्षेत्र की देवतुल्य जनता के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में बड़े-बुजुर्ग, भैया-बहन, माताएं, नव मतदाता सहित सभी मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान केंद्रों पर अपना बहुमूल्य समय देकर अमूल्य वोट किया।

बड़ी संख्या में



अंजू सिंह, सपा प्रत्याशी।

मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया है। जनता ने उन्हें जो भी सहयोग किया, वह बड़ी बात है। मैं सभी देवतुल्य मतदाताओं को प्रणाम करती हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का उन्हें अद्भुत अनुभव रहा। प्रचार/जनसंपर्क अभियान के दौरान जहां भी गयीं, सभी लोगों ने काफी सहयोग किया। क्षेत्र के लोगों के साथ आत्मिक रिश्ते कायम हुए हैं। विश्रामपुर विस की एक-एक जनता उनका परिवार बन गया है। कहा कि उनके लिए हार-जीत कोई मायने नहीं रखता। वे पिछले 17 वर्षों से क्षेत्र की जनता के लिए संघर्ष करती रहीं हैं। जनता के बीच जाकर सेवा कार्य करते रहीं हैं। आगे भी क्षेत्र के विकास एवं जनता का कल्याण और जनहित के मुद्दों को लेकर निरंतर सेवा कार्य करते रहेंगी। उन्हें जनता पर पूरा भरोसा है कि उनके सेवा कार्य में सभी सहयोग करेंगे।

कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य हो या फिर व्यक्तिगत रूप से लोगों को सहयोग करने की। हमेशा से क्षेत्र के लोगों के विकास व उत्थान करने का प्रयास किया हूं और आगे भी यह सेवा कार्य जारी रहेगा। उन्होंने कवि शिवमंगल सिंह 'सुमन' के कविता की उस पंक्ति का जिक्र किया जिसमें कहा गया है कि क्या हार में क्या जीत में किंचित नहीं भयभीत में, संघर्ष पथ पर जो मिले यह भी सही वह भी सही।

# बाबा साहेब अंबेडकर को किया गया पुष्प अर्पित और पढ़ी गयी प्रस्तावना

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** संविधान दिवस पर संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर एवं भारत की संविधान पुस्तक पर पुष्प अर्पित कर एवं प्रस्तावना पढ़कर संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर सतबरवा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर राम ने कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। हमारा संविधान देश के प्रत्येक नागरिक को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के साथ-साथ विचार, अभिव्यक्ति, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता का अधिकार देता है।



सतबरवा में संविधान दिवस पर कार्यक्रम करते लोग।

**खास बातें :** आज, हम संविधान में निहित इन मूल्यों की रक्षा और उसे मजबूत करने का संकल्प लेने की जरूरत है। संविधान बचाओ के राज्य सदस्य मनोज कुमार भुइया ने कहा कि वर्तमान समय में जब धर्म और जाति के नाम पर सांप्रदायिक ताकतें अपनी जड़ें मजबूत कर रही हैं और कानून के शासन को बुलडोजर राज में बदलने का प्रयास किया जा रहा है, यह स्थिति गहरी चिंता का विषय है। सत्ता संरक्षित लोग संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं और इसे चंद लोगों के हितों के अनुसार बदलने की कोशिश कर रहे हैं। इस साजिश का उद्देश्य हमारी सांस्कृतिक विरासत, गंगा-जमुनी तहजीब को मिटाना है। दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। चुनावों में नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है। हमने देखा कि झारखंड के चुनावों में हेमंत बिस्वा शर्मा जैसे नेता किस तरह जहर उगलते रहे। यह सब तब हो रहा है, जब हमारा संविधान हर नागरिक को समानता और न्याय की गारंटी देता है। हम सब मिलकर एक धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हों और अपने संविधान को उसकी पूरी ताकत और गौरव के साथ संरक्षित करें। यही सच्चा संविधान दिवस का संकल्प होगा।

## स्पीड न्यूज

### भारत का संविधान दुनिया का सबसे विशाल संविधान है : मनीर उरांव



लोहरदगा। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि भारत देश का संविधान 26 नवंबर 1949 को बन कर तैयार हुआ और इसे 26 जनवरी 1950 को देश ने अपना कर भारत गणराज्य बन गया। यह संविधान दुनिया का सबसे विशाल संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ भीम राव अम्बेडकर के 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में मनाया जाने लगा। इससे पूर्व इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। मौके पर उपाध्यक्ष अजय पंकज, नवीन कुमार टिंकू, हर्षनाथ महतो, संजय कुमार, प्रखंड अध्यक्ष अशोक साहू, विवेक चौहान, विवेक सोनी, राजेन्द्र महतो, रामकुमार खेरवार, सचिन साहू, सत्यम, शुकुल राम, जगरनाथ राम, कृष्णा मोदी सहित कार्यकर्ता शामिल थे।

### बाबा साहेब की जयंती पर संविधान दिवस मनाने की शुरुआत हुई: ओम प्रकाश



गुमला। जिला उपभोक्ता संरक्षण आयोग के द्वारा मंगलवार को संविधान दिवस मनाया गया। आयोग के अध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर 26 नवंबर 2015 से संविधान दिवस मनाने की शुरुआत की। मौके पर बलदेव प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में भारत के संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ भी किया गया। इस अवसर पर आयोग के सदस्य सैयद अली हसन फातमी, वरिष्ठ अधिवक्ता नागेंद्र मोहन प्रसाद श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत शर्मा, राकेश वर्मा, बलदेव प्रसाद शर्मा, संदीप श्रीवास्तव, विजय कुमार साहू के अलावा आयोगकर्मी धीरेंद्र वर्मा, मुनेश्वर शर्मा, सुनीता कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, सीमा कुमारी, कुलदीप राम आदि भी उपस्थित थे।

### 26 नवंबर को संविधान सभा ने भारत के संविधान को स्वीकृत किया: रमाकांत



गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में मंगलवार को धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया। प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। इस निमित्त वंदना सभा में विद्यार्थियों को प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों को संविधान दिवस की जानकारी देते हुए कहा कि भारत में 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस मनाया जाता है। क्योंकि वर्ष 1949 में 26 नवंबर को संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को स्वीकृत किया गया था। कक्षा नवम से द्वादश के लिए आयोजित इंटर हाउस क्विज कंपटीशन में विद्यालय के चारों हाउस की टीम ने क्विज में अपनी भागीदारी निभायी। जिसमें क्विज मास्टर की भूमिका पवित्र कुमार मोहंती ने निभायी। क्विज में हंसराज हाउस की अदिति कुमारी, ताशा झा, पल्लवी कुमारी एवं आयुष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दयानंद हाउस एवं श्रद्धानंद हाउस ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पंचम से सप्तम के लिए प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसमें सातवीं की छात्रा सारिका पोद्दार ने प्रथम, सातवीं की छात्रा परिधि ने द्वितीय स्थान और सातवीं की छात्रा दर्शना सृष्टि तृतीय स्थान पर रहीं। इस प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका कार्तिक राहा, दिलीप कुमार मेहता और रमंत अशीष ने निभायी। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए प्राचार्य डॉ रमाकांत साहू ने बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों को दिलायी गयी शपथ



लोहरदगा। भारतीय संविधान दिवस (26 नवंबर) के मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को भारत देश को संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा देश के समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करनेवाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने की शपथ दिलायी गई। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### कल्याण अस्पताल हेसल में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

लोहरदगा। कल्याण विभाग द्वारा वित्तपोषित एवं विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 50 गांवो से आए 254 मरीजों का जांच एवं दवाईयां दिया गया। सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल रांची के विशाल मिश्रा, दिलीप कुमार एवं पीयूष कुमार ने नेत्र रोग का जांच एवं परामर्श दिया। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विजय कुमार, डॉ शालिनी, डॉ शिव शंकर मुंडा, डॉ एसके सिन्हा, डॉ दिलीप, डॉ पी पी सिंह, डॉ एसके मिश्रा मौजूद थे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर महिलाओं से ठगी

**महिलाओं ने विभिन्न बैंकों से लोन में राशि लेकर डुमरडीह निवासी रोहिणी देवी को दिया, पैसे लेने के बाद रोहिणी देवी गांव छोड़कर भागी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरडीह गांव में नौकरी दिलाने के नाम पर 17 महिलाओं से विभिन्न बैंकों से लोन निकलवा कर 28 लाख 20 हजार रूपये ठगी करने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर ठगी की शिकार महिलाओं ने उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी और गुमला थाना में आवेदन सौंप कर डुमरडीह निवासी रोहिणी देवी पर कार्रवाई की मांग की है। डीसी और थाना को दिये गये आवेदन में महिलाओं ने बताया डुमरडीह गांव निवासी रोहिणी देवी पति नागेंद्र सिंह ने नौकरी दिलाने के नाम पर गांव के 17 महिलाओं से गुमला के विभिन्न बैंकों से लोन निकलवाई और कहा हम लोगों का सारा पैसा 21 नवंबर 2024 तक लौटा देंगे। इसके बाद रोहिणी देवी ना तो पैसा लौटायी और ना हीं नौकरी लगवायी। हम लोग बहुत गरीब परिवार से हैं। अब हम लोगों को बैंक वाला परेशान कर रहा है। वहीं रोहिणी देवी गांव छोड़कर फरार हो गई है। उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ आ रहा है। पीड़ित ममता देवी से 2 लाख 50 हजार, देवंती देवी से 2 लाख, सुमित्रा देवी से 2 लाख, मीना देवी से 2 लाख, अश्रिता देवी से 60 हजार, पूजा कुमारी से एक लाख 20 हजार, किरण कुमारी से 50 हजार, रजनी देवी से 5 लाख 50 हजार, पूनम देवी से एक लाख 50 हजार, संगीता देवी से 5 लाख, पूर्णिमा गोस्वामी से 50 हजार, रेणु देवी से 80 हजार, तेतरी देवी से 80 हजार, बालमती देवी से 50 हजार, जानकी से 60 हजार, विमला देवी से एक लाख और बीणा देवी से एक लाख विभिन्न बैंकों से निकलवा कर पैसा लेकर रोहिणी देवी चंपत हो गई।

# भंडरा : सड़क निर्माण का योजना स्थल बदलने का आरोप

## ग्रामीणों ने विरोध करते हुए काम बंद कराया



**खबर मंत्र संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत अकाशी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुम्हरीया अंबाटोली से कसपुर तक एक किलोमीटर 200 मी दूरी का सड़क बनाया जा रहा है। इस सड़क निर्माण योजना का प्राक्कलन 1 करोड़ 42 लाख है। इस सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी कुम्हारिया अंबा टोली गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यह सबसे सुलभ रास्ता सड़क है। इस सड़क में ठेकेदार द्वारा मनमानी ढंग से कुम्हारिया अंबा टोली से नहीं बनाकर कुम्हरिया महली टोली से बनाया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार इस योजना में ज्यादा से ज्यादा राशि बचत करने के उद्देश्य से सड़क निर्माण योजना का स्थल बदल दिया है। इसका विरोध कुम्हारिया अंबा टोली के ग्रामीणों के द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों के द्वारा ठेकेदार की मनमानी को विरोध करते हुए काम को बंद कर दिया गया है। कुम्हारिया अंबा टोली गांव के ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की योजना कुम्हारिया अंबा टोली से कसपुर गांव तक बनाने हेतु स्वीकृत हुआ है। इसे ठेकेदार द्वारा नहीं बना कर कुम्हारिया महली टोली से बनाया जा रहा है। जिससे कुम्हारिया अंबा टोली के गांव के लोगों का कसपुर से संपर्क नहीं हो सकेगा। इस रोड को बनाने का उद्देश्य पूरा नहीं होगा। लंबे समय के बाद इस सड़क निर्माण की योजना स्वीकृत हुई परंतु ठेकेदार की मनमानी के कारण योजना स्वीकृत होने के बाद में गांव के ग्रामीणों को इस योजना के लाभ से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में इस योजना की तकनीकी देख करने वाले विभाग के कनिय अभियंता जितेंद्र पंडित ने कहा कि ग्रामीणों का विरोध की सूचना मिली है। ठेकेदार को योजना स्थल दिखा दिया गया था इसके बावजूद अगर दूसरे जगह काम किया गया होगा तो योजना निर्माण स्थल का निरीक्षण किया जाएगा। ठेकेदार द्वारा किए गए काम का निरीक्षण किया जाएगा। योजना स्वीकृत स्थल पर ही काम करने का काम किया जाएगा। ठेकेदार की मनमानी नहीं चलेगी। योजना का स्वीकृति ग्रामीणों की लाभ के लिए की गई है। योजना स्थल पर काम बंद करने एवं विरोध करने के समय चंद्र उरांव, जमील अंसारी, इदरीस अंसारी, जमील, निरंजन साहू, नासिर, हैदर, मो अंसारी, विजय साहू, आशिक अंसारी, विकास साहू, बरूंगा उरांव व ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली चोरी के खिलाफ चला छापामारी अभियान, चार पर प्राथमिकी

**बसिया।** विद्युत कनीय अभियंता कामडारा कंचन टुंडू के नेतृत्व में बसिया प्रखंड क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ चले छापेमारी अभियान में 4 लोगों के खिलाफ बिजली चोरी को लेकर बसिया थाने में मामला दर्ज कराया गया। जिसमें कोनबीर निवासी गौतम सिंह, सिरबीड़ा निवासी जितवाहन साहू, कलिगा निवासी संजय लोहरा एवं तिर्रा केमताटोली निवासी अनूप ओहदार शामिल हैं। इस सम्बन्ध में कंचन टुंडू ने बसिया थाने में आवेदन देकर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

**संविधान दिवस पर उपायुक्त ने अधिकारियों व कर्मियों को दिलाया शपथ, कहा**

# संविधान हमें न केवल अधिकार देता है बल्कि कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अधिकारियों व कर्मियों को शपथ दिलाते डीसी कर्ण सत्यार्थी ।

**गुमला।** संविधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने संविधान की उद्देशिका के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण की शपथ ली। उपायुक्त ने अपने संबोधन में भारतीय संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था और नागरिक अधिकारों का आधार स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें न केवल अधिकार देता है, बल्कि हमारे कर्तव्यों का भी स्मरण कराता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे संविधान में निहित मूल्यों-स्वतंत्रता, समानता, और न्याय को अपने कार्यों और आचरण में आत्मसात करें। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और देश की एकता, अखंडता, एवं समृद्धि के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, जिला नजारत उप समाहर्ता गुमला, जिला योजना पदाधिकारी गुमला सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर बीडीओ ने कर्मियों को दिलाया शपथ



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में संविधान दिवस पर बीडीओ की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड, अंचल कर्मी और अन्य ग्रामीणों ने संविधान को लेकर शपथ लिया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि भारतीय संविधान का उद्देश्य भारतीय नागरिकों को एकजुट करना उन्हें उनके अधिकार और कर्तव्य के प्रति जागरूक करना है। भारतीय संविधान के अनुशासन और सिद्धांतों का हर नागरिक अपने और समाज में समानता और न्याय की भावना को बढ़ावा दे। वहीं बीडीओ ने यह भी कहा कि संविधान ने हमें न्याय समानता और स्वतंत्रता जैसे मूल अधिकार दिए हैं। मौके पर सीओ आशीष कुमार मंडल, पशुपालन पदाधिकारी डॉ सीमा एक्का सहित प्रखंड के कई कर्मी अंचल कर्मी व अन्य उपस्थित थे।

## जारी थाना क्षेत्र के बालू घाटों का सीओ और थाना प्रभारी ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



निरीक्षण करते सीओ व थाना प्रभारी।

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत विभिन्न बालू घाटों का मंगलवार को सीओ रमेश कुमार गुप्ता व थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के तिगरा बालू घाट, कमलपुर बालू घाट व राटा माटी बालू घाट का अधिकारियों ने जांच की। निरीक्षण के दौरान कमलपुर बालू घाट पर जिस जगह पर नदी में प्रवेश किया जाता है उस स्थान पर ग्रामीणों के द्वारा ट्रेंच खोदा गया। जिस कारण ट्रेक्टर नदी में नहीं घुस रहा है। तिगरा बालू घाट पर किसी प्रकार कोई बालू उठाव के प्रमाण नहीं मिला। वहीं राटा माटी बालू घाट पर देखा गया कि 5 ट्रैक्टर बालू का उठाव कर रहे। परंतु सभी ट्रैक्टर छत्तीसगढ़ के इलाके से किया जा रहा था। सीओ रमेश गुप्ता ने कहा कि झारखंड के इलाके से किसी प्रकार की कोई बालू उठाव न हो सके। सीओ ने कहा कि अभी किसी प्रकार की कोई भी बालू घाटों का टेंडर नहीं है। यदि किसी के द्वारा बालू उठाव किया जाता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दे करवाई तुरंत होगी।

## लोहरदगा उपायुक्त ने किया छात्रावास का निरीक्षण, दिये कई निर्देश



लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को किस्को प्रखण्ड में नीति आयोग योजना मद अंतर्गत 1.71 करोड़ रुपए की राशि से निर्मित 45 बेड के छात्रावास के इंडोर जिम का निरीक्षण किया। इसका निर्माण ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा द्वारा किया गया है। उपायुक्त ने जिम में इस्तेमाल किये गये उपकरणों का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने कल्याण छात्रावास किस्को में किये गये अन्य कार्यों के प्रगति की भी जानकारी ली और आवश्यक निर्देश आइटीडीए परियोजना पदाधिकारी, कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता को दिये। उपायुक्त द्वारा प्रखण्ड में संचालित प्रखण्ड स्तरीय पुस्तकालय के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली और भौतिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये। कार्यक्रम में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, बीडीओ व सीओ किस्को, संबंधित विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## संविधान दिवस पर लोहरदगा व्यवहार न्यायालय में ली गयी शपथ




लोहरदगा। व्यवहार न्यायालय परिसर, लोहरदगा में मंगलवार को संविधान दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संविधान की प्रस्तावना को पढ़ा गया। वहीं व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना को सस्वर दुहराया। वहीं प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार ने बताया कि भारत का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर पूरा हुआ था। यह संविधान ही स्वतंत्र भारत के नागरिकों को आजाद देश की नागरिक की भावना का एहसास कराता है। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष, एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, एडीजे द्वितीय नीरजा आसरी, सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा, एसडीजेएम अमित कुमार गुप्ता, अधिवक्तागण, कर्मी, पीएलवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# गुमला: सूरज के तूफानी दोहरे शतक व बेहतरीन गेंदबाजी के आगे टिक नहीं पायी पाकुड़ की टीम

**गुमला के तेलंगा खड़िया स्टेडियम में जेएससीए अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**गुमला।** गुमला के तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार से आरंभ जेएससीए अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में युवा क्रिकेटर सूरज कुमार मंडल के तूफानी दोहरे शतक व शानदार चार विकेट के बदौलत कोडरमा ने पाकुड़ को 225 रनों से करारी शिकस्त दी। आज खेले गये मुकाबले में पाकुड़ के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते कोडरमा की टीम ने निर्धारित 38 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 339 रनों का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सूरज कुमार मंडल ने 112 गेंदों में 35 चौके व तीन छक्के के सहारे 215 रनों के साथ दोहरा शतक पूरा किया। वहीं तन्मय कुमार ने 58, हार्दिक कुमार के 38 रनो के बदौलत कोडरमा ने पहाड़ सा स्कोर बनाया। पाकुड़ की ओर से मनी राज व सुमित सिंह ने एक-एक विकेट हासिल किया। जबाबी पारी खेलने उतरी पाकुड़ की पूरी टीम 27.4 ओवर में 114 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से सुमित सिंह ने थोड़ा दम दिखाया और 76 रनों की आकर्षक पारी खेली। कोडरमा के सूरज ने बल्ले के बाद गेंद के साथ भी बेहतरीन पारी खेली और 2.4 ओवरो में नौ रन खर्च कर चार विकेट चटकाये। बल्ले व गेंद के साथ उम्दा प्रदर्शन करने वाले सूरज मंडल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गये। मौके पर मौजूद टी आर डी ओ रोनित सिंह, एल ओ अवधेश कश्यप, अंपायर रमेश कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, स्कोरर शशिभूषण मिश्रा ने सूरज को ट्रॉफी व पांच हजार कैश मनी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव जीतेन्द्र कुमार सिंह, मनोज चौधरी, आकाश आनंद, अंकित विश्वकर्मा, ज्ञान प्रकाश, मधु उरांव, आयुष कुमार, सुनील सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। बुधवार को जामताड़ा व कोडरमा के बीच मुकाबला खेला जायेगा।

## लोहरदगा ने गढ़वा को नौ विकेट से हराया



**लोहरदगा।** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अंडर 14 जिला स्तरीय टूर्नामेंट आरंभ हुआ। मंगलवार को लोहरदगा और गढ़वा के बीच मैच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गढ़वा की टीम 37 ओवर, दो बॉल में 114 रन बनाकर आउट हो गया। गढ़वा के हिमांशु कुमार ने 28, प्रतीक ने 19 अर्पित ने 11 रन बनाए। लोहरदगा टीम के तरफ से बोलिंग में अंश राज मिश्रा ने चार विकेट, अनिरुद्ध पाठक ने 2 विकेट तथा रणबीर और केशव ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में लोहरदगा की टीम 27 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत किया।


प्रपत्र VI 'क'

झारखण्ड सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू–अर्जन निदेशालय)

या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या–1573/भू0अ0, रामगढ़ — दिनांक 09/10/2024

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि मौजा दाढ़ीदाग, थाना नं0 71, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा मतकमा चौक (SH-2पर)–पाली–सांकी–घुटूपालू (NH-33 पर) पथ (लंबाई–20.76 Km) एवं कौड़ी बाजार से चिकोर भाया सुड़डी लिंक पथ (लंबाई–4.43 Km) सहित (कुल लंबाई–25.19 Km) का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा दाढ़ीदाग, थाना नं0 71, राजस्व थाना पतरातू, अंचल पतरातू, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **2.8968** एकड़ यानि **1.17229** हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 27 | 329 | रैयती | टांड़–II | 0.0230 | सहदेव बेदिया वगै0 पिता सोहराय बेदिया | 330 | 339 | 380 | 328 |
| 2 | 27 | 119 | रैयती | टांड़–II | 0.3400 | सहदेव बेदिया वगै0 पिता सोहराय बेदिया | 117 | 123 | 192 | कोडी |
| 3 | 27 | 117 | रैयती | टांड़–III | 0.0600 | सहदेव बेदिया वगै0 पिता सोहराय बेदिया | 116 | 119 | 193 | 118 |
| 4 | 27 | 589 | रैयती | धान खेत–II | 0.0500 | सहदेव बेदिया वगै0 पिता सोहराय बेदिया | 561 | 858 | 588 | 445 |
| 5 | 06 | 207 | रैयती | टांड़–III | 0.1010 | इन्दरदेव बेदिया वगै0 पिता स्व0 सहदेव बेदिया हकीम बेदिया पिता सहदेव बेदिया | 211 | 206 | 206 | 111 |
| 6 | 08 | 327 | रैयती | टांड़–III | 0.0346 | मोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 वंशी बेदिया वो सुदामा बेदिया वगै0 पिता स्व0 महावीर बेदिया | 330 | 321 | 328 | 326 |
| 7 | 08 | 328 | रैयती | टांड़–III | 0.0420 | मोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 वंशी बेदिया वो सुदामा बेदिया वगै0 पिता स्व0 महावीर बेदिया | 330 | 318 | 329 | 327 |
| 8 | 08 | 335 | रैयती | धान खेत–III | 0.0585 | मोहन बेदिया वगै0 वो सुदामा बेदिया वगै0 | 337 | 330 | 333 | 330 |
| 9 | 09 | 568 | रैयती | टांड़–III | 0.0237 | जगलाल बेदिया वगै0 पिता सौवरा बेदिया | 569 | 800 | 579 | 588 |
| 10 | 12 | 111 | रैयती | टांड़–II | 0.0203 | आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बलराम बेदिया वो धनेश्वर बेदिया वगै0 पिता स्व0 संतोष बेदिया वो लालचन्द बेदिया वगै0 पिता स्व0 टूरा बेदिया | 110 | 206 | 207 | 112 |
| 11 | 11 | 205 | रैयती | धान खेत–II | 0.0647 | वंशी पाहन वो बोधन पाहन वो विश्वनाथ पाहन | 206 | 203 | 246 | 204 |
| 12 | 17 | 478 | रैयती | मकान–III | 0.0309 | कुन्जलाल बेदिया पिता स्व0 मंगलु बेदिया वो गुरूदयाल बेदिया वगै0 पिता स्व0 रामजु बेदिया | 363 | 477 | 479 | 446 |
| 13 | 17 | 479 | रैयती | टांड़–II | 0.0600 | जयलाल बेदिया पिता स्व0 लहसन बेदिया गुरूदयाल बेदिया पिता स्व0 दयाल बेदिया कुन्जलाल बेदिया पिता स्व0 मंगलु बेदिया | 481 | 472 | 335 | 477 |
| 14 | 14 | 123 | रैयती | टांड़–III | 0.0250 | सुरज बेदिया वगै0 | 119 | 124 | 191 | 122 |
| 15 | 29 | 120 | रैयती | टांड़–III | 0.0170 | मछिन्दर बेदिया पिता स्व0 दाहो बेदिया | 119 | 121 | 122 | कोडी |
| 16 | 30 | 193 | रैयती | टांड़–II | 0.0850 | छत्रु बेदिया वगै0 पिता स्व0 रामदेव बेदिया | 206 | 192 | 194 | 206 |
| 17 | 28 | 194 | रैयती | टांड़–III | 0.0497 | राधो बेदिया वगै0 पिता स्व0 चोरटा बेदिया | 206 | 195 | 204 | 193 |
| 18 | 25 | 368 | रैयती | गड़वाह | 0.0035 | अज्ञात | 211 | 206 | 206 | 111 |
| 19 | 26 | 246 | रैयती | – | 0.1200 | वंशी पाहन वो बोधन पहान वो विश्वनाथ पाहन | 206 | 247 | 208 | 205 |
| 20 | 23 | 333 | रैयती | धान खेत–II | 0.0168 | विक्रम बेदिया वगै0 पिता स्व0 सुकरा बेदिया | 337 | 330 | 331 | 335 |
| 21 | 23 | 577 | रैयती | टांड़–III | 0.1125 | रामधन बेदिया | 566 | 579 | 578 | 568 |
| 22 | 10 | 445 | रैयती | मकान–I सहन–I | 0.0208 | धनेश्वर बेदिया पिता स्व0 संतोष बेदिया बृजलाल बेदिया वो आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बलराम बेदिया | 363 | 448 | 446 | 444 |
| 23 | 10 | 446 | रैयती | मकान–I सहन–I | 0.0116 | रामदास बेदिया वगै0 पिता स्व0 बृजलाल बेदिया वो आशाराम बेदिया वगै0 पिता स्व0 बलराम बेदिया | 363 | 447 | 477 | 445 |
| 24 | 30 | 516 | रैयती | धान खेत–III | 0.0173 | छत्रु बेदिया वगै0 पिता स्व0 रामदेव बेदिया | 515 | 518 | 517 | 509 |
| 25 | 30 | 517 | रैयती | धान खेत–II | 0.0600 | छत्रु बेदिया वगै0 पिता स्व0 रामदेव बेदिया | 515 | 518 | 544 | 516 |
| 26 | - | 204 | रैयती | – | 0.0035 | अज्ञात | 206 | 202 | 205 | 194 |
| 27 | - | 245 | रैयती | – | 0.1400 | वंशी पाहन वो बोधन पाहन वो विश्वनाथ पाहन | 244 | 206 | 326 | 206 |
| 28 | - | 248 | रैयती | – | 0.0472 | वंशी पाहन वो बोधन पाहन वो विश्वनाथ पाहन | 330 | 250 | 325 | 346 |
| 29 | - | 325 | रैयती | – | 0.0417 | वंशी पाहन वो बोधन पाहन वो विश्वनाथ पाहन | 330 | 249 | 326 | 248 |
| 30 | - | 370 | रैयती | – | 0.0474 | धरन बेदिया वगै0 पिता स्व0 रामु बेदिया, रंजीत कुमार बेदिया पिता स्व0 भुनेश्वर बेदिया | 369 | 372 | 444 | 330 |
| 31 | - | 380 | रैयती | – | 0.0620 | महरू बेदिया वगै0 पिता स्व0 राम सहाय बेदिया विरेन्द्र बेदिया पिता कार्तिक बेदिया | 330 | 382 | 376 | 329 |
| 32 | - | 586 | रैयती | – | 0.0116 | सोहन बेदिया वगै0 | 330 | 382 | 376 | 329 |
| 33 | - | 481 | रैयती | – | 0.0336 | मंगल बेदिया वगै0 वो मोहराय बेदिया वो सोहराय बेदिया | 482 | 635 | 504 | 363 |
| 34 | - | 635 | रैयती | – | 0.0193 | मुनीर अंसारी वगै0 पिता स्व0 सहबान अंसारी वो गुलजार अंसारी पिता स्व0 कारू मियां वो मो0 सीद्दीकी पिता स्व0 मो0 मुदीन अंसारी 00 | 481 | 572 | 506 | 479 |
| 35 | - | 505 | रैयती | – | 0.0111 | कार्तिक सिंह वगै0 पिता स्व0 राधा सिंह | 580 | 507 | 515 | 504 |
| 36 | - | 506 | रैयती | – | 0.0091 | अज्ञात | 022 | 470 | 403 | 635 |
| 37 | - | 507 | रैयती | – | 0.1500 | सिकरी बेदिया वगै0 पिता स्व0 लहसन बेदिया | 502 | 516 | 517 | 506 |
| 38 | - | 515 | रैयती | – | 0.07500 | बलकू बेदिया पिता स्व0 रामसहाय बेदिया कार्तिक सिंह वगै0 पिता स्व0 राधा सिंह | 502 | 517 | 541 | 524 |
| 39 | - | 544 | रैयती | – | 0.0270 | सिकरी बेदिया वगै0 पिता स्व0 सहलु बेदिया | 515 | 543 | 545 | 517 |
| 40 | - | 545 | रैयती | – | 0.0600 | मोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 वंशी बेदिया | 547 | 543 | 586 | 544 |
| 41 | - | 547 | रैयती | – | 0.077 | सोहन बेदिया वगै0 मंगलु बेदिया वगै0 सोहराय बेदिया वगै0 पिता स्व0 सुखलाल बेदिया | 451 | 445 | 561 | 549 |
| 42 | - | 561 | रैयती | – | 0.0800 | मुनीर अंसारी वगै0 | 559 | 586 | 565 | 547 |
| 43 | - | 565 | रैयती | – | 0.1000 | सोहन बेदिया वगै0 मंगलु बेदिया वगै0 सोहराय बेदिया वगै0 पिता स्व0 सुखलाल बेदिया वो फुलचन्द्र बेदिया वगै0 पिता स्व0 मधुवा बेदिया | 564 | 588 | 566 | 561 |
| 44 | - | 567 | रैयती | – | 0.2300 | मोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 वंशी बेदिया | 558 | 588 | 580 | 565 |
| 45 | - | 512 | रैयती | – | 0.0054 | गुलजार अंसारी वगै0 पिता स्व0 कारू अंसारी वो मो0 सदीक पिता स्व0 मुदीन मियां | 505 | 514 | 516 | 511 |
| 46 | - | 579 | रैयती | – | 0.0480 | गुलजार अंसारी वगै0 पिता स्व0 कारू अंसारी वो मो0 सदीक पिता स्व0 मुदीन मियां | 577 | 588 | कडरू | 800 |
| 47 | - | 580 | रैयती | – | 0.1700 | मोहन बेदिया वगै0 पिता स्व0 वंशी बेदिया | 568 | 581 | 579 | 588 |
| | | कुल रकवा | | | 2.8968 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि केकिसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी,पतरातू अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में बिनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/– कानूनगो, रामगढ़। | ह0/– जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़। | ह0/– अपर समाहर्त्ता, रामगढ़। | ह0/– उपायुक्त, रामगढ़।

PR 340326 (Land Reforms)24-25*D

# जीवन की चाह

वर्ष 2018 में इस दिन की घोषणा करके आयुष मंत्रालय ने इस विश्व प्रसिद्ध वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति में प्राकृतिक संसाधनों और गतिविधियों के जरिये प्राकृतिक स्वास्थ्य को ठीक करने का राष्ट्रव्यापी संकल्प लिया। जिसका मकसद प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में ज्ञान व जागरूकता का प्रसार करना था। भारतीय संस्कृति सदियों से प्रकृति की उपासक रही है। हमारे तमाम पर्व, त्योहार, पूजा पद्धति और जीवन शैली प्रकृति के अनुरूप ही रही है। दरअसल, कुदरत के विरुद्ध दिनचर्या और खानपान ही हमारी व्याधियों के मूल में होता है। जितना हम प्रकृति के विपरीत आचरण करते हैं उतना ही मनोकायिक रोगों की चपेट में आते जाते हैं। कुदरत ने भोजन, फलों और मसालों के रूप में तमाम ऐसी चीजें दी हैं जो हमें स्वस्थ रख सकती हैं। धरती में प्रकृति हर पल बदलाव की प्रक्रिया में सक्रिय रहती है। शरीर की कोशिकाएं हर क्षण बदलती रहती हैं। शरीर बदलते मौसम के अनुरूप खुद को ढालता चलता है। इसी तरह प्राकृतिक चिकित्सा भी कायाकल्प की प्रक्रिया को धीरे-धीरे अंजाम देती है। आमतौर पर माना जाता है कि प्राकृतिक दिनचर्या के दौरान उपचार में 45 दिन का समय लगता है। लेकिन अब भागमभाग की जिंदगी में इसे एक सप्ताह तक सीमित कर दिया जाता है। निस्संदेह प्राकृतिक चिकित्सा की प्रक्रिया में समय लगता है, जिसके लिये रोगी को धैर्य की जरूरत होती है। गुरु नानकदेव जी की वाणी का प्राकृतिक जीवन के बारे में गुरबाणी में उल्लेख है- पवण गुरु पाणी माता धरति महतु। यानी पवन हमारे गुरु हैं। यदि हवा प्रदूषित हो जाए तो जीवन पर संकट पैदा हो जाएगा। शुद्ध वायु में ही जीवन है। यदि हम प्राकृतिक संसाधनों को प्रदूषित करते हैं तो आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से खिलवाड़ करते हैं। दरअसल, प्राकृतिक चिकित्सा हमारी अराजक जीवन शैली को संयमित करें।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9**

**वृष : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9**

**मिथुन : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8**

**कर्क : राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9**

**सिंह : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9**

**कन्या : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9**

**तुला : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9**

**वृश्चिक : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8**

**धनु : आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9**

**मकर : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8**

**कुंभ : जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7**

**मीन : लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9**

# बिरयानी को पीछे छोड़ आईटी में कैसे आगे बढ़ा हैदराबाद

**अगर** आप देश के किसी छोटे-बड़े शहर या महानगर में रहते हैं, तब आपको मालूम होगा कि आपके अड़ोस-पड़ोस के कुछ नौजवान नौकरी करने के लिए हैदराबाद चले गए हैं। यह भी मुमकिन है कि आपके अपने घर-परिवार से भी कुछ बच्चे अब तक चारमीनार और बिरयानी के लिए मशहूर हैदराबाद शहर की किसी टेक या फार्मा सेक्टर की कंपनी में जाकर काम करने लगे हों। दरअसल, हैदराबाद गुजरे बीस-पच्चीस सालों में दुनिया के आईटी सेक्टर के नक्शे के केंद्रबिंदु पर बन गया है। शायद ही दुनिया की कोई मशहूर आईटी कंपनी हो, जिसके ऑफिस तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में न हो।

अगर आज हैदराबाद इस मुकाम पर पहुंचा है, तो इसका श्रेय आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को देना होगा। वरिष्ठ लेखक दिनेश सी. शर्मा ने अपनी हाल ही में प्रकाशित किताब बियॉन्ड बिरयानीः द मेकिंग ऑफ ए ग्लोबलाइज्ड हैदराबाद (बिरयानी से आगेः एक वैश्वीकृत हैदराबाद का निर्माण) में हैदराबाद के तेजी से बदले चेहरे की कहानी बयां की है। चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में अपने पूर्ववर्तियों द्वारा रखी गई ठोस वैज्ञानिक अनुसंधान और आर्थिक नींव का लाभ उठाया। हैदराबाद के आईटी पावर हाउस बनने से पहले ही यहां वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएलएसआईआर) की तरफ से प्रयोगशालाएं स्थापित हो चुकी थीं। यहां से योग्य वैज्ञानिक देश-दुनिया को मिल रहे थे। इसी तरह से यहां इंडियन ड्रग्ज एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) और इलेक्ट्रानिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (ईसीआईएल) जैसे संस्थान भी पहले से थे। इनका लक्ष्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाना था।

देश में 1991 के बाद आर्थिक उदारीकरण की हवा बहने लगी। लाइसेंस परमिट कोटा राज का बड़ी मुश्किल से ही सही, पर धीरे-धीरे अंत हुआ। इसके बाद 1993 में कर्नाटक सरकार ने दूसरे प्रौद्योगिकी एन्क्लेव के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क बनाने के लिए टाटा समूह और सिंगापुर स्थित कंपनियों को अपने साथ जोड़ा। उसे सफलता भी मिली। तब हैदराबाद में ऐसा कोई तकनीकी केंद्र विकसित नहीं हो पाया था।

चंद्रबाबू नायडू 1995 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वह हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में बैंगलुरू को हराना चाहते थे।



उन्होंने अपने सरकारी अफसरों को साफ कह दिया था कि हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में लंबी-ऊंची छलांग लगानी है। हैदराबाद के पास इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सबकुछ था- तकनीकी जनशक्ति का एक



- डॉ आरके सिन्हा

> बीते दो-तीन दशकों के दौरान हैदराबाद की टेक और फार्मा कंपनियों में काम करने के लिए देशभर से नौजवान पहुंचने लगे। इसी तरह हैदराबादी भी अपने शहर से कामकाज के सिलसिले में बाहर निकले। इस तरह की दोतरफा आवाजाही से हैदराबादी बिरयानी लोकप्रिय होती गई और बिरयानी बेचने वालों की चांदी हो गई।

बड़ा आधार, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और अनुसंधान संस्थानों और उद्यमियों की एक श्रृंखला, जो जोखिम उठाने को तैयार थी। लेकिन, हैदराबाद में बुनियादी ढाँचे का अभाव था जैसे एक प्रौद्योगिकी एन्क्लेव, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, अच्छी सड़कों का जाल और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा। चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने इन सब क्षेत्रों पर एक साथ काम किया और हैदराबाद की भारत और भारत से बाहर निवेशकों के बीच गंभीरता से मार्केटिंग भी की। उन्होंने विज्ञान पार्क मॉडल को अपनाया, जिसे पश्चिम के साथ-साथ दक्षिण कोरिया, ताइवान और मलेशिया जैसे पूर्वी एशियाई देशों में प्रौद्योगिकी आधारित आर्थिक विकास और विकास के मॉडल के रूप में सफलतापूर्वक आजमाया गया था।

बेशक, चंद्रबाबू नायडू ने साबित कर दिखाया कि अगर आप में इच्छा शक्ति हो तो आप अपने प्रदेश या देश की किस्मत बदल सकते हैं। वह पहली बार लगभग तीन दशक पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने अपने ससुर एनटी रामाराव को सत्ता से बेदखल कर दिया था। चंद्रबाबू नायडू ने अपनी इमेज एक उद्योग-समर्थक और प्रौद्योगिकी-समर्थक वाले नेता की बनाई। उन्होंने हैदराबाद को आईटी हब के रूप में स्थापित करने में दिन-रात की मेहनत की। राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद वे माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स से मिले। उस मुलाकात के बाद से ही हैदराबाद बदलने लगा। वहां दुनिया भर की चोटी की आईटी कंपनियों ने अरबों रुपए का निवेश किया। बिल गेट्स किसी काम के लिए राजधानी दिल्ली में थे। चंद्रबाबू को पता चला कि गेट्स राजधानी में हैं। वह गेट्स से मिलने की कोशिश कर ही रहे ही थे। उनकी तरफ से अमेरिका एंबेसी के अधिकारियों से गुजारिश की गई कि उनकी ( नायडू) गेट्स से मुलाकात करवा दी जाए। उन्हें बताया गया कि गेट्स बहुत व्यस्त हैं और अगर वे सच में उनसे मिलने को इच्छुक हैं तो वे शाम को एम्बेसी में आयोजित पार्टी में शामिल हो जाएं, वहां गेट्स मिलेंगे। वहां तय समय पर नायडू पहुंच गए, गेट्स से मिलने। वहां दोनों मिले। नायडू ने एक लैपटॉप के माध्यम से गेट्स को प्रेंजटेशन दिया। इस तरह का प्रेजेंटेशन देने वाले नायडू भारत के पहले नेता थे। यह सब देखकर गेट्स काफी प्रभावित हुए। इसके बाद हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट का विकास केंद्र स्थापित हुआ। उसके बाद तो हैदराबाद और आंध्र प्रदेश में दर्जनों आईटी कंपनियों ने तगड़ा निवेश किया।

खैर, हैदराबाद की बात होगी तो बिरयानी की चर्चा अवश्य होगी। दिनेश सी. शर्मा बियोंड बिरयानी में हैदराबादी बिरयानी की अखिल भारतीय स्तर पर लोकप्रियता को आर्थिक उदारीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण से जोड़कर देखते हैं। पिछले साल जोमेटो से हरेक सेकेंड 3.19 बिरयानी के ऑर्डर दिए गए। उधर स्विगी को हरेक सेकेंड 2.5 ऑर्डर मिले। इनकी कुल संख्या करोड़ों में है। इनमें सर्वाधिक ऑर्डर हैदराबादी बिरयानी के लिए थे। बीते दो-तीन दशकों के दौरान हैदराबाद की टेक और फार्मा कंपनियों में काम करने के लिए देशभर से नौजवान पहुंचने लगे। इसी तरह हैदराबादी भी अपने शहर से कामकाज के सिलसिले में बाहर निकले। इस तरह की दोतरफा आवाजाही से हैदराबादी बिरयानी लोकप्रिय होती गई और बिरयानी बेचने वालों की चांदी हो गई।

बिरयानी समोसे की तरह मध्य एशिया से भारत आई। कहा यह भी जाता है कि केरल का मालाबार वह इलाका है जहां अरब व्यापारी सबसे पहले आए। वे अपने साथ बिरयानी भी लाए। बिरयानी अब हमारी हो चुकी है। हालांकि हैदराबादी बिरयानी के कद्रदान कहते हैं कि हैदराबादी बिरयानी के सामने मुरादाबादी, दिल्ली और मालाबार की बिरयानी उन्नीस हैं।

हैदराबादी बिरयानी में मसालेदार, पका हुआ चावल, मांस, नारियल और केसर का तड़का लगाया जाता है। अगर इसे कायदे से बनाए तो खाने वाले का पेट भर सकता है, पर नीयत नहीं। बहरहाल, हैदराबाद की पहचान अब सिर्फ बिरयानी भर से नहीं होती। हैदराबाद अब आईटी का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## X ट्वीट

**संविधान** हमारा आधार है
संविधान हमारा विधान है
संविधान हमारा मान, हमारा स्वाभिमान है। देश को संविधान रूपी बहुमूल्य और महान ग्रंथ देने के लिए बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर समेत समस्त संविधान निर्माताओं को शत-शत नमन। संविधान दिवस के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**

**शुक्रिया,** झारखण्ड!

पिछले कुछ महीनों में रैलियों, सभाओं और रोड शो के दौरान आपका जो प्यार और समर्थन मिला, वह प्रेरणादायक है। आपके साथ मिलकर एक सशक्त और विकसित झारखण्ड का निर्माण करना हमारा संकल्प है।

**– कल्पना मुर्मू सोरेन, विधायक**

# बच्चों के सुरक्षित साथी हैं पेट्स

**रेणु लैसी फ्रांसिस**

## समाज

**पालतू** जानवर की बात सुनकर बच्चे के चेहरे पर एक बड़ी-सी मुस्कान आ जाती है। पैट्स बच्चों के दोस्त होते हैं और उनके साथ रहने पर उन्हें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है। पालतू जानवर किसी को भी बिना किसी शर्त के प्यार करते हैं। उनके साथ वह सुरक्षित महसूस करते हैं। पालतू जानवरों का प्यार बच्चों की भी मानसिक सेहत पर सकारात्मक असर डालता है। घर पर एक पालतू जानवर होने से बच्चे को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य मिलता है।

आज के समय में अधिकतर पैरेंट्स को एक समस्या का सामना करना पड़ता है और वह है बच्चे का आदत है। अधिकतर बच्चे घर में बैठे रहते हैं या फिर वीडियो गेम खेलते हैं या फिर फोन या टीवी पर लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपके घर में पालतू जानवर है तो आपको बच्चे की फिजिकल एक्टिविटी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पेट्स आपके बच्चे के लिए एक चंचल और सुरक्षित साथी होते हैं। बच्चों के लिए पालतू जानवर रखने के कई लाभ होते है। जैसे-

1- फिजिकल एक्टिव- घर में पेट्स रखने आपके बच्चे फिजिकल एक्टिव रहते हैं। छोटे बच्चों को पालतू जानवरों के साथ खेलना काफी पसंद होता है। अपने पेट्स के साथ घूमाने से लेकर उनके साथ खेलने और दौड़ने के कारण वह फिजिकल एक्टिव बनते हैं।

2-बच्चे के लिए थेरेपी होते हैं पेट्स- पेट्स बच्चे के बेस्ट फ्रेंड हो सकते हैं। अगर बच्चा किसी भी बात से उदास है, तो थोड़ी देर अगर घर में पालतू जानवर के साथ खेल ले तो वह खुशी महसूस करेगा। पेट्स के साथ खेलने से बच्चे का स्ट्रेस लेवल भी कम होता हैं।

3-नेगेटिव इमोशंस से रहते हैं दूर- अगर बच?चों के आसपास पेट्स रहते है तो इससे बच?चों के दिमाग से नेगेटिव विचार दूर रहते हैं और बच?चे के फोकस से डर जैसे नेगेटिव इमोशंस को दूर करने में आपको मदद मिल सकती है। पेट्स के साथ खेलने पर बच?चे को अच?छा महसूस होता है और उसका ध?यान नेगेटिव चीजों से हटता है।

4-सबसे अच्छे दोस्त- बचपन में बच्चे ऐसे दोस्त की तलाश करते हैं, जो उनका सच्चा दोस्त हो। जरूरी नहीं है कि वह जिससे दोस्ती करें, वह इंसान अच्छा ही हो या फिर उनकी दोस्ती हमेशा ही बनी रहे । ऐसे में बच्चे गलत दिशा में जा सकते हैं। लेकिन अगर घर में पेट्स हों तो बच्चों को उनके रूप से एक अच्छा और सच्चा दोस्त मिल जाता है। जिससे वह अपनी सारी बातें आसानी से शेयर कर सकते हैं क्योंकि उन्हें मालूम होता है उनका पेट्स उनकी सीक्रेट बातें दूसरों को नहीं बताएगा। वहीं दूसरी ओर, आपका बच्चा कभी भी खुद को अकेला महसूस नहीं करेगा।

5-जिम्मेदार बनाना - एक पालतू जानवर बच्चे को अधिक आत्मविश्वासी और जिम्मेदार बना सकता है। दरअसल, जब आप बच्चे को पेट्स की देखभाल की जिम्मेदारी देते है तो वह जिम्मेदार बनने के साथ-साथ आत्मविश्वासी भी बनते हैं। तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चे पालतू जानवरों के पानी और भोजन के कटोरे भरने जैसे आसान कार्य कर सकते हैं। जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता जाता है, वह पालतू जानवरों को घुमाने का काम कर सकता है। इस तरह आपके बच्चे में जिम्मेदारी का गुण आ जाता है।

6-पेट्स द्वारा बच्चे का व्यायाम- बच्चों के विकास के लिए एक?सरसाइज बहुत जरूरी होती है। इससे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। जब बच्चे पेट्स के साथ खेलते हैं, तो इससे उनकी एक्सरसाइज भी हो जाती है और अपने आप ही स्ट्रेस कम होने लगता है। यूनिवर्सिटी ऑफ मिसॉरी में हुई एक स्टडी के मुताबिक वॉक पर जाने के लिए सबसे अच्छा साथी डॉग ही होता है। इस स्टडी में सामने आया कि सप्ताह में 300 मिनट डॉग के साथ वॉक करना फायदेमंद होता है। इस तरह के व्यायाम से बच्चा फिट रहता है।

7-एलर्जी का खतरा होता है कम- कम उम्र में ही पेट्स के आसपास रहने से बच्चों में एलर्जी होने का खतरा कम होता है। पैट्स के बैक्टीरिया से बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत होने में मदद मिल सकती है और इससे आगे चलकर उन्हें एलर्जी होने का खतरा कम होता है। जो बच्चे एक से ज्यादा पालतू जानवर के पास रहते हैं, उनमें 77 पर्सेंट एलर्जी का खतरा कम होता है। पैट के साथ होने पर बच्चों को अकेलापन, एंग्जायटी और स्ट्रेस भी नहीं होता है। उनके लिए उनका पैट ही दोस्त सच्चा दोस्त होता है।

8-बच्चे में सहानुभूति बढ़ती है- घर में पेट्स हो तो बच्चे उनसे प्यार करना सीखते हैं। इनमें जानवरों के प्रति सहानुभूति का गुण विकसित होता है।वह जानवरों के साथ-साथ सभी लोगों के लिए सहानुभूति का भाव रखता है और बडे. होकर अच्छा इंसान बनता है।

# झारखंड को मिले विकास और निर्माण की नई दिशा



**रानी राज**

## सामयिक

मैं झारखंड प्रकृति का विशेष वरदान लिये ,खनिज संसाधनों से सम्पन्न, अपने उम्र के पच्चीसवें वर्ष की दहलीज में इतराते हुए घूस रहा हूँ। क्या नहीं है मेरे पास - प्राकृतिक संसाधन, युवा संसाधन, राजनीतिक शक्ति, महिला शक्ति,आर्थिक शक्ति, कौशल शक्ति , बुद्धि, विवेक, समय, सकब कुछ है ।पूरे भारत वर्ष में अलग पहचान है मेरी आदिवासियत समृद्ध संस्कृति के कारण । उद्योगपतियों - पूंजीपतियों की₹ लव एट फर्स्ट साइटहूँ मैं। हॉकी का पालना जिसकी भूमि में ,आज भी जिसके नेतृत्व में लगातार देश की महिलाएं हॉकी खेल रहीं, धौनी जैसे खिलाड़ी क्रिकेट को दिया, दीपिका जैसी धुरंधर तीरंदाजी को, गोलू और सैकड़ों होनहार हर क्षेत्र में पैदा किये । पद्मश्री मुकुंद नायक , एस. सी.रॉय, आर. डी. मुंडा आदि ने यहां की संस्कृति से विदेशों तक डंका बजाया।

उपरोक्त सुहावनी पंक्तियों के बावजूद ऐसी क्या है जो झारखंड जवान होकर भी आज विकास की राह में पच्चासों वर्ष पीछे है?

झारखण्ड राज्य का गठन बिहार से अलग किन परिस्थितियों में हुई है उनका अंदाजा उस समय बड़े नेता लालू प्रसाद के बयान से लगाया जा सकता है- अलग झारखण्ड राज्य का निर्माण मेरे लाश पर होगी। फिर भी अनेक बलिदानों के बाद अलग हुए स्वर्णिम सपने लिए हुए ।खनिजों के सही दोहन से राज्य आज देश का सबसे विकसित और अमीर राज्य हो सकता था।

यहाँ की बंदर बांट राजनीति अस्थिरता सबसे बड़ा कारण है विकास की कछुआ गति का। आज तक लोग यहाँ बस बाहरी भीतरी की लड़ाई में ही ऊर्जा खपा रहे ,एक सही नियोजन नीति,स्थानीय नीति का अता-पता नहीं ।जहाँ बिहार देश का तेजी से विकास करता और खास कर सेवा क्षेत्र में अधिक योगदान देने वाला राज्य साबित हो रहा वहीं झारखण्ड खनिज और अन्य संसाधनों में संपन्नता के बावजूद विकास की पिछली कदम ही चल रहा है ।बिहार की जनसंख्या से लगभग 4 गुनी कम होने के बावजूद विकास के पैमाने में कई गुना पीछे है । 2022-23 का आंकड़ा कहता है बिहार का बेरोजगारी दर जहाँ 3.9% है वहीं झारखंड में 4.7% ।जीडीपी दर तथा वृद्धि अनुपात दर दोनों ही में बिहार आगे है



जबकि खुद वह बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता है। सारी संभावनाओं के बावजूद बेबशी में खिलाड़ी माड़-भात खाकर देश को विदेशों से लोहा मनवा ले रहे। आज भी झारखंड में पलायन एक बड़ी समस्या बनी हुई है। विस्थापन नीतियां बस कागजों में ही सुशोभित हैं। बड़े शर्म की बात है आज 24 वर्षों में मात्र 7 सिविल सेवा की परीक्षाएं आयोजित की गयी हैं रिक्तियों के बावजूद वह भी विवादित ।इससे भी बड़ी शर्म की बात की आज चुनावी घोषणा पत्र में सीजीएल परीक्षा रद्द करेंगे और चेयरमैन की नियुक्ति करेंगे ,जैसी मुद्दा छप रहीं जहाँ आम तौर जनता की विकास की मुलभुत या अवसंरचनात्मक विकास की बातें छपा करती थीं। युवा कभी संविदा की जॉब के नाम पर तो कभी मुर्गी पालन के नाम पे छली जा रही। अभ्यर्थी 12 महीने में 8 महीने पढ़ाई करते हैं और बाकी के 4 महीने आंदोलन । करीब एक तिहाई से थोड़े ही कम आबादी का चुआड़ी की पानी और दिहाड़ी मजदूरी जीवन का आधार है आज भी ।राज्य में कुपोषण,भुखमरी अंधविश्वास ,जातिवाद जैसी कुरीतियां आज भी सर चढ़ कर बोलती हैं जहाँ अन्य राज्य उद्योग ,शिक्षा, नई तकनीक की ओर मूव ऑन कर रहे हैं ।बिहार की महिलाएँ आज यहां की तुलना में काफी आगे हैं ।चुनावी दौर चल रहे हैं महिलाएं गो-गो दीदी और मइयां सम्मान में रिझायी हुई हैं पुरुष वर्ग वही पौव्वा - पैंटी ,मुर्गा- खस्सी में व्यस्त है और छूट भइया नेता बनने में व्यस्त हैं,जैसे मानो उनकी विकास की दुनिया वहीं तक सीमित है ।न फर्स्ट क्लास हॉस्पिटल,न कॉलेज, उद्योग न पार्क बस छिछा लेदर राजनीति, ले दे कर ईडी ,सीबीआई से लड़ती लड़ाती प्रशासनिक व्यवस्था और इन सबके बीच में पिसती - ठगती बिचारी जनता। बने रहिए तमाशबीन और क्या.....

नहीं! सरकारों प्रशासकों के साथ आम नागरिक को उच्च जीवन स्तर के बारे सोचना होगा, वैश्विकरण की धुरी के साथ गति मिलाना होगा, तकनीकी विकास के साथ खुद को भगाना ही होगा और अब रोटी कपड़ा मकान से ऊपर उठना ही पड़ेगा तभी विकास की रफ़्तार तेज होगी और झारखंड समृद्ध होगा। जोहार।

**(लेखिका अंकेक्षण अधिकारी, बिहार सरकार हैं।)**

## स्पीड न्यूज

### एनएमएल बकरी बरवाडीह में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**बड़कागांव।** एनएमएल पकरी बरवाडीह ने सिकरी परिसर में संविधान दिवस का आयोजन एक अर्थपूर्ण और संलग्न कार्यक्रम के साथ किया, जिससे भारत के संविधान और इसके मूल्यों के महत्व को पुनः प्रतिष्ठित किया गया। कार्यक्रम में संजय कुमार दुबे जीएम (इन्फ्रा) ने एनएमएल पकरी बरवाडीह के विभागाध्यक्षों और कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई और सभी से देश के लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया। उत्सव के अंतर्गत संविधान पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों के भारत के संस्थापक दस्तावेज के बारे में ज्ञान का परीक्षण किया गया। प्रतियोगिता में अभिषेक पांडे सहायक प्रबंधक (माइनिंग) पहले स्थान पर रहे, जबकि श्री रमन उप प्रबंधक (माइनिंग)ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं मृणाल आनंद, इटी (एचआर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को संजय कुमार दुबे द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगठन के कर्मचारियों के बीच सीखने और जुड़ाव की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतीक था।

### कर्णपुरा कॉलेज में संविधान दिवस मनाया गया

**बड़कागांव।** कर्णपुरा महाविद्यालय, बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में संविधान दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर ज्योति जलधर ने कहा कि भारत का संविधान एक सर्वोच्च विधान है जो संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को पारित हुआ तथा 26 जनवरी 1950 से लागू हुआ। इसी की याद में 26 नवंबर के दिन देश में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। मुख्य वक्ता प्रो. लालदेव महतो ने कहा कि जब-जब देश की गणतंत्र की बात होगी तब तक देश के संविधान का नाम आना स्वाभाविक है। हमारा संविधान अनूठा संविधान है। आयोजक प्रभारी प्राचार्य कीर्ति नाथ महतो ने कहा कि संविधान दिवस जिसे राष्ट्रीय विधि दिवस के रूप में भी जाना जाता है। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. सुरेश महतो ने किया। प्रो. अनु कुमारी ने सभी को संविधान का शपथ पत्र पढ़कर शपथ दिलाई। मौके पर शिक्षक एवं शिक्षकेतर उपस्थित थे।

### महाप्रबंधक कार्यालय में संविधान दिवस मना



**रामगढ़।** 26 नवंबर को 11:00 बजे महाप्रबंधक कार्यालय अरगडा में संविधान दिवस 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अरगडा क्षेत्र संजय कुमार झा मौजूद रहे। कार्यक्रम में अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाजुल हक, प्रबंधक कार्मिक मनीष कुमार अम्बष्ट एवं कार्यक्रम संचालक नोडल अधिकारी (लीगल) निखिल श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी, सिलेक्ट बॉडी, सीएमओएआई, इनमोसा,एससी/एसटी/ओबीसी काउंसिल के प्रतिनिधिगण, महिलाकर्मी तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान संविधान शपथ, दीप प्रज्जवलन, डॉ आंबेडकर व डॉ राजेंद्र प्रसाद का स्मरण व माल्यार्पण, फोटो प्वाइंट विथ प्रियंबल तथा रीड द प्रियंबल कियोस्क का आयोजन हुआ।

### अंबेडकर पार्क एवं सिस्टा ऑफिस में संविधान दिवस मना



**रजरप्पा।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित अम्बेडकर पार्क रजरप्पा क्षेत्र एवं सिस्टा कार्यालय रजरप्पा क्षेत्र में भारतीय संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर की तस्वीर पर रजरप्पा क्षेत्रीय कमेटी के संरक्षक सह रिजनल उपाध्यक्ष महेन्द्र मिस्त्री, अध्यक्ष रोगन मांझी एवं सचिव जगन रविदास के द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उपस्थित सदस्यों को संविधान की शपथ दिलाई गई। मौके पर सिस्टा के कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सहित अरुणजय कुमार रवि, उमेश मांझी, जीत लाल मांझी, गोबिंद कुमार, संतोष रजक, जीतु कुमार बेदिया, कन्हैया राम, प्रकाश महतो, साबीर अंसारी आदि मौजूद थे।

### ममता देवी को मंत्री बनाया जाए : धर्मराज राम



**कुजू।** डटमा मोड़ में मंगलवार को कांग्रेस प्रदेश सचिव धर्मराज राम के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान धर्मराज राम ने संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर तथा तमाम सदस्यों को धन्यवाद एवं श्रद्धजंलि भी दी। इसके बाद रामगढ़ से दूसरी बार राजनीति के धुरंधर आजसू नेता सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को कांग्रेस नेत्री ममता देवी द्वारा पराजित किये जाने पर बधाई दी गयी। साथ ही कहा कि हम सभी कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से अनुरोध करते हैं कि ममता देवी को झारखंड केबिनेट में मंत्री बनाया जाए, ताकि झारखंड का सर्वांगीण विकास हो। बैठक में अकबर खान, संतोष मेहता, ललित राम, शिवा मेहता, आकाश ओझा, ब्रह्मदेव मुंडा, प्रकाश राम, सुनील केसरी आदि उपस्थित थे।

सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने मुनिश्री 108 सुयश सागर जी महाराज के पीछी परिवर्तन कार्यक्रम में लिया आशीर्वाद, कहा

# हजारीबाग में एक आधुनिक अस्पताल स्थापित किया जाएगा

- **कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने सदर विधायक को अंग वस्त्र भेंट कर किया अभिनंदन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के जैन मध्य विद्यालय में मंगलवार को जैन समुदाय के पूज्य मुनिश्री 108 सुयश सागर जी महाराज के पीछी परिवर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य रूप से शामिल हुए जिन्होंने महाराज श्री के श्री चरणों में श्रीफल अर्पित कर उनका परम आशीर्वाद प्राप्त किया। पीछी परिवर्तन जैन साधुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा है, जिसमें मुनि श्री अपनी पुरानी पीछी (मोर पंख से निर्मित उपसरण) को त्यागकर नई पीछी धारण करते हैं। यह परंपरा त्याग, शुद्धता और साधना के प्रतीक के रूप में मनाई जाती है। कार्यक्रम के दौरान जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारियों ने सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को अंग वस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। विधायक ने अपने संबोधन में जैन धर्म की अहिंसा, करुणा और त्याग की शिक्षाओं की सराहना करते हुए समाज के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भक्तों ने मुनि श्री के प्रवचनों का श्रवण कर उनका आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### मेरी कोशिश है कि हजारीबाग के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जाए : प्रदीप प्रसाद

मौके पर प्रदीप प्रसाद ने पीछी परिवर्तन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा, मैं पहली बार विधायक के रूप में आप सभी के बीच उपस्थित हुआ हूं और आपके आशीर्वाद का आकांक्षी हूं। मेरी कोशिश है कि हजारीबाग के लोगों के जीवन को बेहतर बनाया जाए। मैं आपके विश्वास को मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा। जल्द ही हजारीबाग में एक ऐसा आधुनिक अस्पताल स्थापित किया जाएगा, जहां पर बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह अस्पताल न केवल शहरवासियों बल्कि आसपास के क्षेत्रों के लोगों के लिए भी स्वास्थ्य सेवाओं का एक मजबूत केंद्र बनेगा। मैं हर वक्त आपकी सेवा में समर्पित रहने के लिए प्रतिबद्ध हूं। उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों और समाज की एकजुटता की सराहना करते हुए समाज के उत्थान में सभी के योगदान की प्रशंसा की।

## मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में प्रशिक्षुओं का विदाई समारोह आयोजित

- **दिग्विजय राणा मि. फेयरवेल, अंकित भारती मिस फेयरवेल, दिव्या मिस फेस ऑफ द डे एवं सुजीत मि. फेस ऑफ द डे चुने गए**

खबर मन्त्र संवाददाता



**पदमा।** प्रखंड अन्तर्गत कर्मटांड़ स्थित मां विन्ध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजूकेशन में बीएड सत्र 2022-24 का वर्तमान सत्र के प्रशिक्षुओं द्वारा विदाई समारोह आयोजित किया गया। डॉ. तनुज गुप्ता के समन्वयन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका प्रारंभ संस्था अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार मेहता एवं प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मंच संचालन प्रशिक्षु श्वेता राज लक्ष्मी तथा सुप्रिया राज ने किया तथा डॉ वीरेंद्र चौरसिया द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा अनूप कुमार मेहता ने प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। मौके पर उपस्थित प्राध्यापकों में प्रो. जितेंद्र झा, डॉ सुनील कुमार वर्मा, प्रो. अंशु लकड़ा, डॉ प्रियंका कुमारी, प्रो. डॉ नीतू उपाध्याय प्रो. राजेश कुमार, प्रो. सरिका मेहता, प्रो. प्रभात कुमार, प्रो अजीत कुमार कुशवाहा, प्रो. विवेक कुमार, प्रो. राजीव रंजन कुमार प्रो. अविनाश कुमार, सुश्री मून कुमारी, संजय राणा, अरविंद कुमार सिन्हा, अशोक कुमार, बबलू कुमार मौजूद थे। वर्तमान सत्र के प्रशिक्षकों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें स्वागत गान, नृत्य के रूप में गणेश वंदना, समूह नृत्य, झूमर, रैंप वॉक, म्यूजिकल तथा भाषण एवं चुटकुलों द्वारा कार्यक्रम को मनमोहक बनाया तथा वर्तमान प्रशिक्षुओं ने उपहार के रूप में डायरी एवं पेन देकर सत्र 2022-24 के प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिग्विजय राणा को मिस्टर फेयरवेल, अंकित भारती मिस फेयरवेल, कुमारी दिव्या मिस फेस ऑफ द डे एवं सुजीत मिस्टर फेस ऑफ द डे चुने गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षुओं में प्रेरणा, सारिका, रंजना, गुणवंती, श्वेता, संजना, जीनत तथा प्रीति आदि प्रमुख रहे।

### थ्रेसर से धान झाड़ने के क्रम में ट्रैक्टर में लगी आग, 600 बोझा धान जलकर राख

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के झुमरा निचली बस्ती के एक खलिहान में अचानक आग लग जाने से सैकड़ों बोझा धान जलकर राख हो गया। इस संदर्भ में भुक्तभोगी किसान झुमरा निवासी रोहन महतो पिता छेदी महतो ने बताया कि मैं अपने खलिहान में थ्रेसर मशीन से धान झाड़ने का कार्य कर रहा था इसी क्रम में ट्रैक्टर के इंजन में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की लपटें पूरा खलिहान को अपनी चपेट में ले ली। इस बीच आनन फानन में ग्रामीण आग बुझाने के लिए दौड़े जिससे तकरीबन एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि मैं एक किसान हूं कर्ज लेकर साझा खेती किया था। लगभग 600 बोझा धान जलकर राख हो गया। प्रशासन से मदद की गुहार लगाता हूं। वहीं ट्रैक्टर मालिक झुमरा निवासी कैलाश प्रसाद ने बताया कि स्वराज ट्रैक्टर से धनतेरस के दिन ही ट्रैक्टर खरीदा था और पहली बार इसमें थ्रेसर मशीन लगाकर कार्य कर रहा था अचानक इंजन में आग लग गई जिससे इंजन और आगे का टायर पूरी तरह से जल गया।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice , Tender Notice**

NIT No:. JUIDCO/NIT/Chhattarpur & Hariharganj Integrated/UWSS/638
Date: 25/11/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Chhatarpur & Hariharganj Integrated Urban Water Supply Scheme with 5years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering –http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 201,27,04,895.00 (Two Hundred One Crore Twenty Seven Lakh Four Thousand Eight Hundred Ninety Five Only/-) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs 25000/- Bid Security – Rs 2,01,27,100/- |
| 5. | Date & Time of Publication ofTender on Website | 26/11/2024; 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 03/12/2024; 17:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bid meeting | 03/12/2024; 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time ofBid Submission | 26/12/2024; 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 27/12/2024; 17:30 hours |
| 10. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin –834001. |
| 11. | Helpline No. of e-ProcurementCell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

Note Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340383 Urban Development and Housing(24-25)#D


## उपायुक्त की अध्यक्षता किया गया संविधान की प्रस्तावना का पठन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के नेतृत्व में उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, अपर समाहर्ता रामगढ़ कुमारी गीतांजलि सहित जिले के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के द्वारा संविधान की प्रस्तावना 'हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढाने के लिए दृढसंकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत दो हजार छह विक्रमी) को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।' का पठन किया गया।

साथ ही जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी बीरेंद्र प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलको द्वारा टाउन हॉल में, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, डीपीएम जेएसएलपीएस रीता सिंह सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालय में उनके कार्यालय प्रधान की अध्यक्षता में उनके कार्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का पठन किया गया।


**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो**

**आमंत्रण / सूचना**

प्रबंध निदेशक, झाश्कोफिश, रॉंची के पत्रांक 93 दिनांक 23.02.2024 के आलोक में जिले में अवस्थित सभी समितियों / बगल के जिले के स्थानीय समिति / मत्स्यजीवी सहयोग समिति को सूचित किया जाता है कि गरगा मत्स्य बीज प्रक्षेत्र पर अधिष्ठापित फिश फीड मिल को सफल संचालन हेतु से आवेदन आमंत्रण की जाती है। फीड मिल का संचालन झाश्कोफिश/अद्योहस्ताक्षरी के माध्यम से संचालित कराया जायेगा।

इच्छुक समिति से दिनांक 10.12.2024 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है। आवेदन स्वलिखित समिति के Letter Pad पर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.12.2024 को संध्या 5. 00 बजे तक जमा करना होगा।

1. झाश्कोफिश का सदस्यता प्रमाण पत्र ।
2. समिति का निबंधन प्रमाण पत्र।
3. अंकेक्षण प्रमाण पत्र वर्ष 2023–24
4. बैंक खाता की विवरणी।
5. सदस्यों की विवरणी।
6. घोषणा पत्र (नोटरी)।

नोटः– योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बोकारो

PR 340388 Fish(24-25).D


## जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में संविधान दिवस पर स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली

- **भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा एवं आस्था अक्षुण्ण रखने का किया आह्वान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एनएसएस प्रकोष्ठ के निर्देश पर मंगलवार को रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह झा के नेतृत्व में संविधान की प्रस्तावना का पाठन किया गया। इसके बाद संविधान के प्रति कर्त्तव्य, निष्ठा जागृत करने के लिए प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह झा, कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा और डॉ. विशेश्वर रविदास की अगुवाई में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। मौके पर प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह झा ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए संविधान में वर्णित नागरिकों के मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब संविधान सभा के कार्यकारी अध्यक्ष थे। संविधान को बनाने में 2 वर्ष 11 माह 18 दिन का समय लगा। संविधान से ही देश की व्यवस्था चलती है। हम सभी को संविधान में दिए नियमों के हिसाब से ही चलना पड़ता है। अगर कोई भी संविधान के निर्देशों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाती है। प्राचार्य ने उपस्थित विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों को भारत के संविधान के प्रति अपनी निष्ठा एवं आस्था अक्षुण्ण रखने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. देव प्रकाश प्रसाद, डॉ. एसपी पांडेय, प्रो. बाल कृष्णा, डॉ. विभा राय, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार दास, डॉ. एसपी दांगी, प्रो. मनोज कुमार, सुरेश सिंह, डॉ. एसएस पांडेय, डॉ. मिथिलेश कुमार, प्रो. टीके झा, प्रो. राजेश कुमार, सोमनाथ, नारायण, दीपक, सुशील, गायत्री, चंद्रशेखर, रामेश्वर, विमल, काजल, सुहाना परवीन, रानी, पुष्पा, मोनिका, राधा, हिना, अमित, वर्षा सामना आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।


**झारखण्ड सरकार**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।**

**ई–प्रोक्युरमेंट सूचना**

अतिअल्पकालीन ई० निविदा आमंत्रण सूचना संख्या RDD/SD/SIMDEGA/09//2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं० | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सिमडेगा जिला अन्तर्गत ठेठईटांगर प्रखण्ड अन्तर्गत राजाबासा पंचायत के अलंगसडकी नाला में डड़कापानी से जामपानी में लगा डोभा के पास उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 322.13400 | 645000.00 | 10000.00 | 18 Month |

2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 29.11.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में।
3.ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय–दिनांक 29.11.2024 से दिनांक 06.12.2024 को अपराह्न 3:00बजे तक
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 07.12.2024 अपराह्न 5:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, सिमडेगा।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9060405905 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरमाश नम्बर)
8- परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR 340411 (Simdega) 24-25 (D)


## विभिन्न मामलों में अभियुक्त महेंद्र ठाकुर का इफिको के अंदर पकड़ा जाना कई सवालों को दे रहा है जन्म

खबर मन्त्र संवाददाता

- **डीजल चोरी सहित कई मामले आ चुके हैं प्रकाश में**

**रामगढ़।** एसपी अजय कुमार ने सोमवार को प्रेस वार्ता में विभिन्न मामलों के अभियुक्त बोकारो गोमिया निवासी महेंद्र ठाकुर के पकड़े जाने की जानकारी दी। प्रेस वार्ता में बताया गया कि अभियुक्त 8 दिनों से छिनतई और चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहा था। अभियुक्त को कई मामलों में सजा भी हो चुकी है।

**इफिको के अंदर अभियुक्त पहुंचा कैसे :** विशेषज्ञ इस बात पर हैरानी जाहिर कर रहे हैं कि विभिन्न मामलों में सजा पाया अभियुक्त इफिको कैसे पहुंचा। विशेषज्ञों के मुताबिक अभियुक्त के इफिको के अंदर पकड़े जाने से सिद्ध होता है कि वहां की सुरक्षा व्यवस्था ढुलमुल है। प्रबंधन सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है।

**कई मामले आ चुके हैं प्रकाश में :** इफिको के अंदर से डीजल की चोरी कर बेचे जाने का मामला पहले भी कई बार प्रकाश में आ चुका है। जिसे रोकने में प्रबंधन विफल सिद्ध हुआ है। इसके अलावा इफिको के अंदर से चोरी आदि के मामले समय समय प्रकाश में आते रहे हैं। इसलिए विशेषज्ञों के कहना है कि इफिको प्रबंधन सुरक्षा व्यवस्था के प्रति गंभीर नहीं है इसलिए इस तरह के मामले प्रकाश में आ रहे हैं।


**कार्यालय, नगर पंचायत, बुण्डू (राँची)**
**पता- ब्लहक रोड, बुण्डू, पिन – 835204**
**Email Id- nagarpanchayatbundu@gmail.com**

पत्रांक – दिनांक –

**शुद्धि पत्र**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित e-Procurment Notice (Tenders Notice call) Very Short Notice – UDD/NIT/BNP/Paver Block/06/2024-25 जिसका PR NO - 338830 Urban Development (24-25) D दैनिक समाचार –पत्रों में प्रकाशित की गई थी, जिसमे किसी भी संवेदक द्वारा भाग नहीं लिए जाने के कारण रद्द किया जाता है ।

आओ मलिकर पर्यावरण बचाये, अपना जीवन बेहतर बनाएं

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 340438 Urban Development(24-25).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना संख्या –09 वर्ष 2024–25**

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांकः 03.12.2024 को अपराहृण 1.00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांकः 04.12.2024 को अपराहृण 3.00बजेतक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांकः 04.12º.2024 को अपराहृण 3.30 बजे तक।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्तीन : 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी। 2. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची।
7. परिमाण विपत्र की प्राप्ति का स्थान : 1. अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर अंचल, राँची। 2. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी।
8. कार्य की विवरणी –

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair & Maintenance of Birsa Munda Football Stadium at khunti, District Khunti. | 6,66,530.00 | 1,250.00 | 13,400.00 | 01 माह |

नोट :– झारखण्ड सरकार, पथ निर्माण विभाग के संकल्प सह ज्ञापांकः 2148 (S) राँची, दिनांकः 09.09.2020 के आधार पर निविदा का निष्पादन किया जाएगा।
निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है। परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 340447 Building (24-25)_D

स्पीड न्यूज

## टंडवा में मनाया गया भारतीय संविधान दिवस



**टंडवा (चतरा)।** मंगलवार को अम्बेडकर चौक टंडवा में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों द्वारा भारतीय संविधान दिवस मनाया गया, इस अवसर पर बाबा साहेब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की स्मारक में माल्यावर्ण कर उन्हें नमन किया और शपथ लिया। इस मौके पर समाजसेवी प्रयाग दास ने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य लोगों को संविधान की मूल बातें और इसके महत्व के बारे में जागरूक करना है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां सभी नागरिकों को समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त हैं। इस मौके पर उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, पंसस सदस्य सुभाष यादव, नीरज तिवारी, सुभाष दास, प्रयाग दास, जागेश्वर दास, कुलदीप राम, सूबेश राम, देवकी रजक, मो आशिक, अमीरका राम, राम पिंटू कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद थें।

## पतंजलि आईएस एकैडमी टीम ने बच्चों को दी जानकारी



**गिद्धौर।** प्रखंड में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में 26 नवंबर को रांची से आए टीम पतंजलि आईएस एकेडमी के निर्देशक संजय कुमार तिवारी संयोजक अनुराग अग्रवाल के द्वारा विद्यालय के बच्चे एवं बच्चियों को शिक्षा से जुड़े कई जानकारियां बताए। जिसमें विद्यालय के बच्चे बच्चियों को प्रशिक्षण हेतु शिक्षा से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया एवं इंटर के छात्र-छात्राएं सियुईटी परीक्षण से संबंधित जानकारी दिया गया। मौके पर प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह के साथ बसंत कुमार मिश्रा एवं दर्जनों शिक्षक शिक्षिका के साथ-साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## तंबाकू मुक्त नियंत्रण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**गिद्धौर।** प्रखंड में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर में मंगलवार को तंबाकू मुक्त नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जहां चतरा जिला से आए शशिकांत के द्वारा उपस्थित बच्चे बच्चियों को तंबाकू मुक्त से जुड़े कई जानकारियां बताएं ।यह कार्य एनटीसीपी के द्वारा प्रायोजित किया जा रहा था। जिसमें बच्चे बच्चियों को तंबाकू से बचने की बातें बताई गई। साथ ही साथ संविधान दिवस के शुभ अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका के साथ-साथ बच्चे एवं बच्चीयां उपस्थित थे।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ किया बैठक

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राहुल देव ने पंचायत सचिव, रोजगार सेवक के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित पंचायत सचिव को अधूरे पड़े आवास को पूर्ण करने का निर्देश दिया है। जबकि रोजगार सेवकों को मनरेगा से संचालित पुरानी योजनाओं को स्थल का सत्यापन कर अभिलेख बंद करने का निर्देश दिया है ।साथ ही साथ मनरेगा मजदूरों का जब आईडी कार्ड का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। बैठक में बीपीओ रंकुमार सिंह, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, उज्जवल कुमार सिंह, दिगंबर पांडे, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सत्येंद्र कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार,पार्वती कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# टंडवा एनटीपीसी प्लांट के जहरीले राख दुलाई से फैल रहा प्रदूषण, कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता





**चतरा।** टंडवा एनटीपीसी प्लांट के जहरीले राख दुलाई में लगी ट्रांसपोर्ट कंपनियां आरटीओ को मैनेज करके निर्धारित रूट को दरकिनार कर रही हैं, जिससे टंडवा सिमरिया खलारी बिजुपाडा ग्रामीण सड़क पर जहरीला राख दुलाई से ग्रामीण सड़क किनारे बसे गांव में तेजी से प्रदूषण फैल रहा है। सौरभ सागर एम इंफा नोकर्स कंपनी सड़कों पर जहरीला राख गिराते हुए मनमानी से पब्लिक सड़क पर राख गिरा रही है, जिससे ग्रामीणों को सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। घनी आबादी क्षेत्र से हो रहे राख दुलाई के कारण आमजनों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है। प्रदूषण निजात संघर्ष समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने सिमरिया एसडीओ सह आईएएस से कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो टंडवा का गेरुआ पुल कमीशनखोरी का भेंट चढ़ जाएगा।

**मिश्रौल-सिमरिया पब्लिक सड़क से हो रही फ्लाई ऐश की ढुलाई का विरोध :** मिश्रौल-सिमरिया पब्लिक सड़क से हो रही फ्लाई ऐश की ढुलाई से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने हाईवा को रोककर वापस कर दिया और बताया कि गीला फ्लाई ऐश सड़क में गिरने से आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है और घरों व दुकानों में धूल कण घुस रहे हैं। उनका कहना है कि कोयला और फ्लाई ऐश की ढुलाई पब्लिक सड़क से नहीं होनी चाहिए, इसके लिए अलग ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाई जानी चाहिए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आम जनता के साथ मिलकर आंदोलन करेंगे।

## कैपिटल विश्विद्यालय में संविधान दिवस का आयोजन

**कोडरमा।** कैपिटल विश्वविद्यालय में संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन सांस्कृतिक समन्वयक डॉ.सुलोचना नायक द्वारा किया गया।

## प्रखंड परिसर में मना संविधान दिवस

**मरकच्चो (कोडरमा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव के आदेशानुसार प्रखंड परिसर में मंगलवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर में बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, पीएलभी महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा, मुकेश राम के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाया गया। वहीं बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि भारतीय संविधान हमारी सभ्यता और संस्कृतियों का समागम है। मौके पर नागेश्वर राम, सियाराम सिंह, अरविंद कुमार, रूपलाल यादव, समेत प्रखंड व अंचल कर्मी मौजूद थे।

# ओपीडी में आने वाले यक्ष्मा के संदिग्ध मरीजों का आवश्यक जांच करायें : सीएस

### यक्ष्मा उन्मूलन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सिविल सर्जन सभागार में मंगलवार को यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएस डॉ.अनिल कुमार व डीटीओ डॉ.रमण कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

वहीं सीएस डॉ. कुमार ने कहा कि ओपीडी में आने वाले यक्ष्मा के संदिग्ध मरीजों की पहचान करते हुए उनका समुचित जांच करवाना सुनिश्चित करें, यक्ष्मा रोगियों के लिए सदर अस्पताल समेत सभी सीएचसी में इलाज व जांच निःशुल्क है, जिन लोगों को 15 दिन से अधिक खांसी की शिकायत हो तो ऐसे मरीजों का टीबी जांच जरूर करवायें, इसके पूर्व डीटीओ डॉ. कुमार ने चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओपीडी में आने वाले मरीजों में से 5 प्रतिशत मरीजों खास कर टीबी के संदिग्ध मरीजों का बलगम जांच, एक्सरे करवाने पर जोर दिया जाय, साथ ही अपने अपने क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों और आमजनों को जागरूक करते हुए प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र अभियान बनने के लिए प्रेरित करें। वहीं डीएस डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि क्षय रोग से ग्रसित मरीजों का इम्यूनिटी कमजोर हो जाता है, ऐसे में इन मरीजों को प्रोटीनयुक्त आहार लेना आवश्यक है। वहीं प्रशिक्षक डॉ. अरुतसेल्विन राजेन्द्रीयान द्वारा सभी प्रखंडों से आये चिकित्सकों को यक्ष्मा बीमारी के लक्षण, उपचार और खानपान पर विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर डॉ. कुलदीप कुमार, डॉ. आशीष राज, डॉ. सुनील कुमार यादव, डॉ. आशीष कुमार यादव, डॉ. गौरव कुमार, डॉ.सत्यनारायण भक्त, डॉ. आकांक्षा, डॉ. प्रियांशु, डॉ.प्रशांत कुमार, डॉ. आरके दुबे, डॉ.आरएस चौधरी आदि मौजूद थे।

## प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक की गई। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे वित्तीय समावेश, ऋण एवं बीमा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। वित्त मंत्रालय भारत सरकार के अनुसार 15 अक्टूबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक मरकच्चो प्रखंड के सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन कर जन सुरक्षा योजना जैसे प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनायों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने का निर्देश प्राप्त है। इस संदर्भ में बीडीओ द्वारा सभी शाखा प्रबंधक बीसी को शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही उद्योग विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे पीएम एफएमई, पीएम ईजीपी में ज्यादा से ज्यादा आवेदनों को स्वीकृत करने का निर्देश दिया गया। बैठक में किसानों के केसीसी लोन देने के लिए त्वरित कार्यवाही करने, सभी किसानों को केसीसी उपलब्ध कराने को कहा गया।

## ग्रिजली कॉलेज में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में 75वां संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत एवं सभी सहायक प्राध्यापक सहित प्रशिक्षुओं द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य ने संविधान के विविध प्रावधानों एवं अनुच्छेदों को विस्तार पूर्वक अवगत कराया। वहीं बीएड. सत्र 2023-25 की प्रशिक्षु रिंकी कुमारी ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना करवाई। वहीं सौरभ शर्मा ने संविधान की महता से अभिभूत कराया, साथ ही संविधान की विभिन्न अनुसूचियों पर विशेष बल देते हुए संविधान निर्माण समिति से संबंधित विविध जानकारियों पर विस्तृत रूप से बताया। मौके पर डॉ. पंकज कुमार पांडेय, ड मनीष कुमार, वीरेंद्र यादव, स्वर्ण सिंह, मनीष कुमार सिन्हा, खुशबू कुमारी सिन्हा, सीताराम यादव, चुन्नु कुमार, सुचित कुमार, दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, अनिल दास पासवान समेत सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

# मॉडर्न पब्लिक स्कूल में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में भारतीय संविधान दिवस को पुरे उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को आकार देने में भारतीय संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने छात्रों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना सुनाकर की, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मौलिक आदर्शों को मजबूत किया गया।

## मंजुला शर्मा मेमोरियल अकादमी में संविधान दिवस मना

**डोमचांच (कोडरमा)।** मंजुला शर्मा मेमोरियल प्लस टू अकादमी में मंगलवार को संविधान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## संविधान दिवस पर पदाधिकारियों और कर्मियों ने लिया राष्ट्र की एकता का शपथ

**कोडरमा।** संविधान दिवस के मौके पर समाहरणालय परिसर में डीडीसी ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले के पदाधिकारियों और कर्मियों ने राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाये रखने तथा संविधान को सर्वोपरि बनाये रखने का शपथ लिया। इसके अलावे जिले के सभी प्रखंड मुख्यालयों व विभिन्न कार्यालयों में सम्बंधित विभाग के वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मियों ने शपथ लिया।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में मनाया गया संविधान दिवस

**कोडरमा।** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में मंगलवार को एनएसएस प्रभारी सहायक प्राध्यापक मो.सेराज के नेतृत्व में संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना को सबों ने पढ़कर शपथ लिया। वहीं प्राचार्या डॉ.लक्ष्मी सरकार ने कहा कि भारतीय संविधान में भारत में लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किया है। धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद इसकी आत्मा है। डॉ. कलाम भी एक उदाहरण है, जिन्होंने देश के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया।

# हर किसी के हितों की रक्षा हो ऐसा विधान है, सबको जोड़कर रखे ऐसा भारत का संविधान है



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल विद्यालय में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भारत के संविधान के बारे में अनेक जानकारियां दी गईं। साथ ही बच्चों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए संविधान के सम्मान की शपथ ली। वहीं प्रधानाचार्य राहुल घोष ने संविधान के जनक भीमराव बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर को मल्यारपन और दीप प्रज्वलन कर किया। वहीं अशेष भुजेल ने कहा कि संविधान में दिए गए सभी अधिकार एवं कर्तव्य आम नागरिक के सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाए गए हैं। वहीं अशोक कुमार लाल ने कहा कि किसी भी संस्था या समाज को सुचारु रूप से चलने के लिए कुछ नियम कानून की जरूरत होती है, ठीक उसी प्रकार देश को सुचारु रूप से चलाने के लिए संविधान की जरूरत होती है। इस अवसर पर आकर्षक कविताएं और उत्तम भाषण प्रस्तुत किये गये। वहीं राम लखन सिंह ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और कहा की संविधान दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य संविधान में निहित मौलिक अधिकार और कर्तव्य की जानकारी प्रदान करना है। संविधान के नियमों का पालन करते हुए प्रत्येक व्यक्ति अपने समाज और देश का उत्थान कर सकता है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा चतुर्थ की छात्र ऋद्धिमा सिंह ने किया। वहीं निर्देशक सम्पा सिंह ने बच्चों की सराहन की तथा शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर एमडी इकबाल, पूजा शेखर, उजाला सिंह, इंदु, ज्योतिषना, आशीष, सैफ, काजल, चंपा आदी मौजूद थे।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में संविधान दिवस धूम-धाम से मना



**कोडरमा।** चाराडीह स्थित बीआर इंटरनेशनल स्कूल में मंगलवार को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिक्षक केदार साव बच्चों को भारतीय संविधान के निर्माण प्रक्रिया, ड्राफ्टिंग कमेटी और इसके सदस्यों की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके पश्चात् उन्होंने संविधान की प्रस्तावना का महत्व समझाया और इसे पढ़कर सुनाया। वहीं बच्चों को संविधान के प्रति निष्ठा और उसके आदर्शों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

एक नजर में

## डीसी ने किया अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** संविधान दिवस के अवसर पर चतरा के समाहरणालय परिसर में उपायुक्त रमेश घोलप, वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों ने संविधान के अनुपालन हेतु शपथ ली। सर्वप्रथम उपायुक्त रमेश घोलप और जिले के वरीय अधिकारियों और कर्मियों ने भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने भीम राव अंबेडकर के चित्र पर किया माल्यार्पण



खबर मन्त्र संवादाता

**हंटरगंज।** देश भर में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर चतरा जिला सहित हंटरगंज प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी कार्यालयों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हंटरगंज प्रखण्ड कार्यालय परिसर में निखिल गौरव कमान कच्छप के नेतृत्व में संविधान दिवस मनाई गई। इस दौरान बीडीओ ने सारे कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। सबसे पहले हंटरगंज के पानीटंकी से कौलेश्वरी मुख्य द्वार तक बैनर तले समर्थकों ने रैली निकाली । रैली में जय भीम - जय भीम का नारा लग रहा था और सड़क के चारों ओर नीला ही दिखाई दे रहा था। इसके बाद समर्थकों ने डाक-बंगला परिसर आवास में कार्यक्रम का आयोजन किया।

## हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान थीम पर कार्यक्रम आयोजित



**चतरा।** जिले के हंटरगंज स्थित राम नारायण मेमोरियल कॉलेज के प्रांगण में एनएसएस के बैनर तले भव्य रूप से संविधान दिवस का आयोजन किया गया ।यह कार्यक्रम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के थीम पर आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विभाग की प्रोफेसर कुमारी मंजू सिंह एवं संचालन एनएसएस पीओ डॉ० फहीम अहमद ने किया ।कार्यक्रम का शुभारंभ एन एसएस के लक्ष्य गीत से भूगोल विभाग की प्रोफेसर पूजा सिंह, सुहानी कुमारी,दया श्री ने संयुक्त रूप गा कर किया।

## विद्यालय के बच्चों को किया गया जागरूक

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत द्वारी पंचायत में संचालित उत्क्रमित उच्च प्लस टू विद्यालय द्वारी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव महोदय के आदेशानुसार संविधान दिवस के शुभ अवसर पर संविधान के पाठ अध्ययन किया गया। तथा कर्तव्य और अधिकार के बारे में,शिक्षा का अधिकार,सड़क सुरक्षा संबंधी बच्चों को जानकारी दी गई। जिसमें स्पष्ट रूप से 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन नहीं चलने का निर्देश दिया गया। यदि कम उम्र केबच्चे वाहन चलाते हैं तो यह कानूनी अपराध है।

## विधायक जनार्दन पासवान ने निकाला विजय जुलूस, मतदाताओं का किया आभार व्यक्त



खबर मन्त्र संवादाता

**हंटरगंज।** चतरा विधानसभा क्षेत्र के लोजपा प्रत्याशी सह वर्तमान विधायक जनार्दन पासवान ने अपनी जीत की खुशी में मंगलवार को हंटरगंज में विजय जुलूस निकाला। सबसे पहले सैकड़ों समर्थकों ने उन्हें प्रतापपुर मोड़ पास गर्म जोशी के साथ स्वागत किया प्रतापपुर मोड़ से एक वाहन पर जुलूस शुरू हुआ। जुलूस गया - चतरा मुख्य पथ हंटरगंज बाजार से होकर गुजरते हुए बारहगांवां द्वार पहुंचा। गाजे-बाजे के साथ निकाले गए विजय जुलूस में विधायक जनार्दन पासवान ने मतदाताओं का आभार व्यक्त कर रहे थे।

## उपायुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई ।जनता दरबार में मुख्य रूप से मनरेगा से संबंधित, भूमि विवाद, शिक्षा विभाग, राशन, आवास, पेयजल आपूर्ति से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से 01.00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## भाजपा का विजय जुलूस आज

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड भाजपा कमेटी द्वारा लातेहार विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम की विजय होने की खुशी में आज विजय जुलूस निकाला जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के साथ इस विजयी जुलूस में बालूमाथ प्रखंड छेत्र के झाबर, मसियातू, बालू, आरा. चमातु, शेरे गढ़ा, मुरपा, रजवार, धाधू, चेताग, मारंगलोइया, गणेशपुर के हजारो ग्रामीण इस विजयी जुलूस में शामिल होंगे। विजय जुलूस में शामिल होने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश हाई पर है भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि भले उनकी सरकार नही बन रही है। लेकिन इस क्षेत्र के सवार्गीण विकास के लिए प्रकाश राम की जीत जरूरी थी। विजय जुलूस के लिए रामगढ़ से बैंड पार्टी को बुलाया गया है। विजय जुलूस का आयोजन दोपहर 12:00 से किया गया है।

## बनवारी साहू महाविद्यालय में मनाया गा संविधान दिवस



**लातेहार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में बनवारी साहू महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. आंबेडकर के चित्र पर महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी महाविद्यालय के कर्मचारिगण, छात्र एवं छात्राओं के द्वारा संविधान की शपथ ली गई। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारि प्रो नवल किशोर प्रसाद, प्रो. शत्रुघ्न मेहता, प्रधान सहायक रेणु कुमारी, अनुपम मिश्रा, बृजकिशोर प्रसाद, शिव कुमार तिवारी तथा महाविद्यालय के सभी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

## हर्षोउल्लास के साथ मनाया संविधान दिवस

**बारियातू।** प्रखंड स्थित नचना सरना भवन मे मंगलवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता मे संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन राजू रामवृक्ष लोहरा व संजय राम ने की। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी,रांची से आए वक्ता शम्भू शंकर गुरु जयराम दा चंदवा प्रमुख राजू उरांव, प्रेम गंझु, पूर्व मुखिया प्रमोद उरांव, विजय भुइयाँ, संजय कुमार रवि, नंदू उरांव, रविदास समाज प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार राम, मुखिया केदार गंझु, दुलारचंद पासवान, कैलाश राम, सिआई अनिल होरो,प्रधान सहायक कपिलदेव सिंह, राजस्व कर्मचारी नंददेव राम, राजू राम सहित अन्य अतिथियों ने द्वीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का शुरूआत की गई। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों को बैच व अंग वस्त्र तथा संविधान की पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मनोज लोहरा, कमलेश भुइयाँ, रामधन राम, अरुण कुमार, वीरेंद्र राम,पूरन राम, श्याम लोहरा, राकेश लोहरा, सुरेश राम,दीपक लोहरा,महेंद्र उरांव, मनोज राम,रवि साव, अमिता लोहरा, मुना राम,कुलदीप गंझु, रामशंकर रविदास, रामधारी गंझु, भोला राम, कार्तिक कुमार, रामदेव राम,रीना कुमारी, दीपू लोहरा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

**सफलताः** 20 नवंबर को पांच हाइवा पर आगजनी व फायरिंग की घटना को दिया था अंजाम

# हाइवा जलाने वाले दो जेजेएमपी पुलिस ने उग्रवादियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

**लातेहार।** बीते 20 नवंबर को जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लातेहार नवादा मुख्य सड़क के लात जंगल में अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा तुबैद कोल माइन्स से बालूमाथ कुसमाही साइडिंग के बीच चलने वाले पांच हाईवा पर आगजनी एवं फायरिंग की घटना के मामले में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने घटना में शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रेसवार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि उपरोक्त कांड में शामिल अपराधकर्मी बन्दुवा जंगल के इलाके में पुनः आगजनी एवं फायरिंग करने की योजना बनाने के लिए एकत्रित हुए है। जिनकी गिरफ्तारी को लेकर स्पेशल ऑपरेशन ड्रेगन 24/25 दल का गठन कर छापामारी अभियान चलाया गया। इसी क्रम में बन्दुवा जंगल में पुलिस बल को देखते ही उग्रवादियों के द्वारा पुलिस बल को निशाना बनाते हुए फायरिंग की गई तदोपरांत पुलिस बल के द्वारा जबाबी कार्रवाई की गई पुलिस बल को भारी पडता देख उग्रवादी फायरिंग करते हुए जंगल का लाभ लेते हुए अपना हथियार एवं गोली को झाडियों में फेकते हुए भागने लगे। जिसमें से पुलिस बल के द्वारा खदेड कर घटना में शामिल दो अपराधकर्मी को पकडा गया। गिरफ्तार अपराधियों में लातेहार जिले के अजय कुमार उर्फ अजय गंझू 20, पिता विफा गंझू, ग्राम बन्दुवा, थाना हेरहंज और उपेन्द्र यादव 24, पिता राधेश्याम यादव, ग्राम भदईबथान, मनिका थाना क्षेत्र का निवासी है। पुलिसिया पुछताछ में इन्होंने अपने आपको जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का सदस्य बताया तथा 20 नवंबर को लात जंगल में पांच हाईवा में आगजनी एवं गोलीबारी की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया।

### घटना स्थल से बरामद समान

गिरफ्तार दोनो अपराधकर्मियों के निशानदेही पर घटना स्थल पर सर्च अभियान में पुलिस को निम्न समानों की बरामदगी हुई है। जिसमें 1ए 1 एक एसएलआर रायफल 7.62 एमएम, तीन मैगजीन, 7.62 एमएम एक सौ चौदह राउण्ड जिन्दा कारतुस एवं (एक) चक्र मिस फायर, एम 1 ग्रेनेड 30-06 सेमी ऑटोमेटिक अमेरिकन मेड एक रायफल, एम 1 ग्रेनेड का तीन कारतुस चार्जर, 30-06 का तैतालिस राउण्ड जिन्दा कारतुस एवं एक मिस फायर कारतुस, 5.56 एमएम का एक देशी निर्मित रायफल मैगजीन लगा हुआ, मैगजीन को खाली करने पर 5.56 एमएम का नौ चक्र जिन्दा कारतूस, 9.96 एमएम का चवालिस राउण्ड जिन्दा कारतुस, कारतुस रखने वाला तीन पाउच, एक चित्कबरा वर्दी, दो पिठु बैग और झारखण्ड जनमुक्ती परिषद झारखण्ड उग्रवादी संगठन का बैजनाथ जी के नाम से हस्तलिखित धमकी भरा नक्सली पर्चा, तीन की-पेड मोबाईल आई टेल कम्पनी एवं एक जिओ कम्पनी का मोबाईल, पॉकेट डायरी, एक तिरपाल, चार कंबल और एक पल्सर मोटर साईकिल जेएच 19 डी 9849 है।

### छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी व कर्मी

छापामारी दल में बालूमाथ एसडीपीओ बिनोद रवानी एवं इनके अंगरक्षक, पुनि परमानन्द बिरुवा, सीआरपीएफ इंस्पेक्टर पंकज कुमार एवं उ/11 कंपनी के जवान, पुअनि शशि कुमार, थाना प्रभारी मनिका एंव सशस्त्र बल मनिका थाना, पुअनि कृष्णपाल सिंह पवैया, थाना प्रभारी हेरहंज, एवं सशस्त्र बल हेरहंज थाना, पुअनि देवेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी बारियातू व जितेन्द्र कुमार, सअनि मिथलेश पासवान व सुबोध कुमार सिंह हेरहंज थाना, सअनि उमापद महतो एवं सैट-01 सशस्त्र बल, सअनि अफताब आलम एवं सैट 207 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अवैध तरीके से कोयला खनन वाले स्थानों को डोजरिंग कर किया गया बंद

➲ इंस्पेक्टर पदम लोचन ओहदार ने कहा कि आगे भी जारी रहेगा अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



ध्वस्त करता जेसीबी।

**लातेहार।** जिला खनन पदाधिकारी नदीम शफी के निर्देश पर मंगलवार को सिकनी के विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर दर्जनों अवैध कोयला सुरंगों को डोजरिंग कर बंद कर दिया। साथ ही अवैध सुरंग तक जाने वाले रास्तों को भी काट कर अवरूद्ध कर दिया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए खनन विभाग के इंस्पेक्टर पदम लोचन ओहदार ने कहा कि डोजरिंग के माध्यम से अवैध कोयला सुरंगों को ध्वस्त कर दिया गया है ताकि किसी भी हालत में अवैध उत्खनन का कार्य संचालित ना हो सके। श्री ओहदार ने आगे कहा कि क्षेत्र में किसी भी हालत में अवैध कार्य नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवैध खनन वाले 11 स्थानों को डोजरिंग कर अवरूद्ध कर दिया गया है। अवैध खनन वाले स्थानों पर हमेशा गैस का खतरा बना रहता है, चाल धंसने का खतरा बना रहता है साथ ही इन स्थानों पर हमेशा पानी का भी खतरा बना है, जिससे बचने के लिए यह अभियान चलाया गया है, ताकि किसी भी अनहोनी होने से बचा जा सके। अभियान के दौरान श्री ओहदार ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

cmpdi A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिज़ाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, कॉक रोड राँची - 834008, झारखंण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO BHAWAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI, JHARKHAND
Ph. No.: +91-651-2225878, e-mail Id juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752,

**e-Procurement Notice**
**Tender Notice**

NIT No:. JUIDCO/NIT/Shri Banshidharnagar/UWSS/637 Date: 25/11/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Shri Banshidharnagar Urban Water Supply Scheme with 5 years of Operation and Maintenance |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering – http://jharkhandtenders.gov.in |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 121,87,13,406.00 (One Hundred Twenty- One Crore Eighty-Seven Lakhs Thirteen Thousand Four Hundred Six Only/-) |
| 4. | Tender Fee and Bid Security | Tender Document Fee – Rs 25000 Bid Security – Rs 1,21,87,200.00 |
| 5. | Date & Time of Publication of Tender on Website | 26/11/2024; 17:00 hours |
| 6. | Last Date & Time of submission of pre-bid queries | 03/12/2024; 17:00 hours |
| 7. | Date & Time of pre-bidmeeting | 03/12/2024; 15:00 hours |
| 8. | Last Date & Time of Bid Submission | 26/12/2024; 17:00 hours |
| 9. | Date & Time of Bid Opening | 27/12/2024; 17:30 hours |
| 10. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Pin –834001. |
| 11. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878/ 9973768183 |

Note Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//: jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR 340391 (Urban Development and Housing) 24-25 (D)

## प्रखंड कार्यालय, ग्रीनफील्ड एकेडमी समेत कई संस्थानों में मनाया गया संविधान दिवस, दिलायी गयी शपथ

➲ संविधान से देश के प्रत्येक नागरिक को मिला समानता का अधिकारः अरविंद सिंह

खबर मन्त्र संवददाता



शपथ लेते लोग।

**चंदवा।** संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय समेत सभी पंचायत सचिवालय में संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड परिसर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ चन्दन प्रसाद समेत अधिकारियों एवं कर्मियों ने डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत बीडीओ श्री प्रसाद संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला व उपस्थित कर्मियों को संविधान की शपथ दिलाई। मौके पर कई कर्मी मौजूद थे। इसके अलावे राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव के निर्देश पर प्रखंड राजद की इकाई ने भी संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव रशीद खान ने की। उन्होने उपस्थित राजद कार्यकर्ताओ ने संविधान प्रस्तावना की शपथ दिलाई। कहा कि आज हमारे संविधान के 75 साल पूर्ण हो गए है। भारत वर्ष का संविधान पूरे विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। मौके पर दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं स्थानीय ग्रीन फील्ड एकेडमी सीनियर विंग प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने प्लेकार्ड बनाकर संविधान की महत्ता को दशार्या। विद्यालय के प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने संविधान को अपनाया था। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। वहीं निदेशक अरविंद सिंह ने कहा कि देश का संविधान सर्वोपरि है। संविधान से हीं देश के प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार मिला है। इसका अनुपालन हर परिस्थिति में होना चाहिए। वही विद्यालय की चेयरमैन आनंदी सोरेंग ने कहा कि संविधान देश की आत्मा है। इसके आलोक में ही देश आगे बढ़ सकता है। इसके अलावे विद्यालय के शिक्षक रघु उरांव, रंजन शर्मा ने भी अपने वक्तव्यों के माध्यम से बच्चों को संविधान का बोध कराया। इस मौके पर विद्यार्थियों को संविधान की शपथ भी दिलाई गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व सैकड़ो विद्यार्थी मौजूद थे।

## व्यवहार न्यायालय लातेहार में मनाया गया संविधान दिवस



शपथ लेते न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ताओं।

**लातेहार।** माननीय झालसा के निदेशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में व्यवहार न्यायालय लातेहार में संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर जिला के न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारी एवं पारा लीगल वोलंटियर ने संविधान के उद्देशिका को पढ़ा। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ने कहा कि भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष, समतावादी ढांचे को परिभाषित करने वाला आधरभूत दस्तावेज है। हमारा संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है। भारत सरकार के राजनीतिक सिद्धांत, अभ्यास और शक्तियां संविधान पर ही आधारित हैं। उन्होंने कहा कि देश का एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह कर्तव्य है कि हम अपने संविधान का सम्मान करें। देश आजाद होने के बाद हर भारतीय नागरिक संविधान द्वारा उसे दिये गये मौलिक अधिकारों का आंनद लेते आ रहा है। लेकिन इसके साथ साथ देश के कानून का पालन करने और संविधान में दिये गये मौलिक कर्तव्यों को निभाने का भी संकल्प लेना चाहिए। उन्होने कहा कि अपने कर्तव्य पथ पर चलते हुए ही हम देश को विकास की नई उंच्चाई पर ले जा सकते हैं। इस मौके पर सभी न्यायिक पदाधिकारीगण, बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पीएलवी के सदस्य मौजूद थे।

## अनियंत्रित होकर हाईवा ट्रक वाहन पलटा

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंजो पंचायत स्थित बूढ़ाखैर मोड़ में राष्ट्रीय मार्ग-39 पर दिन मंगलवार को दोपहर में एक हाईवा ट्रक वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें चालक व उपचालक बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जेएच 10 सी एक्स 3200 नंबर की हाईवा ट्रक वाहन कोयला लोड करके डालटेनगंज की ओर से रांची की ओर जा रही थी इसी दौरान बूढ़ाखैर मोड़ के पास वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कि वाहन में लोड कोयला बिखर गया साथ ही वाहन का अगला हिस्सा भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया।

## सड़क किनारे झाड़ियों से युवक का शव बरामद



रोते बिलखते परिजन।

**लातेहार।** सदर थाना अंतर्गत मंगलवार को डुंडगी गांव के पास सड़क किनारे झाड़ियों से एक शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान लातेहार के चटनाही ग्राम निवासी श्रीराम लोहरा के रूप में की गई। युवक के सिर में चोट के गहरे निशान है। इससे आशंका जतायी जा रही है कि उसकी हत्या की गयी है। बता दें कि मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक का शव डुड़गी गांव में सड़क के पास झाड़ियों मे पड़ा है। इसके बाद थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस बल घटना स्थल पहुंची और शव को सदर अस्पताल लाया गया। वहीं युवा नेता श्रवण पासवान सदर अस्पताल पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। शव की शिनाख्त होने के बाद उसके परिजनों को इसकी सूचना दी गयी। सूचना मिलने के बाद युवक की पत्नी व अन्य परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि श्रीराम लोहरा एक वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने गया था और घर लौट रहा था। पुलिस ने शव का अंत्यपरीक्षण करा कर परिजनों को सौंप दिया है। इधर मृतक की पत्नी का रो- रो बुरा हाल है।

## सखुआ के बोटा के साथ सात लकड़ी तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा -जेल



बोटा के साथ गिरफ्तार तस्कर।

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध लकड़ी के साथ 7 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कु.सिंह और प्रभारी वनपाल नंदलाल साहू के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार चुंगरू पंचायत के नावाडीह चकलवा टोला में तस्करों द्वारा अवैध सखुआ लकड़ी की तस्करी की तैयारी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम ने मौके से कमलेश यादव, कृष्णा यादव, चंद्रदेव यादव, सोनू यादव, नागेंद्र यादव, दिलेश्वर यादव और लालू यादव को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी नावाडीह के निवासी हैं। छापेमारी में तस्करों के पास से सात साइकिलों पर लदी हुई 13 पीस सखुआ लकड़ी बरामद की गई। जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये बताई गई है। बरामद लकड़ियों को छिपादोहर वन विभाग परिसर में जमा कर दिया गया है। आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें लातेहार जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में सब-इंस्पेक्टर रितेश कुमार राय, आईआरबी के सरोज दास, एएसआई राजेश कुमार, वनपाल नवीन प्रसाद, अमित प्रसाद, बैजनाथ रविदास, राम निवास, अभिषेक कुमार, दिलीप कुमार और राहुल कुमार दास शामिल थे।

## डीडी ने संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित



शपथ लेते डीसी।

**लातेहार।** संविधान दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभागार में संविधान दिवस की शपथ दिलाई गई। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की उपस्थिति में संविधान के प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया गया। डीसी ने कहा आइए हम सब मिलकर आज संविधान दिवस के अवसर शपथ लेते हैं कि समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना तथा डॉ भीमराव अंबेडकर के इस अमूल्य योगदान और उनके विचारों व आदर्शों का स्मरण करें।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- ceredapfsdran-jhr@nic.in

**e-Procurement Very Short Notice**
**3rd call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD/AP/ RAN/39/24-25 Dated 25.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for exploration of Feasibility report cum preparation of Detailed project report for construction of Elevated Corridor/at Grade along the Bank of Swarnarekha River at Hinoo Emerald Hotel to Sail Satellite City via DPS School including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required if any, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in CategoryII with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 60 Days |
| 3- | Tentative Length | 5.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document**: - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs- 1,00,000/- (Rupees One Lac) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 27.11.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 05.12.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 06.12.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No | 337263 Road(24-25) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi

PR 340356 Road(24-25)#D

रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल कर जनभावनाओं का सम्मान करें नई सरकार

# रामचंद्र सिंह के अनुभव का मिलेगा लाभ : अनिल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



रामचंद्र सिंह।



अनिल सिंह (कांग्रेस) हेसामुल अंसारी (कांग्रेस) बिरजू राम (भाकपा माले)

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद से ही एक बार फिर मनिका से कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह को मंत्री बनाए जाने की मांग तेज हो गई है। जेएमएम, राजद, कांग्रेस और भाकपा मामले आदि महागठबंधन के दिग्गज नेताओं के साथ- साथ लातेहार जिले की जनता भी रामचंद्र सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल करने की मांग कर रही है। कांग्रेस के दिग्गज नेता अनिल सिंह ने कहा कि रामचंद्र सिंह आदिवासियों के साथ समाज के सभी वर्गों बीच काफी लोकप्रिय है। जनता ने इन्हें चार बार प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर विधानसभा भेजने का काम किया है। लातेहार जिले की जनता श्री सिंह को पिछले कार्यकाल से ही मंत्री के रूप में देखना चाहती है, और इसके लिए महागठबंधन के नेताओं के साथ- साथ क्षेत्र की जनता ने भी कई बार अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाई है। माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को जन भावनाओं को समझते हुए रामचंद्र सिंह को मंत्रीमंडल में शामिल करना चाहिए।

### पूर्ण बहुमत की सरकार में रामचंद्र सिंह की भूमिका अहम : हेसामुल

युवा नेता सह समाजसेवी हेसामुल अंसारी ने कहा कि रामचंद्र सिंह ने अपने पिछले कार्यकाल में न केवल विधानसभा क्षेत्र बल्कि पूरे झारखंड के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने रसोइया बहनों, सहायक अध्यापक, सहायक पुलिस, जेएसएलपीएस, सहिया, जल सहिया सहित अन्य विभागों में कार्यरत कर्मियों की समस्याओं का समाधान भी सदन के माध्यम से कराने का कार्य किया है, और लाखों कर्मियों को उनका हक दिलाकर सरकार के साथ लाने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा लातेहार जिले में रिसर्वे जैसी अन्य कई ज्वलंत समस्याओं को लेकर भी कई बार सदन में जनता की आवाज बुलंद की है।

### राज्य के विकास के साथ महागठबंधन को मिलेगी मजबूती : बिरजू राम

भाकपा मामले के जिला सचिव कॉमरेड बिरजू राम ने कहा कि रामचंद्र सिंह चौथी बार मनिका की जनता का विश्वास जीतने में सफल रहे है, और राज्य के सीनियर और अनुभवी नेताओं में खुद को स्थापित किया है। इन्हें मंत्री पद की जिम्मेवारी मिलती है, तो बेशक लातेहार जिला ही नहीं बल्कि पूरे राज्य के विकास के साथ महागठबंधन को भी मजबूती मिलेगी। जिले की जनता का भी मानना है कि रामचंद्र सिंह की नेतृत्व क्षमता और दूरदर्शिता का लाभ पूरे राज्य को मिलेगा। बिरजू राम ने कहा कि श्री सिंह ने हमेशा जनता की भावनाओं का सम्मान किया है, इसलिए वे क्षेत्र के जनता की आंखों का तारा है, और महागठबंधन के नेता होने के नाते जनता की भावनाओं को सरकार तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# अब एआई से आगे की प्रौद्योगिकी के विकास पर काम करने की जरूरत : डॉ एन कलैसेल्वी

**सत्येन्द्र कुमार/विशेष संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी का कहना है कि भारतीय वैज्ञानिक समुदाय को एआई से आगे की प्रौद्योगिकी के विकास पर काम करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। अब समय आ गया है जब हमारा वैज्ञानिक समुदाय का शोध एवं विकास के केंद्र में पृथ्वी पर बसे इंसानों के साथ-साथ भविष्य में दूसरे ग्रहों पर बसने वाले इंसानों के जीवन को आसान और सुरक्षित बनाने वाली प्रौद्योगिकी हो। इसके लिए सीएसआईआर ने अगले 100 वर्ष के दौरान किये जाने वाले शोध व विकास का ब्लू प्रिंट तैयार किया है जिन पर चरणवदध तरीके से काम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि भारत अब सेमी कंडक्टर इंडस्ट्री का हब बनने जा रहा है। तीन विशाल प्लांट लगाये जा रहे हैं। इन प्लांटों के लिए रॉ मैटेरियल सिल्का होता है। प्योर सिल्का के सिलकन कार्बाइड, गैलियम नाइट्राइट आदि के प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकी विकास पर काम हो रहा है। एनएमएल जमशेदपुर को सिल्कन कार्बाइड प्रौद्योगिकी के विकास का जिम्मा मिला है।

## बातचीत के मुख्य अंश



सीएसआइआर की महानिदेशक डॉ श्रीमती एन.कलैसेल्वी।

**सवाल :** अगले सौ वर्षों में इनोवेशन का एरिया क्या हो सकता है अथवा होगा?

**जवाब :** सीएसआइआर के तत्कालीन डीजी डा मसेलकर ने 90 के दशक में पहली बार इनोवेशन टर्म पर जोर दिया था जिन्होंने प्रौद्योगिकी विकास के साथ-साथ उसके पेटेंट हासिल करने के लिए मूवमेंट को प्रोत्साहित किया। आप जानते हैं कि प्रौद्योगिकी विकास के साथ-साथ उस पर मालिकाना बनाये रखने के लिए पेटेंट बहुत महत्वपूर्ण है। जहां तक मेरी बात है तो मैं अगले 100 वर्षों के प्रौद्योगिकी विकास पर काम करने के लिए अपनी टीम को प्रोत्साहित कर रही हूं। इसी तरह से मौजूदा अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का आज दौर है, तो हमें उससे आगे के दौर और उसकी जरुरतों के हिसाब से प्रौद्योगिकी का विकास करना होगा।

**सवाल :** आज के युवाओं को शोध एवं विकास के क्षेत्र में आकर्षित करने के लिए क्या कदम उठाने की जरूरत है?

**जवाब :** एक समय था जब युवा इंजीनियरिंग करने के बाद 40-50-60 हजार की नौकरी के लिए लालायित रहते थे। आज के युवा अब रोजगार के लिए कतार में नहीं हैं बल्कि वे स्टार्ट अप के जरिए रोजगार देने वाले बन रहे हैं। पैकेज वाले जॉब सिकर हैं, किंतु बहुत से युवा अब सोच रहे हैं क्यों न मैं अपने आइडिया को लेकर स्टार्ट अप खड़ा करुं और जॉब प्रोवाइडर बनूं। ऐसे माइंडसेट के युवा अपने आइडिया लेकर स्टार्ट अप खड़ी कर रहे हैं जहां सैकड़ों, हजारों युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

**सवाल :** आपने सेकेंड इंडस्ट्रीयल रिवोल्यूशन की बात कही है। इसमें स्टार्ट अप की भूमिका को आप किस रुप में देखती हैं?

**जवाब :** सेकेंड इंडस्ट्रीयल रिवोल्यूशन में स्टार्ट अप सेक्टर बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। एक समय हमारे देश में 100 स्टार्ट अप थे, आज 1.5 लाख स्टार्ट अप हमारे देश में चल रहे हैं। भारत आज स्टार्ट अप के मामले में दुनिया का तीसरा बड़ा देश बन चुका है। यानी अब भारत दुनिया का तीसरा बड़ा बाजार भी है।

# अब वैश्विक बाजार में एनएमएल के आर एंड डी का पताका फहराने का समय आ गया: डॉ एन कलैसेल्वी

- सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला ने प्लेटिनम जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया
- सीएसआइ आर की डीजी ने किया मैग्नेशियम उत्पादन के लिए पायलट प्लांट का शिलान्यास







एनएमएल के 75 वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करती सीएसआइआर की डीजी डॉ एन कलैसेल्वी, डॉ निझावन अवार्ड ग्रहण करते डॉ पल्लव और समारोह में उपस्थित वैज्ञानिक समुदाय।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला ने 26 नवंबर, 2024 को अपना प्लेटिनम जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया। सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ (श्रीमती) एन कलैसेल्वी ने मैग्नीशियम पायलट प्लांट क्षेत्र, नीलडीह, जमशेदपुर में मैग्नीशियम धातु के उत्पादन के लिए पायलट प्लांट की आधारशिला रखी।

मुख्य समारोह की शुरुआत मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, सीएसआईआर की महानिदेशक एवं डीएसआईआर की सचिव डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी, टाटा स्टील लिमिटेड के स्टील निर्माण के उपाध्यक्ष श्री चैतन्य भानु और सीएसआईआर-एनएमएल के प्रशासनिक अधिकारी श्री आदित्य मैनक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

डॉ. संदीप घोष चौधरी, निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल ने स्वागत भाषण दिया और 1950 में अपनी स्थापना के बाद से देश में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में सीएसआईआर-एनएमएल के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बात की।

डॉ. (श्रीमती) एन. कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव डीएसआईआर ने प्लेटिनम जयंती के अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक एवं सीएसआईआर-एनएमएल परिवार के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने सामाजिक मिशन सहित प्रक्रिया/उत्पादों के व्यावसायीकरण के विभिन्न मोर्चों पर सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान एवं सफलता पर संतोष व्यक्त किया।

डॉ. कलैसेल्वी ने कहा कि वैश्विक बाजार में अनुसंधान और विकास के मद्देनजर एनएमएल वैज्ञानिकों के लिए बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने भारतीय बाजार को आकर्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो वर्तमान में तीसरे स्थान पर है। वर्तमान में पूरी दुनिया इस भारतीय बाजार की तलाश कर रही है। उन्होंने समय के साथ मेल खाने वाली विशेषताओं के साथ प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों के विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिक युवा शोधकर्ताओं और उनके संयुक्त उद्यम को जोड़ने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। टाटा स्टील लिमिटेड के स्टील मैन्यूफैक्चरिंग के उपाध्यक्ष श्री चैतन्य भानु इस अवसर पर सम्मानीय अतिथि के रूप में उपस्थित थे।इस अवसर पर सीएसआईआर-एनएमएल ने कर्मचारियों के साथ-साथ कर्मचारियों के बच्चों को भी पुरस्कार प्रदान किया।

**इन्हें मिला पुरस्कार :** पिछले कैलेंडर वर्ष में लाइसेंस प्राप्त या व्यावसायीकृत सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी के लिए प्रो. वी.ए. अल्टेकर पुरस्कार, पिछले कैलेंडर वर्ष में प्रकाशित सर्वोत्तम पेपर के लिए डॉ. बी.आर. निझावन पुरस्कार, पिछले वर्ष पूर्ण किए गए सर्वोत्तम इन-हाउस प्रोजेक्ट के लिए प्रो. शिलोभद्र बनर्जी पुरस्कार दिया गया।

## स्पीड न्यूज



### नासिक की कार्यशाला में भाग लेंगे मुखिया कानू व राकेश चंद्र मुर्मू

**पोटका।** महाराष्ट्र एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च एकेडमी नासिक के द्वारा आगामी 28 तथा 29 नवंबर को आहूत दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लेने हेतु जमशेदपुर ब्लॉक अंतर्गत केरूआडूंगरी पंचायत के मुखिया कानू मुर्मू सह मास्टर ट्रेनर को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा बाराबंकी पंचायत के मुखिया सह मास्टर ट्रेनर राकेश चंद्र मुर्मू तथा पंचायती राज विभाग के मास्टर ट्रेनर अजय मिश्रा को भी बुलवा आया है। ट्रेनर्स ऑन वाटर सिक्यूरिटी प्लान एंड वाटर बजटिंग विषय पर अपना व्याख्यान देंगे। पंचायती राज विभाग के उप निदेशक शैलेश कुमार ने इसकी सूचना दी है। पूरे भारत में 200 प्रतिभागी भाग लेंगे।

### रेडक्रॉस और यूसील का स्वास्थ्य शिविर 29 को बादिया पंचायत भवन में

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा भारत सरकार के उपक्रम यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत 4थां स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन 29 नवम्बर को पंचायत भवन बादिया में आयोजित किया जायेगा। शिविर में साधारण स्वास्थ्य जांच के साथ, नेत्र रोगियों की जांच, जरूरत के अनुसार चश्मा एवं मोतियाबिन्द मरीजों के चयन एवं उनके ऑपरेशन हेतु भी निशुल्क व्यवस्था की जाती है। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय सिंह ने शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### 26/11 हमले में शहीद जवानों को जद यू ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** जनता दल (यूनाइटेड) जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में 26/11 हमले में शहीद जवानों की स्मृति पर शोकसभा बारीडीह स्थित कार्यालय में की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमशेदपुर पश्चिम के एनडीए प्रत्याशी श्री सरयू राय उपस्थित हुए। श्री राय एवं जदयू कार्यकताओं ने वीर जवानों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सरयू राय ने कहा आज दो प्रमुख दिन है एक संविधान दिवस और दुसरा 26/11 हमला। वर्ष 2008 में पाकिस्तान के आतंकवादी ने आज बम्बई के होटल ताज सहित अन्य इलाकों में उग्रवादी हमला किया था। यह देख में एक बड़ा आतंकवादी हमला था।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का चुनाव संपन्न

# आरके सिंह पुन: महासचिव, गुरमीत अध्यक्ष





नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महासचिव आरके सिंह अपनी टीम के साथ।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स लिमिटेड जमशेदपुर की मान्यता प्राप्त टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का चुनाव गुप्त मतदान से आज डिवीनवार संपन्न हुआ। चुनाव में निर्वाचित कमेटी मेंबरों ने पदाधिकारियों का चुनाव किया। चुनाव में सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर गुरमीत सिंह तोते और महासचिव पद पर आरके सिंह चुन लिये गये। इसके पूर्व हजारों कर्मचारियों ने गुप्त मतदान के जरिए पहले कमेटी मेंबरों का चुनाव किया। मतगणना के बाद चुनाव पदाधिकारी चिदानंद खंडाई ने विजेताओं के नाम की घोषणा की। फिर नवनिर्वाचित कमेटी मेंबरों ने यूनियन सभागार में बैठक कर पदाधिकारियों का चुनाव किया। इसके पूर्व चुनाव के दौरान टाटा मोटर्स प्रबंधन ने डिवीजनवार सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये थे। हर बूथ पर सीसीटीवी लगाये गये थे। यहां तक की मतगणना भी सीसीटीवी की निगरानी में करायी गयी। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन का पूर्व घोषित चुनावी कार्यक्रम के अनुसार आज सुबह 8:00 बजे से मतदान की कार्यक्रम शाम 5:00 बजे तक चली विभिन्न विभागों में यह मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। शाम 6:00 बजे से मतगणना का कार्यक्रम आरंभ हुआ आज 85 कमेटी मेंबर टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के कमिटी मेम्वर निर्वाचित हुए। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिका के साथ संपन्न हुई सीसीटीवी कैमरे के निगरानी में संपन्न हुई मतगणना के पश्चात चुनाव पदाधिकारी ने विजयी कमेटी मेंबरों का नाम की घोषित किया गया। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के निर्बाधित संविधान में निहित प्रधान के तहत कार्य के चुनाव के बाद चुनाव पदाधिकारी द्वारा सदस्यों की प्रथम बैठक 8 बजे संध्या आहुत की गयी।

## विद्या भारती चिन्मया में मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन, रोमांचित हुए छात्र




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के प्रांगण में बुधवार, 26 नवंबर को भारतीय नागरिकों के लिए न्याय, सत्यता, स्वतंत्रता, समरूपता एवं भ्रातृत्व प्रदान करने वाले भारत के सर्वोच्च विधान के स्वीकृति दिवस के अवसर पर अपने संविधान के मूल्यों को आगे बढ़ाने और अपने देश में शांति, उन्नति और समृद्धि को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लेजिस्क्रिप्टिका-मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मॉक पार्लियामेंट संसदीय कार्यवाही का अनुकरण है, जो छात्रों को विधायी निकायों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के कामकाज को समझने में सक्षम बनाता है। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव विष्णु चंद्र दीक्षित एवं प्राचार्या मीना विल्खू के सतत मार्गदर्शन, दूरदर्शिता व प्रोत्साहन से प्रेरित 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा लेजिस्क्रिप्टिका - मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम का निर्बाध क्रियान्वयन मानविकी संकाय के शिक्षक आयोजकों के मार्गदर्शन व प्रयासों से सफल हुआ।

# धनबाद में तैनात इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा का जमशेदपुर में निधन, अंत्येष्टि आज

- रांची में कोविड के दौरान रांची में सेवा कर रांची के सिंघम के नाम से हुए थे मशहूर



इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा की फाइल फोटो।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** धनबाद जिले के साइबर क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा का हार्ट अटैक से उनके जमशेदपुर आवास पर निधन हो गया। चुनावी ड्यूटी कर वह अपने जमशेदपुर रामनगर आवास पर छुट्टी पर आये थे।

दिवंगत इंस्पेक्टर की पत्नी सोनल सिन्हा के अनुसार बीती रात उनकी पीठ में दर्द की शिकायत थी। दवा खाकर रात में सो गये। सुबह नित्यकर्म के बाद नाश्ता किया और फिर अपने कमरे में सोने चले गये। उनकी पत्नी सुबह करीब 9 बजे जगाने गयी, तो देखा कि वह अचेत अवस्था में पड़े थे। तब पड़ोसियों की मदद से टीएमएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को यहां पुलिस लाइन में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। उसके बाद अंतिम संस्कार होगा।

इंस्पेक्टर राजेश को रांची में लोग रांची का सिंघम के नाम से जानते थे। उनकी पहचान उनकी मूंछों के साथ उनके साहसिक कार्यों के लिए भी थी। कोविड-19 के दौरान जब पूरा देश लॉकडाउन में था, तब राजेश रांची के डेली मार्केट थाना प्रभारी थे। लॉकडाउन के दौरान उन्होंने जरूरतमंदों की मदद की थी, विशेषकर उन लोगों की जिन्हें खाना और दवाइयों की सख्त जरूरत थी।

# जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा में भाजपा ने निकाली आभार यात्रा

- नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के समर्थन में उमड़ा जनता का स्नेह
- हर गली-मोहल्ले की समस्याओं का समाधान करुंगी : पूर्णिमा साहू



जनता का आभार जताती पूर्णिमा साहू। साथ में उनकी बिटिया भी दिख रही।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के शानदार जीत पर भाजपा ने मंगलवार को जनता के समर्थन और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से भव्य आभार यात्रा निकाली। आभार यात्रा गोलमुरी मंडल एवं बर्मामाइंस मंडल क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में निकाली गयी। आभार यात्रा में नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के संग गोलमुरी मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय एवं बर्मामाइंस मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह समेत मंडल क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नेतागण शामिल हुए। आभार यात्रा की शुरुआत गोलमुरी चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

# टाटा स्टीलकर्मी पुष्कर और राजू ने किया एसडीपी दान





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम रक्तदान के अभियान को लगातार मजबूती प्रदान करने के प्रयास में तत्पर है। इसी कड़ी में कम्पोनेन्ट डोनेशन रक्त अभियान को और मजबूती प्रदान कर रहा है, जिसके माध्यम से जरूरतमंद व्यक्ति को ब्लड कम्पोनेन्ट की आपूर्ति कर उस कमी को दूर किया जाता है।

आज इस कड़ी में टाटा स्टील कर्मी राजू कुमार ने 33वां एसडीपी दान कर अपना 50वां रक्तदान पूरा किया। उन्होने 17 नियमित रक्तदान भी किया है। टाटा स्टील कर्मी पुष्कर कुमार ने आज एक अन्य एसडीपी जरूरतमंद के लिए अपना 4थां एसडीपी दान किया, इससे पूर्व उन्होने 40 नियमित रक्तदान किये हैं और उनका 44 रक्तदान पूरा हुआ।

# दूसरी बार विधायक बनने के बाद मंगल कालिंदी ने पटमदा में निकाली आभार यात्रा



आभार यात्रा के दौरान एक कार्यकर्ता का मुंह मीठा कराते नवनिर्वाचित विधायक मंगल कालिंदी।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/पटमदा।** अपनी सादगी के लिए पहचाने जाने वाले झामुमो के जुगसलाई विधायक मंगल कालिन्दी ने सोमवार को पटमदा में आभार यात्रा निकाली। इस दौरान उन्होंने पटमदा के धुसरा, बामनी, कुन्दरूकोचा एवं लावा में लोगों के साथ मिलकर उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें करीब 43 हजार वोटों के अंतर के साथ दूसरी बार विधायक बनाने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बेलटांड़ चैक से पटमदा बाजार तक पदयात्रा करते हुए अपने हाथों से लड्डू का वितरण किया। इस दौरान बेलटांड़ में भगवान बिरसा मुंडा व पटमदा में सिदो-कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। इसके बाद पटमदा बाजार स्थित श्री श्री दौड़ासिनी मंदिर व दुर्गा मंदिर में मत्था टेका व आशीर्वाद लिया। इसके बाद माचा, बिड़रा, काटिन बाजार व बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं एवं आमलोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। काटिन में वीर शहीद निर्मल महतो, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर उनके साथ झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, चंद्रशेखर टुडू, कालीपद महतो, अश्विनी महतो, समीर महतो, सनत बेसरा, अमर सिंह सरदार, आनंदमय महतो, यामिनी प्रमाणिक, सिजेन हेम्ब्रम, सुधीर हांसदा, राधेश्याम दास, विश्वजीत महतो, विश्वनाथ माझी, वनमाली माझी, रफीक अंसारी, मन्टू महतो, प्रदीप सिंहदेव, ईशान चंद्र गोप, ईशान चंद्र मुर्मू, चंद्रकेतु, कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो व विश्वामित्र दास समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि जनता का अपार समर्थन, विश्वास और आशीर्वाद की बदौलत वे दूसरी बार विधायक बने हैं। उन्होंने कहा कि इस बड़ी जीत के साथ जनता ने बड़ी जिम्मेवारी भी दी है। उन्होंने कहा कि उनके सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें आतिशबाजी और ज्यादा नारेबाजी पसंद नहीं हैं इसलिए शांतिपूर्वक आभार यात्रा निकली ताकि लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो।

## एक नजर में

### भाजपा बर्मामाइंस मंडल ने किया नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू दास का भव्य स्वागत



**जमशेदपुर।** नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू ने आभार यात्रा के क्रम में बर्मामाइंस मंडल के कंचन नगर से आभार यात्रा प्रारंभ की। इस क्रम मे कंचन नगर मे भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी के नेतृत्व मे जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामबाबू तिवारी भी उपस्थित थे इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक झा ने बर्मामाइंस मे आभार यात्रा की अगुवाई की। यह यात्रा ईस्टप्लांट बस्ती, मुखी बस्ती, भक्ति नगर, रघुवर नगर, बमार्माइंस बाजार प्रेमनगर लक्ष्मीनगर, ग्वाला बस्ती, रामादिन बागान, आजाद बस्ती, मानिफिट व बर्मामाइंस मंडल के अन्य क्षेत्र मे निकाली गयी, लोगो ने भी गर्मजोशी से विधायक पूर्णिमा साहू का स्वागत किया जो देखते बन रहा था। महिलाये काफी उत्साहित दिख रही थी उन्होंने पूर्णिमा साहू को अपना आशीर्वाद दिया। विधायक पूर्णिमा साहू ने मुखी बस्ती मे बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### मनोहरपुर के नवनिर्वाचित विधायक जगत माझी का चक्रधरपुर में हुआ जोरदार स्वागत



**चक्रधरपुर/जमशेदपुर।** मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक जगत माझी का मंगलवार को रांची से चक्रधरपुर पहुंचने पर शहर के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर जीत की खुशियां मनायी। सबसे पहले विधायक ने प्रखंड कार्यालय के समीप भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ज्योति सिजुई, झामुमो नेता पीरु हेम्ब्रम, प्रदीप महतो, राजेश शर्मा, इरफान खान, देवेंद्र माझी क्रिकेट क्लब के ओवैस अंसारी, श्रीश्री दुर्गा पूजा कपड़ा पट्टी के पदाधिकारियों ने संतोष मिश्रा, मनोज भंसाली, शिवपूजन सिंह के नेतृत्व में बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं चक्रधरपुर के पवन चौक में शहीद पत्रकार पवन शर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। यहां शेष नारायण लाल, राजेश गुप्ता, झामुमो नेता मोहम्मद अशरफ, गुड्डू सिंह, इकबाल खान, मोहम्मद बुलुवा, मुमताज अंसारी, मोहम्मद जलाल, भोला सिन्हा समेत कई लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद जगत माझी ने पोटका स्थित आदिवासी मित्र मंडल में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक जगत माझी ने अपनी बात को दोहराते हुए कहा उनकी जीत जनता की जीत है। जिस उम्मीद और आकांक्षा के साथ जनता ने उन्हें विधायक बनाया है उसे पूरा करने का भरसक प्रयास करेंगे। पंप रोड स्थित आवास पहुंचने पर मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से आये पार्टी कार्यकर्ता और समर्थकों ने भी फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### काटिन चौक पर मनाया गया संविधान दिवस



**जमशेदपुर।** आज दिनांक 26 नवम्बर 2024 को पटमदा प्रखंड अंतर्गत काटिन चौक परिसर में विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं के साथ संविधान दिवस के मौके पर संविधान का प्रस्ताव का पाठ किया गया तथा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का प्रतिमा पर माला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। वक्ताओं ने कहा की भारतीय संविधान न केवल एक विधिक दस्तावेज है, बल्कि यह हमारे देश की विविधता, एकता, और प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। यह हमें समानता, स्वतंत्रता, और न्याय के मूल्यों पर चलने की प्रेरणा देता है। हमारा संविधान है। यह भारत के आम नागरिक के लिए बहुत अधिक महत्वपूर्ण है। संविधान के लागू होते ही समाज को निष्पक्ष न्याय प्रणाली मिली। नागरिकों को मौलिक अधिकारों की आजादी मिली और कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी। आज का दिन इस संविधान के पितामह डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को याद करने का दिन है। उनका मानना था कि विभिन्न वर्गों के बीच अंतर का बराबर करना महत्वपूर्ण था। अन्यथा देश की एकता को बनाए रखना बहुत मुश्किल होगा उन्होंने धार्मिक, लिंग और जाति समानता पर जोर दिया और वर्गों के बीच सामाजिक संतुलन बनाने के लिए आरक्षण प्रणाली की शुरूआत की डॉ बाबासाहेब के उत्कृष्ट योगदान को स्मरण किये बिना हमारे संविधान का उल्लेख अधूरा है। हम सभी अपने देश के संविधान निमार्ताओं को सच्ची श्रद्धांजलि प्रदान करते हैं और प्रण लेते हैं कि लोगों में उनके विचारों का प्रचार प्रसार हो। मौके पर विश्वनाथ, आकाश मुखी, जितुलाल मुर्मू, ग्रामप्रधान सुभाष चंद्र सिंह, माणिक चंद्र बेसरा, कृष्णपद महतो, विवेक सहिस, सुखदेव हेम्ब्रम, जितेन्द्र मुर्मू, सुकुमार मिश्रा, नरेश महतो, स्वपन गोप, अजय कुम्भकार, चंचल कुम्भकार, अजय मुर्मू, ठाकुर दास, खेरवाल हांसदा, चंडीचरन गोप, श्रवण महतो, बाबूलाल सोरेन, निर्मल महतो एंव देवेन हेम्ब्रम आदि लोग मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री ने किया पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण



एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जिला अतिथि गृह, पटना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जिला अतिथि गृह के पुराने कमरों को तोड़कर यहां जो 55 कमरे का नया अतिथि गृह भवन बना है, उसके अनुरूप नया निर्माण कराया जाय। अतिथि गृह के इस नये निर्माण से आने वाले अतिथियों को काफी सुविधा होगी। जिला अतिथि गृह के अंदर के रास्तों को भी ठीक कराने का मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया। उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण का भी निर्देश दिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने साइट प्लान के माध्यम से निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय भवन के बचे हुये निर्माण कार्य में तेजी लाकर यथाशीघ्र पूर्ण करायें। इसका निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से शिक्षकों, कर्मियों, पशुपालकों एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव एन विजयलक्ष्मी, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि सहित बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला जज बोले भारतीय संविधान लोकतंत्र की आत्मा है, जिसे बनाए रखना हम सब का दायित्व है

**गोपालगंज।** जिले में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ सभी न्यायिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी को पढ़ाया गया। उन्होंने न्यायालय में संविधान दिवस अवसर पर शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आत्मा है, जिसे बनाए रखना हम सब का दायित्व है। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अलावा एडीजे प्रथम सर्वेन्द्र प्रताप सिंह, एडीजे द्वितीय सतीश कुमार देव, योगेश कुमार गोयल], एडीजे पंचम संजीव कुमार पांडेय, एडीजे षष्टम दिलीप कुमार सिंह, एडीजे नवम, शैलेन्द्र कुमार शर्मा, एडीजे चतुर्थ, राकेश कुमार, एडीजे ग्यारह दीपक सिंह वर्मा, एडीजे तेरह सहित सभी न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। एक अन्य कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकार तत्वावधान में आज संविधान दिवस पर जिले के डीएवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव अनूप कुमार उपाध्याय ने किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए सचिव ने संविधान का महत्व, प्रस्तावना, मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

# एनएफ रेलवे ने सौर ऊर्जा उत्पादन में बड़ा कदम बढ़ाया

### सात हजार तीन सौ 99 केडब्ल्यूपी तक पहुंची क्षमता



एजेंसी

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) जोन में संचयी सौर क्षमता अब 31 अक्टूबर, 2024 तक प्रभावशाली 7399 केडब्ल्यूपी तक पहुंच गई है। इस महत्वपूर्ण योगदान में लामडिंग मंडल (2882 केडब्ल्यूपी), रंगिया मंडल (1146 केडब्ल्यूपी), कटिहार मंडल (610 केडब्ल्यूपी), अलीपुरद्वार मंडल (441 केडब्ल्यूपी), तिनसुकिया मंडल (190 केडब्ल्यूपी) और न्यू बंगाईगांव एवं डिब्रूगढ़ कारखाना में 1000-1000 केडब्ल्यूपी के सौर संयंत्र शामिल हैं। एनएफ रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने मंगलवार को बताया कि एनएफआर मुख्यालय में भी 130 केडब्ल्यूपी की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता है। पू. सी. रेलवे ने सौर ऊर्जा को अपनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जिससे ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भरता बढ़ सकती है। इस पहल से न केवल एनएफ रेलवे की ऊर्जा लागत में कमी आएगी, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी। पू. सी. रेलवे की इस पहल से न केवल ऊर्जा की मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी। इस पहल के अलावा एनएफ रेलवे ने अपने ऊर्जा संरक्षण प्रयासों को और भी मजबूत करने के लिए कई अन्य कदम उठाए हैं। इनमें ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग, ऊर्जा की बचत करने वाले उपायों को अपनाना और ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाना शामिल है। एनएफ रेलवे की इन पहलों से न केवल ऊर्जा की बचत होगी, बल्कि यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में भी मदद करेगी। यह पहल पू. सी. रेलवे की ओर से एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है।

## खबर एक नजर में

### पीएलवी ने साउथ प्वाइंट में मनाया संविधान दिवस

**गढ़वा।** माननीय झालसा रांची, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नलिन कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव रवि चौधरी जी के निर्देशानुसार मंगलवार को शहर के साउथ प्वाइंट स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को संविधान निर्माण से संबंधित जानकारी दी गई। निदेशक आरएन सिंह ने बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा व पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कहा कि संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, जिस दिन भारत के संविधान मसौदे को अपनाया गया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। मौके पर शिक्षक धनंजय उपाध्याय, रंजीत उपाध्याय, विरेंद्र कुमार, सोनम तिवारी, बीबी शर्मा, निलेश ठाकुर, वेद प्रकाश दुबे, सुरज कुमार दुबे आदि उपस्थित थे।

### डीएवी मॉडल में बच्चों को दी गई संविधान निर्माण संबंधित जानकारी

**गढ़वा।** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों को संविधान निर्माण से संबंधित बातें बताई गई। इस दौरान निदेशक सुशील केशरी ने सभी बच्चों को संविधान की प्रस्तावना का शपथ दिलाया। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावना की शपथ को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दोहराया गया था। आज प्रायः पाठ्य पुस्तकों के पहले पेज पर यह प्रस्तावना अंकित है। इसी में हमारे संविधान का प्रारूप निहित है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान बड़ा है, अतः यदि उसके किसी भाग की व्याख्या में कठिनाई हो तो प्रस्तावना का सहारा लिया जाता है। संविधान बनने में 2 वर्ष 11 महीना 18 दिन का समय लगा। कुल 112 बैठकें हुई। संविधान सभा में 299 सदस्य थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष थे जबकि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद थे।

### सिंचाई कूप से शव बरामद

**सगमा।** धुरकी पुलिस ने धुरकी थाना क्षेत्र के झुनका गांव स्थित सिंचाई कूप से सड़ा हुआ शव बरामद किया है। जिसकी पहचान घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार घघरी गांव निवासी निरंजन गुप्ता पिता बागुली शाह बीते बुधवार से लापता था। जानकारी के अनुसार निरंजन बीते बुधवार को झुनका गांव स्थित अपने भंडार पर धान काटने गया था। उसके बाद घर लौटकर नहीं आया। इसके बाद मृतक के घर वालो के द्वारा खोजबीन होने लगी। मृतक की पत्नी एक सप्ताह पूर्व अपने मायके गई थी। अपनी पत्नी से बात कर मृतक घघरी स्थित घर से धान काटने अपने भंडार झुनका चला गया उसी दिन से वह लापता हो गया। खोजबीन के बाद भी मृतक का कहीं आता पता नही मिल पाया तो परिवार जनों के द्वारा धुरकी थाने में सनहा दर्ज कराया। कूप के पास लगातार बदबू देने के बाद अंदर देखा गया तो पानी के ऊपर पूरी तरह सड़ चुके आदमी का शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने धुरकी पुलिस को दिया। सूचना के बाद पहुंची धुरकी पुलिस ने उक्त कूप से शव को बरामद किया। पुलिस ने सभी औपचारिकता पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

### पुलिया से गिरकर घायल

**भवनाथपुर।** खरौंधी के मझगांवा में मंगलवार सुबह सड़क के पुलिया पर बैठने से गिरकर सरोज पासवान पिता लाल बिहारी पासवान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्वजन ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉ. अनुपमा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया। घटना के बारे में बताया जाता है कि गांव के कुछ मित्रो के साथ सरोज पासवान पुलिया पर बैठ कर खैनी बना रहा था। इसी बीच अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गया।

### संविधान दिवस पर लिया गया शपथ

**मझिआंव।** जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार 75वां संविधान दिवस मनाया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती कनक एवं अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार एवं बरडीहा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभारी राकेश सहाय के नेतृत्व में अन्य कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस दौरान सभी ने मौलिक कर्तव्य का निष्ठा से वहन करने पर बल दिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सभी को शपथ दिलाते हुए कहा कि 26 नवंबर 1949 के दिन राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है। आज के दिन ही संविधान को अंगीत किया गया था। हमारा संविधान सभी देशवासियों को समानता का अधिकार देती है। इस दौरान प्रखंड सह अंचल कर्मियों के अलावे प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका, महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्रा भी शामिल हुए।

### नशा मुक्ति दिवस पर जिले में हुए कई कार्यक्रम

**फारबिसगंज/अररिया।** मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, अररिया की तत्वावधान समाहरणालय परिसर अररिया स्थित डीआरडीए सभागार में नशा मुक्ति दिवस 2024 के अवसर पर आज अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अमित रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर अधिवेशन भवन, पटना में आयोजित कार्यक्रम का लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यक्रम में विभागीय पदाधिकारियों, कर्मियो एवं कार्यक्रम आये हुए जीविका दीदीयों को शपथ दिलाया गया। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्ति दिवस पर हर प्रकार के नशे से मुक्ति का प्रण लें और अपने जीवन को स्वस्थ्य, समृद्ध एवं खुशहाल बनाएं।

## सर्वोदयी नेता खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण की मनी जयन्ती

**नवादा।** जिले में कौआकोल के सोखोदेवरा अवस्थित जेपी आश्रम में मंगलवार को जेपी आंदोलनकारी व प्रखर सर्वोदयी नेता खादी पुरुष त्रिपुरारी शरण की 98 वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं की चर्चा की गई। जयंती को लेकर जेपी आश्रम परिसर में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। जयंती समारोह में दर्जनों लोगों ने हिस्सा लिया। जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल एवं कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मियों ने कहा कि त्रिपुरारी बाबू ग्राम निर्माण मंडल के मार्गदर्शक रहने के साथ साथ एक अच्छे समाजसेवी,बेहतर इंसान और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। बिहार में खादी के विकास में उनका अमूल्य योगदान रहा। सामरोह में मौजूद वक्ताओं ने त्रिपुरारी शरण जी के अनुकरणीय प्रसंगों को याद कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की एवं उन्हें राज्य के एक महान विभूति बताया। वक्ताओं ने कहा कि खादी एवं कृषि के क्षेत्र में उनका अमूल्य योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मौके पर केवीके के वैज्ञानिक ग्राम निर्माण मण्डल के डॉ भारत भूषण शर्मा,दिनेश मण्डल,धीरेंद्र कुमार मन्नू,केवीके के पिंटू पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# पुलिस अधिकारी के वेतन पर कोर्ट ने लगाई रोक



एजेंसी

**पूर्णिया।** 15वें अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र सिंह ने एक पुलिस पदाधिकारी के वेतन पर रोक लगाने का आदेश दिया है। मामला सत्रवाद विचारण सं०118/2016 का है। इस संबंध में मधुबनी थाना में मामला दर्ज है। इसके अभियुक्त लालू पासवान थाना धमदाहा ने जमानत कराई थी।

उसके बाद वह 15 दिसंबर 2017 से लगातार अनुपस्थित था, जिस कारण उसके जमानत को खारिज कर दिया गया। 15 मार्च 2019 को उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। पुनः 27 अगस्त 2024 को अधिपत्र व अन्य प्रोसेस जारी किया गया। पुलिस द्वारा उक्त दोनों आदेशों के निष्पादन का तामिला कराकर इस न्यायालय को प्राप्त नहीं कराया गया जिसके कारण 8 अक्टूबर 2024 को न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक के माध्यम से संबंधित पदाधिकारी से 23 अक्टूबर 2024 को कारण पृच्छा की मांग की गई और 25 नवंबर 2024 तक न्यायालय में संदेह उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण दाखिल करने का आदेश दिया गया। संबंधित पुलिस पदाधिकारी ने न्यायालय में न तो कारण पृच्छा का जवाब दाखिल किया और न ही न्यायालय के समक्ष उपस्थित हुए। तब संबंधित पदाधिकारी द्वारा कर्तव्य उपेक्षा एवं कर्तव्य लोप साथ ही विधि के शासन को विफल करने का प्रयास हेतु पूर्णिया पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि संबंधित पुलिस पदाधिकारी के वेतन पर न्यायालय के अग्रिम आदेश तक रोक लगाई जाए और उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई कर इस न्यायालय को 2 दिसंबर 2024 तक रिपोर्ट दिया जाय। साथ ही पुलिस अधीक्षक को यह भी निर्देश दिया गया कि संबंधित पुलिस पदाधिकारी का न्यायालय में उपस्थित होना निश्चित किया जाय।

## लालू प्रसाद ने 15 साल के राज में किसी को आरक्षण नहीं दिया: सम्राट

**पटना।** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने संविधान दिवस पर बिहार की जनता को बधाई दी और कहा कि जिस संविधान की रचना में बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के साथ बिहार के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद और सच्चिदानंद सिन्हा का ऐतिहासिक योगदान था , उस संविधान की आत्मा को आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस और दलितों-पिछड़ों को आरक्षण दिये बिना बिहार में पंचायत चुनाव कराने वाले लालू प्रसाद ने सबसे ज्यादा चोट पहुंचायी। चौधरी ने कहा कि लालू प्रसाद ने अपने 15 साल के राज में किसी को आरक्षण नहीं दिया। उन्होंने 2001-02 के पंचायती चुनाव बिना आरक्षण दिये ही कराये थे। उन्होंने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बनी एनडीए सरकार ने 2006 में पहली बार पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग के साथ महिलाओं को आरक्षण देकर पंचायत चुनाव कराये। उन्होंने कहा कि जब तक प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार हैं, कोई ताकत संविधान और आरक्षण को समाप्त नहीं कर सकती। चौधरी ने कहा कि पिछड़ा विरोधी कांग्रेस ने 1955 में बनी काका कालेलकर समिति की रिपोर्ट को कूड़ेदान में डाल दिया और मंडल आयोग की रिपोर्ट दबा दी।

# ज्ञान निकेतन में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



शपथ लेते बच्चे

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में राष्ट्रीय संविधान दिवस के अवसर पर वृहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान के प्रस्तावना को कलात्मक रूप से सुसज्जित कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया जो अत्यंत ही मोहक एवं प्रशंसनीय रहा।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्नोत्तरी, निबंा एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्ष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ने सम्मिलित रूप से दीप जलाकर तथा बाब साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर तथा राजेंद्र प्रसाद की चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। मौके पर निदेशक श्री केशरी ने कहा कि हर वर्ष 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान निर्माण दिवस मनाया जाता है। जिसे संविधान दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसी दिन सन 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारत के संविधान को अपनाया था। इसके बाद 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ। भारत का संविधान एक समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक और संप्रभु गणराज्य की घोषणा करता है जो इस देश के नागरिकों को समान न्याय और स्वतंत्रता देता है तथा भाईचारे के मूल्यों को भी बढ़ावा देता है।

हमारा संविधान विश्व का सबसे बड़ा और समग्र संविधान है जिस पर हम भारतीयों का गर्व और अभिमान है। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, वीरेंद्र शाह, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, ज्योति कुमारी, शिवानी कुमारी, पूजा प्रकाश, संतोष प्रसाद आदि उपस्थित थे।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने मनाया संविधान दिवस



उपस्थित झामुमो कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के तत्वावधान में मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में भारत का संविधान दिवस मनाया गया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने संविधान की प्रस्तावना को पढ़कर शपथ लिया। कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने संविधान पर चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संविधान सभी ग्रंथों का एक महाग्रंथ है। संविधान धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र है। संविधान की चर्चा हर घर में होनी चाहिए, हर घरों में संविधान होना चाहिए और अनुच्छेदों के बारे में सबको जानकारी रखना चाहिए, ताकि किसी भी कार्य को करने से पहले गलत और सही का एहसास हो। संविधान की जानकारी नहीं रहने के कारण इस देश में लोग कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, देश में कुछ राजनीतिक दल भारतीय संविधान को बदलना चाहते हैं, लेकिन उनके मंसूबे पर कामयाबी नहीं मिल रही है, और हमारे लोग भी उनके राग में राग मिला रहे हैं, वें यह नहीं जानते हैं, कि हम अपने पैर में कुल्हाड़ी मार रहे हैं।

# संविधान दिवस पर पदाधिकारियों व कर्मियों ने संविधान प्रस्तावना पढ़ा, लिया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता



संकल्प लेते पदाधिकारी

**गढ़वा।** संविधान दिवस के मौके पर मंगलवार को समाहरणालय गढ़वा के सभागार में डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में सभी वरीय पदाधिकारियों, कार्यालय प्रधान व कार्यालय कर्मियों ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का ईमानदारी से अनुपालन करने का संकल्प लिया। सभी ने संविधान के प्रति भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा, उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखण्डता सुनिश्चित करनेवाली बंुता बढ़ाने के लिए, दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में 26 नवंबर, 1949 ई को एतद द्वारा इस संविधान को अंगीत, अधिनियमित और आत्मार्पित करने का शपथ लिया। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि संविधान दिवस प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है, जिस दिन भारत के संविधान मसौदे को अपनाया गया था। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू होने से पहले 26 नवंबर 1949 को इसे अपनाया गया था। सरकार ने 19 नवंबर, 2015 को राजपत्र अधिसूचना की सहायता से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में घोषित किया था। उन्होंने पदाधिकारियों, कर्मियों से संविधान द्वारा दिए अधिकारों व दायित्वों का कार्य भी ईमानदारी से अनुपालन करने की बात कही। मौके पर एसी राज महेश्वरम, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

## रक्सौल में पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण हुआ संपन्न

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार को प्रथम चरण में हुए पैक्स चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। रक्सौल प्रखंड के कुल 10 पैक्स के लिए चुनाव होना था, जिसमें दो पैक्स में निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हो जाने के बाद मंगलवार को अध्यक्ष तथा कार्य समिति सदस्य पद के लिए 8 पैक्स में मतदान की प्रक्रिया संपन्न करायी गयी। अनुमंडल पदाधिकारी शिवाक्षी दीक्षित तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार के साथ-साथ जिला से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की देखरेख में मतदान की प्रक्रिया भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सामाचार लिखे जाने तक रक्सौल के अलग-अलग पैक्स में 56 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ था, कुछ जगहो पर देर शाम 6 बजे तक मतदान की प्रक्रिया जारी थी। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश ने बताया कि चुनाव की प्रक्रिया को मॉनिटर करने के लिए प्रखंड कार्यालय में एक नियंत्रण कक्ष बनाया गया था।

## पेज एक का शेष

### खड़गे, राहुल ने शामिल...

साथ ही कई केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है। जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में एम के स्टालिन, ममता बनर्जी, भगवंत मान सिंह, तेजस्वी यादव सहित गैर भाजपा शासित प्रदेशों के नेताओं के शामिल होने की संभावना है।

मंत्रियों के नामों पर आज अंतिम फैसला : हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनने जा रही इस नयी सरकार में कांग्रेस और राजद कोटे से भी मंत्री बनाये जायेंगे। झामुमो सूत्रों के अनुसार इसको लेकर फामूर्ला क्या होगा यह बुधवार शाम तक तय होगा। बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर इंडिया गठबंधन की बैठक होगी, जिसमें अंतिम निर्णय होगा। जानकारी के अनुसार सरकार में इस बार भी पुराने फॉर्मूले छह, चार और एक के आधार पर ही मंत्रिमंडल का गठन होगा। कैबिनेट में पुराने चेहरों के साथ-साथ कुछ नए चेहरे भी दिख सकते हैं।

### भारत का संकल्प...

इस मौके पर मोदी ने कहा, 'पिछले 10 वर्षों में, 53 करोड़ से ज्यादा ऐसे भारतीयों का बैंक खाता खुला है, जो बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच पाते थे। पिछले 10 वर्षों में, 4 करोड़ ऐसे भारतीयों को पक्का घर मिले हैं, जो कई कई पीढ़ियों से बेघर थे। पिछले 10 वर्षों में, 10 करोड़ से ज्यादा ऐसी महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन मिला है, जो वर्षों से अपने घर में गैस पहुंचने का इंतजार कर रही थी।'

**हमारा संविधान हमारी ताकत है :** पीएम मोदी ने कहा कि हमारा संविधान ही हमारी ताकत है। ' सभी देशवासियों को भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर संविधान दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। एक वीडियो संदेश के जरिये संविधान की ताकत का मतलब समझाया। केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद वर्ष 2015 से 'संविधान दिवस' मनाने की परंपरा की शुरूआत हुई।

# संवैधानिक आदर्शों को अपनाकर विकसित भारत बनाने में योगदान दें : मुर्मु

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देशवासियों से संवैधानिक आदर्शों को आचरण में लाने तथा मौलिक कर्तव्यों का पालन करने की अपील करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने को कहा है। श्रीमती मुर्मु ने संविधान को अंगीकार किये जाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को यहां संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 75 वर्ष पहले, आज ही के दिन, संविधान सदन के इसी सेंट्रल हॉल में, संविधान सभा ने एक नए स्वतंत्र देश के लिए संविधान बनाने का बड़ा काम पूरा किया था। उस दिन, संविधान सभा के माध्यम से, हम, भारत के लोगों ने, इस संविधान को अपनाया, अधिनियमित किया और खुद को समर्पित किया। हमारा संविधान हमारे लोकतांत्रिक गणराज्य की



मजबूत आधारशिला है। हमारा संविधान हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत गरिमा सुनिश्चित करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। देश के दूरदर्शी संविधान निमार्ताओं ने बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप नये विचारों को अपनाने की व्यवस्था प्रदान की थी। देश ने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय और समावेशी विकास से संबंधित कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि एक नए दृष्टिकोण के साथ, भारत विदेशी राष्ट्रों के समुदाय में एक नई

### हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज

पहचान अर्जित कर रहा है। संविधान निमार्ताओं ने भारत को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का निर्देश दिया था और आज भारत एक अग्रणी अर्थव्यवस्था होने के साथ-साथ विश्व-बंधु की भूमिका भी बखूबी निभा रहा है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि लगभग तीन-चौथाई सदी की संवैधानिक यात्रा में, देश संविधान निमार्ताओं की अपेक्षा के अनुसार क्षमताओं को दिखाने और परंपराओं को विकसित करने में उल्लेखनीय हद तक सफल हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमने जो सबक सीखा है, उसे अगली पीढ़ियों तक पहुंचाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2015 से हर साल ह्यसंविधान दिवसह्ण मनाने से युवाओं के बीच संविधान के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली है। उन्होंने सभी साथी नागरिकों से संवैधानिक आदर्शों को अपने आचरण में अपनाने का आग्रह करते हुए मौलिक कर्तव्यों का पालन करने और वर्ष 2047 तक ह्यविकसित भारतह्ण के निर्माण के राष्ट्रीय लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढने को कहा। राष्ट्रपति ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर सभी देशवासियों ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया। अगले वर्ष 26 जनवरी को देश गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ मनायेगा।

उन्होंने कहा कि इस तरह के समारोह हमें अब तक की यात्रा की समीक्षा करने और आगे की यात्रा के लिए बेहतर योजना बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे समारोह हमारी एकता को मजबूत करते हैं और दिखाते हैं कि राष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के अपने प्रयासों में हम सभी एक साथ हैं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि एक मायने में, भारत का संविधान कुछ महान विचारकों के लगभग तीन वर्षों के विचार-विमर्श का परिणाम था। लेकिन, सही मायने में यह लंबे स्वतंत्रता संग्राम का परिणाम था। उस अतुलनीय राष्ट्रीय आंदोलन के आदर्शों को संविधान में प्रतिष्ठापित किया गया।

## पूरी गरिमा, मर्यादा से सहमति या असहमति जतायें सांसद : बिरला



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर सभी निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को आज नसीहत दी कि जिस प्रकार से संविधान सभा में अलग अलग विचार धारा वाले विद्वानों ने एक एक अनुच्छेद पर विचार मंथन करके पूरी गरिमा एवं मयार्दा से सहमति या असहमति व्यक्त की, हमें भी उसी उत्कृष्ट परंपरा को सदनों में अपनाना चाहिए। श्री बिरला ने संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में आयोजित ऐतिहासिक संविधान दिवस कार्यक्रम में अपने स्वागत उद्बोधन में यह बात कही। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण और सांसदों का अभिनंदन करते हुए कहा, आज संविधान दिवस का उत्सव मना रहे करोड़ों भारतीयों का मैं हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करता हूँ। 75 वर्ष पहले आज ही के दिन इस पवित्र स्थान पर हमारे संविधान को अंगीकृत किया गया था। राष्ट्रपति महोदया के नेतृत्व में सम्पूर्ण देश एक साथ मिलकर आज संविधान के प्रति कृतज्ञता प्रकट कर रहा है। आज करोड़ों देशवासी संविधान की प्रस्तावना का पाठ करके देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्रेरणा से वर्ष 2015 में हमने हर वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। हमारा संविधान हमारे मनीषियों के वर्षों के तप, त्याग, विद्वता, सामर्थ्य और क्षमता का परिणाम है। इसी केन्द्रीय कक्ष में लगभग 3 वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद उन्होंने देश की भौगोलिक और सामाजिक विविधताओं को एक सूत्र में बांधने वाला संविधान बनाया।

## स्पीड न्यूज

### कांग्रेस ने घोंटा संविधान का गला: योगी



लखनऊ। कांग्रेस पर संविधान का गला घोंटने का आरोप लगाते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस ने संविधान के मूल स्वरूप को बदलने का प्रयास किया और देश की जनता के विश्वास को ठेस पहुंचाई। संविधान दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान को दुनिया का सबसे विस्तृत और सशक्त संविधान बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने सबसे पहले संविधान के रूप में एक भारत श्रेष्ठ भारत की आधारशिला रखी। उन्होने कहा कि संविधान की उद्देशिका से छेड़छाड़ कर कांग्रेस ने भारत के संविधान का गला घोंटा है।

### नहीं रहे भाजपा के सात बार के विधायक श्यामदेव राय चौधरी



वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से लगातार सात बार विधायक रहे श्याम देव राय चौधरी ह्यदादाह्ण का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। वह करीब 85 वर्ष के थे। उन्हे बीमारी के चलते शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उन्होने अंतिम सांस ली। उनके निधन की जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई। श्री चौधरी शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र से 1989 से 2017 तक लगातार भाजपा विधायक रहे। उन्होने सक्रिय राजनीति से सन्यास ले लिया था।

### ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे बाइडेन: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने वादे के अनुसार श्री डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के वरिष्ठ उप प्रेस सचिव एंड्रयू बेट्स ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति ने वादा किया था कि जो भी चुनाव जीतेगा, वह उसके शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। वह और प्रथम महिला उस वादे का सम्मान करेंगे तथा शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि श्री बिडेन इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण प्रदर्शन मानते हैं।

### शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आयात पर टैरिफ लगाने के वादे से विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर यूटिलिटीज, ऑटो, तेल एवं गैस और पावर समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी आज थम गई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 105.79 अंक की गिरावट लेकर 80,004.06 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27.40 अंक फिसलकर 24,194.50 अंक रह गया।

# केंद्र ने आपदा न्यूनीकरण परियोजनाओं के लिए 1115 करोड़ रु. की राशि मंजूर की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने विभिन्न राज्यों के लिए आपदा न्यूनीकरण और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए 1115.67 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में इस राशि को मंजूरी दी गयी। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि वित्त मंत्री, कृषि मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से 15 राज्यों में भूस्खलन के जोखिम को कम करने के प्रस्ताव के वित्त पोषण और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के फंडिंग विंडो से तैयारी और क्षमता निर्माण के तहत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के



प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया। उच्चस्तरीय समिति ने 15 राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 1000 करोड़ रुपये की कुल लागत से राष्ट्रीय भूस्खलन जोखिम न्यूनीकरण परियोजना को मंजूरी दी है। समिति ने उत्तराखंड के लिए 139 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 139 करोड़ रुपये, पूर्वोत्तर के 8 राज्यों के लिए 378 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़ रुपये, कर्नाटक के लिए 72 करोड़ रुपये, केरल के लिए 72 करोड़ रुपए, तमिलनाडु के लिए 50 करोड़ और पश्चिम बंगाल के लिए 50 करोड़ रुपए को मंजूरी दी। उच्चस्तरीय समिति ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में सिविल डिफेंस के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए 115.67 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली एक अन्य परियोजना को भी मंजूरी दी है।

इससे पहले, समिति ने राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से सात शहरों में 3075.65 करोड़ रुपये की कुल लागत वाली शहरी बाढ़ जोखिम न्यूनीकरण परियोजनाओं और 4 राज्यों में 150 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी। गृह मंत्रालय ने देश में आपदाओं का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की हैं। भारत में आपदा जोखिम न्यूनीकरण प्रणाली को मजबूत करके आपदाओं के दौरान जान-माल को होने वाले किसी भी बड़े नुकसान को रोकने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस वर्ष राज्यों को 21,476 करोड़ रुपये से अधिक की राशि पहले ही जारी की जा चुकी है।


इसमें राज्य आपदा मोचन निधि से 26 राज्यों को 14,878.40 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि से 15 राज्यों को 4,637.66 करोड़ रुपये, राज्य आपदा शमन निधि से 11 राज्यों को 1,385.45 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा शमन निधि से 6 राज्यों को 574.93 करोड़ रुपये शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### मस्जिदों के सर्वे के नाम पर की जाने वाली गतिविधियां जनता के विश्वास को कर रहीं कमजोर: महमूद मदनी

**नई दिल्ली।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को पत्र लिख कर अनुरोध किया है कि कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए वह तत्काल हस्तक्षेप करें। मौलाना मदनी ने कहा कि मस्जिदों के सर्वे के नाम पर की जाने वाली गतिविधियां जनता के विश्वास को कमजोर कर रही हैं और अशांति, सामाजिक भेदभाव एवं चिंता का कारण बन रही हैं। हालिया उदाहरण संभल में हुई घटना है। पत्र के जरिए मौलाना मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश का ध्यान आकृष्ट किया कि पूजा स्थलों से संबंधित विशेष कानून (प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991) सांप्रदायिक सद्भाव सुनिश्चित करने और पूजा स्थलों से विवादों को उत्पन्न करने पर रोक लगाने के लिए बनाया गया था ताकि बाबरी मस्जिद जैसी त्रासदी की पुनरावृत्ति न हो लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह कहना कि सर्वे इस अधिनियम के तहत मना नहीं है, ने फिर से रास्ता खोल दिया है। इसका फायदा उठाकर अलग-अलग मस्जिदों पर सर्वे की याचिका दायर की जा रही है। पत्र में मदनी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश से अपील की है कि इस बढ़ती हुई बीमारी का स्वतः संज्ञान लें और निर्णायक कार्रवाई के जरिए स्थिति की जटिलता को दूर करें। सुप्रीम कोर्ट हमेशा संविधान के संरक्षक के रूप में खड़ा रहा है, वह देश की अखंडता और उसके ताने-बाने को जोड़ने वाली लोहे की दीवार है।

### नेपोटिज्म पर खुलकर बोलीं अभिनेत्री कृति सेनन



**एक्ट्रेस** कृति सेनन ने साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'हीरोपंती' से इंडस्ट्री में कदम रखा था। वह आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में अपनी जगह बना चुकी हैं। कृति ने 'बरेली की बर्फी', 'लुका-छुपी' और 'भेड़िया' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में कृति ने पहली बार हिंदी सिनेमा में भाई-भतीजावाद (नेपोटिज्म) पर टिप्पणी की है। कृति सेनन ने हाल ही में '55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में बॉलीवुड में नेपोटिज्म पर अपनी राय व्यक्त की, जिस पर आजकल खूब चर्चा हो रही है। उनके अनुसार नेपोटिज्म के लिए केवल फिल्म इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराना सही नहीं है। कृति ने कहा कि मीडिया और दर्शक ही स्टार किड्स को लेकर चर्चा करते हैं और इसमें एक बड़ी भूमिका निभाते हैं। वह मानती हैं कि दर्शकों की दिलचस्पी स्टार किड्स के बारे में जानकारी प्राप्त करने में है और इस वजह से मीडिया इन मुद्दों को अधिक तूल देती है। इसके साथ ही कृति ने यह भी बताया कि अगर किसी के पास असल में प्रतिभा है, तो वह किसी भी परिस्थिति में सफलता हासिल कर सकता है। उनका मानना था कि अगर किसी व्यक्ति में वास्तविक कौशल है, तो वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बना ही लेगा। भले ही वह किसी फिल्मी परिवार से न हो। इस बयान से कृति ने यह संदेश देने की कोशिश की कि असली टैलेंट है तो पहचान में आ जाती है, चाहे उसकी शुरूआत किसी भी तरह से हो। एक्ट्रेस का कहना कि अगर आपका बैकग्राउंड फिल्म इंडस्ट्री में नहीं है तो आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। आप जो अवसर चाहते हैं, उसे पाने में बहुत समय लगता है।

## जाति जनगणना से सबकी भागीदारी व मतपत्रों से मतदान जरूरी: खड़गे-राहुल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संविधान दिवस के अवसर पर देश में जातीय जनगणना और आनुपातिक आरक्षण के साथ-साथ मतदान प्रणाली में मतपत्र की वापसी को आवश्यक बताते हुए कहा है कि इससे लोगों को अधिकार मिलेंगे और लोकतंत्र मजबूत होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में संविधान रक्षक अभियान-मेरी जान मेरा अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबको उनका अधिकार दिलाकर बहुसंख्यकों को न्याय देने के लिए जाति जनगणना आवश्यक है और इसके लिए कांग्रेस का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक संसद में इसे पारित नहीं कराया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को मजबूत बनाया है और उनकी संपत्ति को कई गुना बढ़ाया है। देश में सबको समान अवसर मिले, जिसकी जितनी भागीदारी है, उसको उतना हक मिले, इसके लिए जाति गणना आवश्यक है और कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार यह काम शुरू कर चुकी है।

श्री खरगे ने चुनाव प्रणाली को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला किया और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन- (ईवीएम) से नहीं, बल्कि मतपत्र से वोट दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मतपत्रों से मतदान की प्रक्रिया को पुनः लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव मतपत्र के जरिए कराये जाने चाहिए और कांग्रेस इसी प्रक्रिया से पूरे देश में



चुनाव कराना चाहती है।

श्री गांधी ने ओबीसी, आदिवासी और दलितों को उनका हक दिलाने का वादा करते हुए कहा ह्लप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने आज संसद में संविधान दिवस पर समारोह का आयोजन किया लेकिन मैं दावा करता हूं श्री मोदी ने संविधान नहीं बढ़ा है और यदि पढ़े होते तो वह कार्य नहीं करते जो कर रहे हैं। संविधान भारत की हजारों साल की सोच का परिणाम है। बुद्ध से लेकर गांधी तक जो भी महापुरुष हुए हैं, उनकी सोच हमारे संविधान की इस पुस्तक में है। हमारी सरकार जिस भी राज्य में है, वहां संविधान के अनुसार काम कर रही है। कांग्रेस का प्रमुख एजेंडा जातीय जनगणना कराना है और कांग्रेस के शासन वाली हर सरकार इस एजेंडे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा ह्लदेश में लोगों की आवाज को दबाया जा रहा है। लोगों को बोलने नहीं दिया जाता है। देश का पूरा सिस्टम दलितों, आदिवासियों को बोलने नहीं देता है और ये लोग कंपनियों में ऊंचे पद पर नहीं दिखते। देश में 200 कंपनियों की सूची बनाई जाये तो कोई भी आदिवासी या दलित शीर्ष पद पर नहीं होगा।

## इंजन सहित 23 डिब्बे पलटे कटनी-शहडोल रेलमार्ग बंद



एजेंसी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में मंगलवार को कोयला लोड मालगाड़ी डिरेल हो गई। इंजन सहित 23 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। मालगाड़ी बिलासपुर की ओर जा रही थी, तभी भनवारटंक रेलवे स्टेशन के पास हादसा हो गया। हादसे के तुरंत बाद रेलवे के कर्मचारी और अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। राहत कार्य शुरू है। मालगाड़ी के डिब्बे पलटने से ट्रैक पर कोयले का ढेर लग गया है, जिससे इस रूट से गुजरने वाली 6 ट्रेनों को रद्द किया गया है। वहीं अमरकंटक एक्सप्रेस सहित 9 का रूट डायवर्ट किया गया है। हादसे में अप और डाउन दोनों लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुई हैं। रूट पर यातायात बहाल होने में 2 से अधिक दिन लग सकते हैं। हादसे में ओएचई तार और सिग्नल के खंभे भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। हादसे में रेलवे को करोड़ों के नुकसान की आशंका है। अप और डाउन दोनों रूट पर आवागमन पूरी तरह से प्रभावित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हादसे की आवाज सुनकर वे मौके पर पहुंचे। इस दौरान मालगाड़ी के डिब्बे पलटे पड़े थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर पुलिस का कहर, मचा हाहाकार

एजेंसी

**चटगांव।** बांग्लादेश में इस्कॉन के महंत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद माहौल काफी गमार्या है। दरअसल चटगांव की एक अदालत ने मंगलवार को चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका खारिज कर उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। जमानत खारिज किए जाने के बाद दास के समर्थनों ने इसका विरोध किया है और बांग्लादेश सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। विरोध के प्रदर्शनकारियों ने अदालत परिसर में प्रिजन वैन को घेर लिया और करीब ढाई घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान हिंदू प्रदर्शनकारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने लाठीचार्ज की और साउंड ग्रेनेड भी दागे। चिन्मय कृष्ण को सुबह करीब साढ़े दस बजे अदालत में पेश किया गया था। सुनवाई के बाद दोपहर 12:20 बजे उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के



आरोप में सोमवार को उन्हें ढाका से गिरफ्तार किया गया था। जब पुलिस उन्हें प्रिजन वैन में लेकर जा रही थी, तो उनके सैकड़ों समर्थकों ने वैन को घेर लिया और सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस के बार-बार अनुरोध के बावजूद समर्थक टस से मस नहीं हुए और चिन्मय कृष्ण की रिहाई की मांग करते हुए नारेबाजी करते रहे। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस और बॉर्डर गार्ड्स ने दोपहर करीब 2:50 बजे लाठीचार्ज किया और साउंड ग्रेनेड फेंककर भीड़ को तितर-बितर किया।

इस बीच प्रदर्शनकारियों ने प्रिजन वैन के टायर की हवा निकाल दी, जिसके बाद पुलिस ने चिन्मय कृष्ण को अपनी गाड़ी में बैठाकर चटगांव जेल भेजा। चटगांव पुलिस के अतिरिक्त उपायुक्त (प्रॉसिक्यूशन) मोफिजुर रहमान ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद चिन्मय कृष्ण को जेल भेजा जा रहा था, लेकिन उनके समर्थकों ने कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की। स्थिति संभालने के लिए पुलिस को मजबूरन बल का इस्तेमाल करना पड़ा। पुलिस की इस कार्रवाई में कई लोगों के घायल होने की खबर है।